आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

सरोजनीनगर में सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा: अफसरों की रिपोर्ट ने...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस





सोमवार 27 अक्टूबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 16 www.janexpresslive.com/epaper

भारत और आसियान मिलकर करेंगे... 12

# देश आज विकास की ओर बढ़ रहा: राष्ट्रपति

## यशोदा मेडिसिटी का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन: सीएम योगी बोले, हमारे लिए यह बड़ा इंवेस्टमेंट, रक्षामंत्री ने कहा, हर कहानी की शुरुआत पीड़ा से होती

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का रविवार को उद्घाटन किया। 1200 बेड वाले इस अत्याधुनिक अस्पताल के उद्घाटन में पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह अस्पताल उत्तर भारत की नई पहचान बनेगा। डॉ.पीएन अरोड़ा ने अपनी मां के नाम पर इस अस्पताल को तैयार कर नारीशक्ति का सम्मान किया है। यह सेवा और संस्कार की मिसाल है। यहां कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के इलाज की बेहतरीन सुविधाएं हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प सरकार और देश के 140 करोड़ नागरिकों के सहयोग से ही पूरा होगा। स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन निजी संस्थानों की भूमिका भी अहम है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी उत्तर भारत में नई पहचान बनायेगा। डॉ पी एन अरोड़ा ने जो इस मेडिसिटी के बारे में जानकारी दी है। इस मेडीसिटी को उन्होंने अपनी माता जी के नाम तैयार किया है, इसके लिए भी प्रशंसा की जानी चाहिए। एक छत के नीचे आप जिस बेड पर हैं उसी बेड पर आपको सब प्रकार की मशीन भी मिल जाएगी। यह प्रदेश,देश आज विकास की ओर बढ़ रहा है।



### योगी बोले, यशोदा मेडिसिटी यूपी के लिए इन्वेस्टमेंट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु का जीवन इस बात की प्रेरणा है कि शून्य से शिखर की यात्रा कैसे की जाती है। उन्होंने कहा कि एनसीआर और प्रदेश के लिए यशोदा मेडिसिटी एक बड़ा निवेश और महत्वपूर्ण पहल है। वर्ष 2022 में डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने एमओयू साइन किया था कि हम आधुनिक सुविधाओं से लैस एक मेडिसिटी हॉस्पिटल तैयार करेंगे। इससे 5 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा। पिछले 11 वर्षों में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 42 मेडिकल कॉलेज और दो एम्स बनाए गए हैं। यशोदा मेडिसिटी ने साबित किया है कि सेवा की भावना से किया गया काम केवल इलाज नहीं देता, बल्कि उम्मीद भी जगाता है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने बताया कि 1200 बेड वाले इस अस्पताल में पहले चरण में 600 बेड के साथ संचालन शुरू किया जा रहा है। यहां कैंसर, न्यूरो, कार्डियक, ट्रॉमा आदि की सेवाएं दी जाएंगी। 8 एकड़ क्षेत्रफल में बने इस अस्पताल के उद्घाटन में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के अलावा 3 हजार के आसपास वीवीआईपी मौजूद रहे।

### हर बड़ी यात्रा व्यक्तिगत पीड़ा से शुरू होती: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गाजियाबाद में आज एक बड़ी कहानी लिखी गई है। हर बड़ी यात्रा व्यक्तिगत पीड़ा से शुरू होती है। पीएन अरोड़ा ने अपनी मां की बीमारी के दौरान जो दर्द देखा, वही उनके लिए प्रेरणा बना। आज वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अब इलाज चिंता का विषय नहीं, बल्कि सुविधा बन चुका है। आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं से इलाज आम लोगों तक पहुंच गया है। देश में अब तक 10 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या अब 800 हो गई है और मेडिकल सीटें 20 हजार से अधिक हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए नागरिकों का स्वस्थ रहना जरूरी है।

### 'हर बड़ी कहानी की शुरुआत किसी पीड़ा से'

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले – दक्षिण एशिया के लिए रोबोट सर्जरी के लिए यह एक बड़ी बात है। यशोदा मेडिसिटी रिसर्च को नई दिशा देगी। हर बड़ी कहानी की शुरुआत किसी पीड़ा के साथ होती है, यही डॉ पीएन अरोड़ा ने अनुभव किया। एक व्यक्ति के रूप में डॉक्टर पी एन अरोडा, डॉ उपासना अरोड़ा, संस्था के रूप में यशोदा सिटी समाज को स्वास्थ्य के प्रति अपना योगदान दे रहे हैं।

### बनाने में 1000 दिन लगे: प्रबंध निदेशक

यशोदा मेडिसिटी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉक्टर पी एन अरोड़ा ने कहा कि मेरी माता की यशोदा जी का देहांत 1986 में गंभीर बीमारी कैंसर से हुआ था। यशोदा मेडिसिटी को बनाने में हमने देश–विदेश की बड़ी से बड़ी एजेंसियों का सहारा लिया। प्रबंध निदेशक डॉक्टर पी एन अरोड़ा ने कहा कि इस मेडिसिटी को बनाने में पूरे 1,000 दिन लगे जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

### 1200 बेड का एनसीआर का प्रमुख हॉस्पिटल

यशोदा हॉस्पिटल 1200 बेड का एनसीआर का सबसे बड़ा प्रमुख हॉस्पिटल है। डॉ पी एन अरोड़ा इसके प्रबंध निदेशक और चेयरमैन हैं। यशोदा की गाजियाबाद के कौशांबी और इंदिरापुरम में शाखा हैं। बहुमजिला बिल्डिंग के ऊपर हेलीपैड की भी सुविधा है। जहां दिल्ली, व देश के अलग–अलग राज्यों के अलावा विदेशों से भी मरीज एयर एंबुलेंस से यहां लाए जाते हैं। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के अध्यक्ष और एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा और डॉ उपासना अरोड़ा उपस्थित रहीं।

## मन की बात का 127 वां एपिसोड: पीएम मोदी ने छठ की बधाई दी, कहा, त्योहारों में स्वदेशी वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के रेडियो शो मन की बात के 127वां एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। पीएम ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। पीएम मोदी ने मन की बात में जीएसटी बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती, रन फॉर यूनिटी जैसे विषयों पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों के दौरान जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जबरदस्त वृद्धि हुई है।



### 7 नवंबर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम का 150 वर्ष पूरे होंगे

पीएम मोदी देशवासियों से आह्वान किया कि वे 7 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष को यादगार बनाएं। उन्होंने कहा कि यह गीत हर भारतीय के दिल में भावनाओं और गर्व का संचार करता है, इसलिए आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी विरासत को आगे बढ़ाना ज़रूरी है। मोदी ने कहा कि आगामी दिनों में देशभर में 'वंदे मातरम' से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे पूरे मन से इस आयोजन में भाग लें। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि 'वंदे मातरम' पहली बार 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था, और यह गीत भारत की आज़ादी की भावना का एक अहम प्रतीक रहा है।

### छठ पर्व को लेकर लोगों को बधाई दी

पीएम ने कहा कि देश में त्योहारों का उल्लास है। कुछ दिन पहले दीवाली मनाई गई और अब छठ पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप जहां भी हैं वहीं से छठ पर्व में भाग लें। पीएम ने छठ को लेकर सभी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस अवसर पर मैंने पत्र लिखकर अपनी भावनाएं साझा की थी। कई मुद्दों पर बात की थी। लोगों का इसपर मुझे जवाब मिला। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में गर्व है। इस बार माओवादी क्षेत्रों में दिवाली की रौनक दिखी। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकास्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तो, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं।

### पीएम के संबोधन की बड़ी बातें...

**दिवाली और छठ पर्व:** मोदी बोले– कुछ दिन पहले हम सभी ने दिवाली मनाई और अब बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा में व्यस्त हैं। छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। समाज का हर वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आता है।

**ऑपरेशन सिंदूर:** ने सचमुच हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस साल उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था।

**जीएसटी बचत उत्सव:** पीएम ने बताया जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह है। इस बार त्योहारों के दौरान भी कुछ ऐसा ही सुखद देखने को मिला। बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

**छत्तीसगढ़ का गार्बेज कैफे:** पीएम ने अंबिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनूठी पहल शुरू करने के बारे में बताया। अंबिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं, जहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना परोसा जाता है।

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती:** सरदार पटेल आधुनिक समय में देश के सबसे महान व्यक्तियों में से एक रहे हैं। गांधीजी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया। मैं आग्रह करता हूं कि 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर हो रही रन फॉर यूनिटी में भाग लें, और अकेले ही नहीं, बल्कि दूसरों के साथ भी भाग लें।

### बेंगलुरु के इंजीनियर की तारीफ की

पीएम ने कहा कि बेंगलुरु में इंजीनियर कपिल शर्मा ने 6 झीलों और 40 कुओं को साफ कर दोबारा जिंदा किया। स्वच्छता को लेकर लोगों में काफी जागरूकता देखने को मिल रही है। पीएम ने कपिल शर्मा को धन्यवाद भी कहा। समंदर के किनारे मैंग्रूव को ज्यादा से ज्यादा लगाने की पीएम ने अपील की। उन्होंने कहा कि ये मैंग्रोव हमें सुनामी और अन्य आपदाओं से बचाते हैं। अहमदाबाद के धोलेरा तट पर साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में इसे लगाया गया। मछली पालकों को भी इससे फायदा हो रहा है। जलीय जीव में भी इससे बढ़ोत्तरी देखने को मिली।

## चित्रकूट में थानों की बोली लगी! बदले थानेदार, नहीं बदला सिस्टम

- **भ्रष्टाचार का खुला खेल:** ग्रामीण बोले, थाने बिक रहे हैं, न्याय नहीं मिल रहा

जन एक्सप्रेस। हेमनारायण हेम

**चित्रकूट।** चित्रकूट जनपद में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि अब थानों में कानून नहीं, रुपयों की गूंज सुनाई देती है। सूत्रों की मानें तो हाल ही में थानेदारों के तबादले के साथ ही पैसे के लेनदेन के ÷रेट÷ भी बदल गए हैं। यानी थाना बदला, मगर सिस्टम वहीं का वहीं है सड़ा हुआ और रिश्वतखोरी से लथपथ।

### थाना बिकाऊ है: ग्रामीणों का आरोप

गांव-गांव में चर्चा है कि चित्रकूट के थानों में खुलेआम दलाली हो रही है। गरीब आदमी थाने के चक्कर काटते-काटते चप्पलें घिसा लेता है, लेकिन न्याय फिर भी नहीं मिलता। ग्रामीणों का कहना है कि थानेदार बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुका, बल्कि अब तो रेट लिस्ट नई हो गई है।

### जनप्रतिनिधियों पर भी गंभीर सवाल

चित्रकूट के जनप्रतिनिधियों पर भी जनता का गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का कहना है जो खुद गैरकानूनी कारोबार में लिप्त हैं, वो भला भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे लगाएंगे? आज तक किसी विधायक या सांसद ने थानों में बढ़ती घूसखोरी पर आवाज नहीं उठाई। ना किसी ने ट्रेज़री घोटाले पर सवाल किया, ना पुलिस विभाग की लूट पर बयान दिया।

### सोशल मीडिया पर नहीं दिखती हिम्मत

जनता का कहना है, हमने जिन्हें नेता चुना, वो हमारी आवाज बनने के बजाय अपने व्यापार की ढाल बने बैठे हैं। कोई नेता सोशल मीडिया पर नहीं कहता कि भ्रष्टाचार बंद करोज बस अपने धंधे में आंच न आए यही चिंता है।

### युवाओं का आह्वान, अब बहिष्कार का वक्त आ गया

चित्रकूट के युवा अब जाग रहे हैं। वे कह रहे हैं कि अब ÷ऐसे नेताओं का बहिष्कार जरूरी है जो जनता की नहीं, अपने व्यापार की राजनीति करते हैं। अगर यही हाल रहा, तो जनता का सब्र का बांध टूटना तय है।

## मुंबई के व्यापारी का 1 करोड़ लेकर फरार कर्मचारी मानिकपुर में पकड़ा, 80 लाख रुपये बरामद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिले के मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने मुंबई के एक सोने के व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारी को लाखों की नगदी के साथ ट्रेन से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान किशोर मिस्त्री पुत्र हरी पदों, निवासी ग्राम गोपालपुर, जिला पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 80 लाख 1 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, किशोर महाराष्ट्र के एक सोने के व्यापारी के यहां पिछले 30 सालों से गोल्ड डिजाइनिंग का काम करता था। बताया जा रहा है कि 23 अक्टूबर को वह व्यापारी से गोल्ड लेने के बहाने 1 करोड़ रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। जब व्यापारी को संदेह हुआ, तो उसने एल.टी. मार्ग थाना, मुंबई में रिपोर्ट दर्ज कराई। महाराष्ट्र पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की, जिसमें आरोपी पहले शिरडी और फिर नासिक पहुंचा दिखाई दिया। इसके बाद उसने जनरल टिकट लेकर मुंबई-हावड़ा मेल ट्रेन से यात्रा शुरू की। सूचना मिलने पर सतना जीआरपी को सतर्क किया गया, लेकिन आरोपी वहां से बच निकला। इसके बाद मानिकपुर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने ट्रेन की तलाशी के दौरान आरोपी को पकड़ लिया। जांच में उसके पास से 80 लाख 1 हजार 500 रुपये नकद बरामद हुए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद रकम सहित महाराष्ट्र पुलिस की एल.टी. मार्ग टीम को सौंप दिया है।



## यूपी: प्रदेश में बढ़ सकती हैं बिजली दरें, उपभोक्ता परिषद ने लगाया साजिश का आरोप

- वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लगभग 4,000 करोड़ का सरप्लस होने की संभावना है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि पॉवर कॉर्पोरेशन के कुछ अधिकारी इस वर्ष बिजली दर बढ़ाने की साजिश रच रहे हैं। वे गलत आंकड़ों के आधार पर विद्युत नियामक आयोग पर दबाव बना रहे हैं। इसके जरिये वे सरकार की छवि प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस वर्ष भी बिजली दरें न बढ़ने दें। प्रदेश के सभी बिजली निगमों की ओर से पॉवर कॉर्पोरेशन विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव दाखिल किया। इस पर सभी निगमों मे सुनवाई हो चुकी है। नियमानुसार एआरआर दाखिल होने के 120 दिन में बिजली दरें निर्धारित होनी चाहिए, लेकिन 165 दिन बाद भी बिजली दरें घोषित नहीं की गई हैं। ऐसे में राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग मिलकर बिजली दर बढ़ाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों और पावर कॉर्पोरेशन पर उपभोक्ताओं का लगभग 33122 करोड़ सरप्लस है। इसके बाद भी 28 से 45 फीसदी बिजली दर बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लगभग 4,000 करोड़ का सरप्लस होने की संभावना है। ऐसे में कानून के तहत बिजली दरें नहीं बढ़ाई जा सकती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बिजली दर बढ़ाने के लिए तैयार किए गए गलत आंकड़ों का विवरण भी भेजा है।

## रिखणीखाल की वीर भूमि पर गूँजा देशभक्ति का जयघोष, धामी ने किया शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित

- रिखणीखाल में हुई घोषणाओं की बौछार, धामी ने 102.82 करोड़ के लोकार्पण-शिलान्यास की दी सौगात
- धामी ने किया वीर नारियों व शहीद परिजनों को किया सम्मानित, पौड़ी के दूरस्थ क्षेत्र से सुनी मन की बात

जन एक्सप्रेस। पौड़ी

पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल में आयोजित शहीद स्मरण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 102.82 करोड़ रुपये की लागत से संबंधित 11 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 56.58 करोड़ रुपये की लागत की 06 योजनाओं का लोकार्पण तथा 46.24 करोड़ रुपये की लागत की 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा पहाड़ी परंपरा के अनुरूप ओखली में धान की कुटाई, सिलबट्टे पर चटनी पीसने और मट्ठा बिलोने की गतिविधियों में सहभागिता की।

कार्यक्रम के संयोजक एवं स्थानीय विधायक महंत दिलीप रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें पारंपरिक गदा भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीर नारियों, शहीदों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सभी शहीदों को सामूहिक श्रद्धांजलि देने का क्षण है। उत्तराखंड के वीर सैनिकों ने सदैव भारत माता को गर्वित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगभग हर घर का कोई न कोई सदस्य सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़ा है। राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को रूपए 10 लाख से बढ़ाकर रुपए 50 लाख कर दिया गया है। साथ ही परमवीर चक्र तथा अन्य पुरस्कार विजेताओं की पुरस्कार राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा कि शहीदों के अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार की सहायता राशि दी जा रही है। सैनिकों को भूमि खरीद पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी के रूप में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शहीदों के परिजनों को सरकारी सेवा में संयोजन के तहत 28 परिजनों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा 13 मामलों की प्रक्रिया प्रचलित है। पूर्व में आवेदन हेतु 02 वर्ष का समय सीमा थी, जिसे बढ़ाकर 05 वर्ष कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रवाद और जातिवाद से ऊपर उठकर विकास के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने लैंड जिहाद, धर्मांतरण, दंगा विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), ऑपरेशन कालनेमि और नकल विरोधी कानून जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे राज्य में सुशासन की स्थापना हो रही है। कार्यक्रम के संयोजक एवं स्थानीय विधायक महंत दिलीप रावत ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम से राज्य का गौरव बढ़ा है। शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी सैन्य धाम के लिए ले जाने हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने शहीदों, वीर नारियों, गौरव सेनानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में एडम बटालियन कमांडर कर्नल मंजुल कफल्टिया ने कहा कि भारतीय सेना सदैव शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने अपील की कि किसी भी समस्या के समाधान हेतु परिजन गढ़वाल राइफल्स केंद्र, लैंसडाउन से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग पं. राजेंद्र अण्थवाल, जिला पंचायत सदस्य अनूप पटवाल, ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेणु रावत, प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सजवाण, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अध्यक्ष भाजपा कोटद्वार राज गौरव नौटियाल, कैप्टन मनवर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में शहीद परिजन, सैनिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।



### अमर शहीदों के नाम पर स्थानीय मोटर मार्गों के नाम करने की घोषणा की

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल का नाम श्री गुणानंद के नाम पर रखने की घोषणा, विकासखंड रिखणीखाल में दलमोटा से बल्ली तक का मिलान कार्य, विकास खण्ड रिखणीखाल में प्रेक्षागृह का निर्माण, विकास खण्ड रिखणीखाल में लो0नि0वि0 अतिथि गृह व हैलीपैड निर्माण कार्य, विकास खण्ड जयहरीखाल में न्याय पंचायत मेरूड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, विकास खण्ड रिखणीखाल के मंदाल नदी से नौदानू में पम्पिंग योजना निर्माण, विकास खण्ड जयहरीखाल में पशु सेवा केन्द्र सिलवाड़, जयहरीखाल पशु चिकित्सालय का उच्चीकरण एवं पशु सेवा केन्द्र ढौंटियाल पशुधन प्रसार अधिकारी पद सहित ग्राम सत्तीचौड़ में स्थापना, विधान सभा लैन्सडौन के अन्तर्गत विकास खण्ड रिखणीखाल में मन्दाल नदी पर बाढ सुरक्षा कार्य, विकास खण्ड रिखणीखाल में चौलूडांडा पम्पिंग योजना निर्माण, विकास खण्ड नैनीडांडा के भौन में पम्पिंग योजना का निर्माण, विकास खण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत दिगोलीखाल पम्पिंग योजना का निर्माण, विकासखंड द्वारीखाल में सिमडी कंडली मोटर मार्ग के प्रथम बैंड से सेरा फरसैंगाल तक मोटर मार्ग का निर्माण, विकासखंड रिखणीखाल में कठवाडा खनसुली खनेताखाल मोटर मार्ग से ढाबखाल बुलेखा मोटर मार्ग तक मिलान कार्य, सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिखणीखाल में डॉक्टरों नियुक्ति तथा विकासखंड रिखणीखाल के अंतर्गत अमर शहीदों के नाम पर स्थानीय मोटर मार्गों के नाम करने की घोषणा की।

# छात्र–छात्राएं खेल के क्षेत्र में बना सकते हैं अपना कैरियर : भैरो प्रसाद मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इण्टर कॉलेज में रविवार को तीन दिवसीय 26वें मंडलीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। मण्डलीय खेलकूद समारोह के शुभारंभ अवसर पर खेल टीमों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। जिसमें सीआईसी के एनसीसी का घोषदल आकर्षण का केंद्र रहा। बालिकाओं ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महोबा की बालिकाओं ने विशेष प्रस्तुति के रूप में दिवारी नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने मंडलीय ध्वज फहराकर और 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया। पहले दिन की खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में चित्रकूट का दबदबा रहा। दूसरे नम्बर पर बांदा, तीसरे पर महोबा और चैथे पर हमीरपुर का रुझान रहा।



खेलकूद समारोह के प्रथम दिन सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि खेलकूद का विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्व है। वर्तमान में युवा खेलकूद के क्षेत्र में अपना कैरियर बना रहे है और नाम रोशन कर रहे है। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि इस मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में बांदा, चित्रकूट, महोबा व हमीरपुर जनपद के लगभग 400 बालक-बालिका प्रतिभाग करने आए हैं। यह प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रदेश स्तरीय खेलकूद रैली में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी शिक्षकों व निर्णायकों से कहा कि मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में पूरी ईमानदारी के साथ खिलाड़ियों का चयन करें, इसमें किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक लालमन ने उद्घाटन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मइयादीन पटेल व हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं का संचालन व्यायाम शिक्षक श्रीकेशन, प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, श्याम सुंदर यादव आदि द्वारा सफलतापूर्वक संपादित कराया गया।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे, विद्यालयों के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय, सीताराम सिंह, डॉ राजीव पाठक, सियाराम द्विवेदी, जेपी मिश्रा, दिनेश मिश्रा, शशिकला, कल्पना राजपूत, रुद्र नारायण पांडेय, डॉ रमेश कुमार सिंह, फूलचंद चंद्रवंशी, बाबूलाल अहिरवार, रामबचन सिंह, डॉ प्रदीप सिंह, अजय शर्मा, जयशंकर प्रसाद ओझा, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, वीरेंद्र शुक्ला, विवेक तिवारी, डॉ आलोक शुक्ला, तीरथ कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने चलाया चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक/असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 26अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पुलिस उपाधीक्षक पीयूष कुमार पाण्डेय व यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म (Black Film / Tinted Glass) के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म (Black Film /Tinted Glass) का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई। साथ ही साथ बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। आज अभियान के दौरान कुल 04 चारपहिया वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई और कुल 50 हजार रुपए का चालान करते हुई कड़ी चेतावनी दी गई।

# मोरम माफिया प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन कर नियम कानूनों की उड़ा रहे हैं खुलेआम धज्जियां

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती, जबकि खनन निदेशक माला श्रीवास्तव की रोक के बावजूद खनन माफिया बेखौफ होकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन कर, एक तरफ तो एनजीटी के नियमों की खुलेआम उड़ा रहे हैं धज्जियाँ, जबकि दूसरी तरफ शासन प्रशासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, **जी हाँ!** एसा ही ताजा मामला हमीरपुर की सरीला तहसील के इछौरा झिटकिरी के खण्ड-- 25/9 --पहलवान ट्रेडर्स में देखने को मिला। जिसमें एक नहीं बल्कि आधा दर्जन प्रतिबंधित भारी भरकम पोकलैण्ड मशीनों से नियम कानूनों को ताख पर रखकर किया जा रहा है मोरम का अवैध खनन। जबकि तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने पिछले दिनों खनन पट्टाधारकों के साथ एक जरुरी बैठक कर उन्हें नियमानुसार खनन करने की सख्त हिदायत दी थी, वही अवैध खनन और अवैध परिवहन न करने की भी हिदायत थी, लेकिन इसके बावजूद खण्ड संचालक बेखौफ होकर एनजीटी के नियम और कानूनों को ताख पर रखकर,जबकि शासन प्रशासन को धता बताकर खुलेआम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से कर रहे हैं मोरम का अवैध खनन। वही शासन प्रशासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना।







# चित्रकूट से रामेश्वरम, श्रीलंका होते अयोध्या पहुंचेगी राम वन गमन भारत गौरव यात्रा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विश्व को प्रभु राम के जीवन की लीलाओं के माध्यम से आम जन को राम वनगमन भारत गौरव यात्रा सत्य प्रेम और करुणा का पाठ पढ़ाएगी। प्रख्यात राम कथा वाचक संत मोरारी बापू की पहल पर राम वन गमन भारत गौरव यात्रा के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन चित्रकूट से रवाना की गई।

संत मोरारी बापू ने हरी झंडी दिखाकर विशेष ट्रेन को रवाना किया। यह यात्रा उन स्थानों से होकर गुजरेगी, जहां पर श्रीराम के पग पड़े थे। वहीं पर श्रीराम कथा भी होगी। चार नवंबर को आठ हजार किमी का सफर तय कर 11वें दिन श्रीलंका से अयोध्या पहुंचेगी, जहां पर इस यात्रा का समापन होगा।

कार्यक्रम में संत मोरारी बापू ने कहा कि यह यात्रा आध्यात्मिक व अंर्तमन से निकाली गई है। इसका निर्विकार भाव है बस एक ही भावना है कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व का कल्याण हो।

कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की रचना राम कथा मंदाकिनी चित्रकूट चित चारु...से ही प्रेरित होकर यह यात्रा चित्रकूट से शुरु हुई है। चित्रकूट कोई घूमने या प्रवास की भूमि नहीं बल्कि तप की भूमि है। यह यात्रा विश्व के कल्याण के लिए ही निकली है।आज भी बहुत से लोगों को यह पता नहीं है कि भगवान श्रीराम किस-किस जगह गए हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए भगवान श्रीराम के प्रति संदेश देने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें भारत व हर राज्य सरकार के साथ रेलवे व संतों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

कार्यक्रम में मप्र के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि भगवान राम देश के प्राण हैं। जबतक अयोध्या में मंदिर नहीं बना था तो विश्व में भारत का सिर नीचा रहता था अब गर्व से सिर ऊंचा रहता है। वाराणसी के जगदगुरु सतुआ बाबा, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, आयोजक मदन कुमार, रामहृदयदास, आईआर सीटीसी की ग्रुप जनरल मैनेजर प्रर्मिला गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार, रूपेश व्यास आदि मौजूद रहे।

# परमात्मा की इच्छा के बिना नहीं हिल सकता पत्ता : शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के बल्दाऊ गंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य अनुराग शास्त्री महराज ने कहा कि विधि के विधान को टाला नहीं जा सकता। भगवान श्रीकृष्ण सर्व सार्मथ्यवान ईश्वर होते हुए भी अपने सगे भांजे अभिमन्यु को नहीं बचा पाए। इसलिए जीव को प्रारब्ध की नियतियों को हंसकर भोगना चाहिए।

कहा कि इस संसार में ईश्वर की इच्छा अकाट्य है। उस परमात्मा के बिना एक भी पत्ता हिल नहीं सकता। प्रारब्ध की नियतियों को जीव को हंसकर भोगना चाहिए। भागवत कथा व्यक्ति को निर्भयता प्रदान कराती है तथा निःसंदेहता को मिटाकर हृदय में प्रभु का साक्षात्कार कराती है। कहा कि जब कभी मन व्यथित हो तब द्रौपदी, कुंती, सुभद्रा, उत्तरा का प्रसंग स्मरण कर लेना चाहिए कि ऐसी महान भक्तों के जीवन में भी संकट आया था, जिनके पास स्वयं भगवान कृष्ण सदैव रहते थे। उन्होंने पांडव चरित्र, विदुर चरित्र, भीष्म कथा, शुक संवाद आदि की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि आकृति (आकूति) और रुचि प्रजापति से यज्ञ एवं दक्षिणा दो संतानें उत्पन्न हुईं। यज्ञ की पत्नी देवहुति से नौ कन्याएँ जन्मीं, जो साक्षात नवधा भक्ति स्वरूपा थीं। इन्हीं से सृष्टि का विस्तार हुआ। देवहुति को एक पुत्र भगवान कपिल का भी प्रादुर्भाव हुआ। जिन्होंने अपनी माता को ज्ञान एवं भक्ति से ओत-प्रोत पावन उपदेश दिए और अंततः गंगासागर में प्रवेश कर गए। कपिल मुनि के इस दिव्य कार्य के कारण गंगासागर को अत्यंत पवित्र स्थल माना गया है। जिसका एक दर्शन ही जीवन को सफल बना देता है। कथा के बाद आरती की गई तथा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, समाजसेवी राजकुमार याज्ञिक, व्यापारी नेता लक्ष्मी केसरवानी, छोटू बढ़गइयां, सोनू केसरवानी, अखिलेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, मुख्य यजमान राम आसरे श्रीवास्तव, सावित्री श्रीवास्तव सहित आदि मौजूद रहे।

# ‘मिशन शक्ति 5.0’ : समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर चलाया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 26अक्टूबर को थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा छनेरा लालपुर गांव, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम शेरपुर व थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम शिकाहुला में चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया गया। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न




कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं।ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं। यूपीआई स्कैम (UPI Scam) जिसमें यूपीआई पेमेंट लिंक या **क्यूआर** कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा ली जाती है। सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाए जाते हैं। फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है। फिशिंग ईमेल्स (Phishing Emails) जिसमें आकर्षक ऑफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी जुटाई जाती है आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें। साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या साइबर हेल्पलाइन नम्बर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

# थाना चिल्ला मिशन शक्ति पुलिस टीम ने गुम हुयी 02 बच्चियों के परिजनों को पता लगाकर सकुशल पहुंचाया घर




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में **ऑपरेशन मुस्कान** के क्रम में दिनांक 26अक्टूबर को थाना चिल्ला मिशन शक्ति पुलिस टीम व पीआरवी 5466 द्वारा गुम हुयी 02 बच्चियों के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 25/26 अक्टूबर की रात्रि को कस्बा चिल्ला में भ्रमणशील मिशन शक्ति टीम व पीआरवी 5466 को कस्बा चिल्ला में 02 बच्चियां जो घर से नाराज होकर निकल आई थी, भटकती हुयी मिली। जिस पर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित रुप से कार्यवाही करते बच्चियों की पहिचान कर परिजनों को बुलाकर काउसंलिग के बाद सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया। टीम का विवरण-महिला उप निरीक्षक ज्योत्सना नायक मय टीम।

# कमर को तनाव और रोग मुक्त रखती है कटि शक्ति विकासक योग क्रिया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि कटि (कमर) रीढ़ की हड्डी का आधार है, इनके स्वस्थ रहने से मन प्रसन्न और उत्साह से भरा रहता है, जिससे होने वाले दैनिक कार्य ठीक से संपन्न हो पाते हैं। उन्होंने कटि शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया श्रृंखला की पांचवी और अंति योग क्रिया का अभ्यास कराया।

कटि शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया श्रृंखला की अंतिम योग क्रिया का अभ्यास कराते हुए योगाचार्य ने बताया कि इससे रीढ़ की बेहतरीन मसाज होती है। जिससे रीढ़ और कमर की समस्त बीमारियां ठीक हो जाती हैं। साथ ही कमर सुंदर, सुडौल, पतली और पुष्ट बनती है। इसके साथ ही कमर दर्द दूर होता है। यह नृत्य कलाकारों के लिए यह बहुत ही उपयोगी क्रिया है, जो शरीर को कांति युक्त तथा फुर्तीला बनाती है। इससे शरीर की गतिशीलता में सुधार होता है, मांसपेशियों फैलती हैं, रक्त परिसंचरण में सुधार आता है तथा तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। पेट के अंगों को उत्तेजित करके पाचन और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। बताया कि इसे करने के लिए दोनों पैरों के बीच एक फिट की दूरी रखते हुए दोनों हाथ सीने के सामने सीने की चैड़ाई के बराबर दूरी करके खड़े होते हैं। इसके बाद अर्द्ध चंद्राकार स्थिति में दोनों हाथों को दाईं ओर से सांस छोड़ते हुए पीठ पीछे ले जाते हैं। इस दौरान दृष्टि हाथों के साथ रखते है तथा सांस भरते हुए दोनों हाथ सीने के सामने लाते हैं और बाईं ओर से दोनों हाथ सांस छोड़ते हुए दृष्टि के साथ पीठ पीछे ले जाते हैं। इस क्रिया को दोनों तरफ से 10-10 बार दोहराते हैं। अंत में शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर कमर की गंभीर परेशानी में योग शिक्षक की देखरेख में करें।

**समारोह**

## ज़रूरतमंदों के मददगार (मसीहा) सम्मान से नवाजा गया

# सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने रोटी बैंक टीम को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रविवार को रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक जनाब शेख़ सादी जमा साहब और सह संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज की उपस्थिति में, बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़्वान अली, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी का 8वां कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन होटल तुल्सी स्वरूप में किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्लू सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष भाजपा, राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष न0पा0, संदीप केला नगर मजिस्ट्रेट, पुरुषोत्तम गुप्ता प्रतिनिधि सांसद बाँदा-चित्रकूट, रजत सेठ प्रतिनिधि विधायक सदर बाँदा, डॉ0शबाना रफीक, इंजीनियर अरुणेश सिंह, डॉ0प्रदीप सिंह, डॉ0किशुन कुमार मुख्य चिकित्साधीक्षक, डॉ0दीपाली गुप्ता प्राचार्य महिला डिग्री कॉलेज, डॉ0 शबीहा रहमानी प्रवक्ता महिला डिग्री कॉलेज, डॉ0ऊषा, डॉ0नमरा शीराज़, मनोज शिवहरे स्टेशन अधीक्षक, शिवबाबू प्रभारी थाना जी0आर पी0 रेलवे, मक़बूल अली प्रबंधक पैरा मेडिकल कालेज, वाजिद अली जिलाध्यक्ष ए0आई0एम0आई एम0, फरहतुल्ला खान संचालक होटल कम्फर्ट इन, शोएब रिज़्वी, अनिल गुप्ता छोटे, कमल सिंह यादव, राशिद अहमद डी0ई0ओ0 जिला विधिक सेवा, संजीव निगम नीलू, तुलसीदास श्रीवास पूर्व अध्यक्ष दीवानी न्यायालय आदि ने इस कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सभी कार्यकर्ताओं को



सम्मानित करते हुए माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके इस कार्य की सराहना की और हौसला बढ़ाने का कार्य किया।उक्त समारोह में सभी उपस्थित जनों ने रोटी बैंक की प्रगति के विषय में अपने अपने विचार साझा किए।

वहीं कल्लू सिंह राजपूत ने अपने उदबोधन में कहा कि मैं बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी को विगत कई वर्षो से निरंतर गरीबों की मदद हर तरह से निःस्वार्थ भाव से करती है, संदीप केला नगर मजिस्ट्रेट बाँदा ने कहा कि मैं जब से बाँदा आया हूँ मैं इनके नेक कार्यों को निरंतर देखता आ रहा हूँ वहीं अरुणेश सिंह, राजकुमार राज, डॉ0दीपाली गुप्ता, डॉ0सबीहा रहमानी, डॉ0 शबाना रफीक ने रोटी बैंक के द्वारा ज़रूरतमंदों की मदद के कार्यो की सराहना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अंत में मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी विधायक सदर बाँदा ने अपने उदबोधन में कहा कि मैं रोटी बैंक के कार्यों को हमेशा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से देखा करता हूँ कि उनकी पूरी टीम दिनरात मेहनत कर गरीबों की मदद करती है चाहे वह भोजन की हो,कपड़ों की हो,गरीब लड़कियों की शादी की हो,टी0बी0मरीज़ों की मदद की हो या कोई भी पर्व किसी भी समुदाय का हो सभी जगह मदद करने का कार्य करते हैं इनके कार्य अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में संरक्षक शेख़ सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज, अध्यक्ष रिज़्वान अली, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने आए हुए सभी सम्मानित अतिथिगणों और रोटी बैंक के पदाधिकारियों सदस्यों आदि का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन संजय ककोनिया प्रवक्ता रोटी बैंक अंसार अहमद सिद्दीकी समाजसेवी के द्वारा किया गया।



**महाराष्ट्र डॉक्टर आत्महत्या केस फरार सब...**

महाराष्ट्र की महिला डॉक्टर सुसाइड केस में शनिवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि फरार सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने ने शनिवार शाम फलटण ग्रामीण पुलिस थाने में सरेंडर किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। इससे पहले शनिवार...

पढ़ें पेज 12 पर...

# सरोजनीनगर में सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा


## अफसरों की रिपोर्ट ने जवाब नहीं, बल्कि और बढ़ाए सवाल

- आईजीआरएस शिकायत पर आई तहसीली रिपोर्ट ने अवैध कब्ज़े को 'पुराना निर्माण' बताकर ठंडे बस्ते में डाला
- ग्राम सरोसा भरोसा में राजकीय भूमि को अकृषिक दिखाकर बिकी ज़मीन, राजस्व अफसरों की मिलीभगत उजागर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लेखपाल धर्मेन्द्र कुमार सिंह



कार्यालय का नाम- तहसील सरोजनीनगर, जनपद लखनऊ।

सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम सरोसा भरोसा की सरकारी ज़मीन पर वर्षों से चल रहे कब्ज़े और अवैध निर्माण को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत (संदर्भ संख्या 40015725096830) पर आखिरकार तहसीली रिपोर्ट सामने आई है। शिकायतकर्ता नीरज कुमार यादव ने गाटा संख्या 680 (रकबा 0.207 हे0) पर अवैध कब्ज़ा और बिक्री की शिकायत की थी। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में राज्य सरकार के नाम 'खलिहान' के रूप में दर्ज है। रिपोर्ट आने के बाद उम्मीद थी कि सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन रिपोर्ट ने उलटे सवाल और गहरे कर दिए – सरकारी ज़मीन अब भी कब्ज़े में है और अफसर सिर्फ फाइलों में सक्रिय हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भूमि से जुड़े कई मुकदमे राजस्व न्यायालयों में लंबित हैं – जिनमें नाहिदा बानो, मेह्नाज सिद्दीकी और सरिता सिंह बनाम राज्य सरकार जैसे मामले शामिल हैं। अगली सुनवाई अक्टूबर और दिसंबर 2025 में निर्धारित है। प्रशासन ने इन्हीं लंबित वादों को बहाना बनाकर कार्रवाई टाल दी। लेकिन जनसवाल है – क्या अदालत में वाद लंबित होने का मतलब यह है कि सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा वैध हो जाता है? प्रशासन की यह चुप्पी मिलीभगत की बू दे रही है।

### पुराना कब्ज़ा बन गया ढाल, कार्रवाई गायब

जांच अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी रिपोर्ट में यह स्वीकार तो किया कि भूमि राज्य सरकार की है, मगर साथ ही यह भी लिखा कि इस पर राज्य सरकार घोषित होने से पूर्व का निर्माण (बाउंड्री व मकान) मौजूद है, और फिलहाल कोई नया निर्माण नहीं हो रहा। यानी तहसील प्रशासन ने खुद कब्ज़ा मानते हुए भी कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया। सवाल यह है कि यदि निर्माण पुराने हैं, तो वर्षों में इन्हें हटाने का आदेश क्यों नहीं हुआ? क्या अब सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा तब तक अपराध नहीं जब तक कोई नई ईंट न रखी जाए?

### 'खलिहान' से 'प्लॉटिंग' तक– मिलीभगत का खुला खेल

सरोसा भरोसा में कई ज़मीनें जो कभी साझा उपयोग की 'खलिहान' थीं, अब कुछ प्रभावशाली लोगों के कब्ज़े में निजी संपत्ति बन चुकी हैं। सूत्र बताते हैं कि कुछ लेखपालों और राजस्व अधिकारियों ने प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर इन जमीनों को अकृषिक घोषित कराया, फिर धीरे-धीरे बैनामा कर दिए। एलडीए और तहसील प्रशासन दोनों ने चुप्पी साध ली। ग्रामवासी सवाल कर रहे हैं जब मास्टर प्लान के तहत बिना अनुमति विक्रय अवैध है, तो फिर राजस्व महकमा आँखें क्यों मूँद रहा है?

### मुख्यमंत्री से जांच की मांग, जवाबदेही का समय

ग्रामवासियों ने मांग की है कि गाटा 680 और 695 की पूरी प्रक्रिया – कब्ज़े से लेकर नामांतरण तक – की जांच राजस्व परिषद या सतर्कता विभाग से कराई जाए। यदि आदेश अवैध या फर्जी पाए जाएँ, तो भूमि तत्काल राजकीय घोषित कर जिम्मेदार अफसरों पर मुकदमा दर्ज हो। जनता का कहना है कि यह सिर्फ एक प्लॉट नहीं, बल्कि सरकारी ज़मीनों को निजी संपत्ति में बदलने की साज़िश है। अब जनता पूछ रही है क्या लखनऊ में कानून केवल फाइलों में जिंदा है, ज़मीन पर नहीं?

### धारा 80 के सहारे ज़मीन का खेल, नियमों की धज्जियाँ

इसी गाँव की एक और कहानी गाटा संख्या 695 (रकबा 0.215 हे0) की है। पहले कृषिक भूमि रही इस ज़मीन को 11 जून 2021 को धारा 80 के तहत अकृषिक घोषित कर दिया गया। आदेश में साफ लिखा था कि पाँच वर्ष में गैर-कृषिक गतिविधि शुरू न होने पर अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी – पर महज दो साल बाद ही भूमि का टुकड़ा बेच दिया गया। तहसीलदार न्यायिक ने 2 जून 2023 को नामांतरण भी कर दिया। सवाल है – जब कोई गैर-कृषिक उपयोग शुरू ही नहीं हुआ, तो विक्रय की अनुमति किस आधार पर दी गई? क्या यह खुला उल्लंघन नहीं?

# मुथूट फाइनेंस द्वारा मरूफपुर ग्राम में 12 सोलर स्ट्रीट लाइट्स का लोकार्पण

- ग्रामीण विकास और हरित ऊर्जा की दिशा में एक सराहनीय पहल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



**बाराबंकी।** मुथूट फाइनेंस लिमिटेड के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिवेदीगंज ब्लॉक के मरूफपुर ग्राम में 12 सोलर स्ट्रीट लाइट्स का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश रावत, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा बाराबंकी तथा विशिष्ट अतिथि अम्बर सेठ, जिला पंचायत सदस्य, वीर पाल सिंह, प्रांत संयोजक गो सेवा, आर.एस.एस. एवं हाई कोर्ट के सरकारी अधिवक्ता, अनिल कुमार, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक (लखनऊ), राजेश वर्मा, ग्राम प्रधान, एवं श्री चंद्र प्रकाश सिंह, समाजसेवी की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंच संचालन के दौरान राकेश मेहरा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि मुथूट फाइनेंस सदैव यह मानता है कि समाज से जो मिला है, उसे समाज को लौटाना हमारी जिम्मेदारी है। यह सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजना केवल रोशनी देने का कार्य नहीं करती, बल्कि यह सुरक्षा, सुविधा और सम्मान देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने आगे बताया कि यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। इससे पूर्व मुथूट फाइनेंस द्वारा हरदोई जनपद में भी 20 सोलर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की जा चुकी हैं। मुथूट फाइनेंस, जो देश की नंबर 1 गोल्ड लोन कंपनी और भारत का सबसे विश्वसनीय वित्तीय ब्रांड है, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्यरत है। श्री मेहरा ने बताया कि संस्था अपने सीएसआर के तहत 'मुथूट स्मार्ट आंगनवाड़ी', 'मुथूट स्मार्ट कंप्यूटर क्लासरूम', 'मुथूट स्मार्ट क्लासरूम', 'मुथूट विवाह सम्मानम', 'मुथूट आशियाना' तथा किडनी रोगियों के लिए मुथूट स्नेहस्त्रिया मोबाइल वैन जैसी कई समाजोपयोगी पहलों को आगे बढ़ा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में मुथूट फाइनेंस उच्च शिक्षा के छात्रों के साथ-साथ कक्षा 8वीं और 9वीं के मेधावी विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो और वे अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम के अंत में श्री मेहरा ने ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इन सोलर लाइट्स का संरक्षण करें और इसे अपने गांव के गौरव के रूप में देखें। मुथूट फाइनेंस भविष्य में भी समाजहित के कार्यों में सदैव अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम का समापन जय हिंद, जय भारत के उद्घोष के साथ हुआ।

# फर्जी रिपोर्टों का कारोबार: झोलाछापों का साम्राज्य, विभाग की नींद गहरी

- कोथावां में बिना लाइसेंस जांच का धंधा चरम पर, तीन साल की मासूम की रिपोर्ट ने उघाड़ी मौत के कारोबार की परतें
- झोलाछापों के भरोसे चल रहा 'मौत का डायग्नोसिस' तीन साल की बच्ची पर विभाग की बेरुख़ी का तमाचा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ





कोथावां ब्लॉक का स्वास्थ्य तंत्र आज बीमार ही नहीं, बल्कि बेहिस हो चुका है। संडीला रोड स्थित शिव डायग्नोस्टिक सेंटर की रिपोर्ट ने तीन साल की मासूम आरती (बदला हुआ नाम) के ज़रिए इस घिनौने कारोबार की पोल खोल दी है। रिपोर्ट में संक्रमण के गंभीर संकेत – डब्ल्यूबीसी 24,000 और हीमोग्लोबिन मात्र 10 ग्राम प्रतिशत दर्ज हैं। परिवार सहमा हुआ है, पर विभाग के अफसर अब भी कागज़ों की फाइलों में इलाज खोज रहे हैं। सवाल है – आखिर कितनी ज़िंदगियों की कीमत पर खुलेआम फर्जी रिपोर्टों का धंधा चलता रहेगा? कोथावां सीएचसी अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा का रवैया विभागीय जिम्मेदारी से अधिक राजनीतिक सेवा में दिख रहा है। जन एक्सप्रेस पहले भी उनके ÷निष्क्रिय रवैये÷ पर सवाल उठा चुका है। ब्लॉक में फर्जी जांच घरों और झोलाछापों की भरमार है, लेकिन अधीक्षक की प्राथमिकता विभाग नहीं, नेताओं की चमचागिरी बन चुकी है। ग्रामीणों में रोष है कि जब शीर्ष अधिकारी ही ÷राजनीतिक छांव÷ में बैठे हों, तो जनता किससे न्याय मांगे?

### शाहपुर अटिया में खुलेआम चल रहा 'मौत का क्लिनिक'

संडीला रोड से शाहपुर अटिया की ओर मुड़ते ही कोने पर सुधीर नामक व्यक्ति खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहा है। पहले उसने ÷द्वारिका पॉलीक्लिनिक÷ के नाम से बोर्ड लगाया था, अब चुपचाप बिना नाम के ही इलाज कर रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि यह झोलाछाप हर मरीज को ÷शिव डायग्नोस्टिक कोथावां÷ की जांच के लिए भेजता है। वहां कोई पैथोलॉजिस्ट नहीं, बस कॉपी-पेस्ट रिपोर्ट तैयार कर ली जाती है। जांच के नाम पर ठगी, और इलाज के नाम पर मौत का सौदा – यही है कोथावां की असल हकीकत।

### जनता की मांग: अब फाइल नहीं, कार्रवाई चाहिए!

ग्रामीणों में आक्रोश चरम पर है। लोग मांग कर रहे हैं कि डीएम हरदोई और सीएमओ तत्काल शिव डायग्नोस्टिक सेंटर समेत सभी संदिग्ध जांच घरों की जांच कराएं। यह अब केवल ÷फर्जी रिपोर्टों÷ का मुद्दा नहीं, बल्कि ज़िंदगियों के साथ खेल है। अगर विभाग अब भी आंखें मूंदे रहा, तो कोई बड़ी त्रासदी टल नहीं सकेगी। जनता की आवाज़ गूंज रही है – ÷स्वास्थ्य तंत्र बीमार है, अब इलाज प्रशासन पर होना चाहिए!

### सीएमओ के कार्यभार के बाद झोलाछापों की सुनामी, कोथावां ब्लॉक में मौत का धंधा चरम पर

जब से हरदोई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावनाथ पांडेय ने कार्यभार संभाला है, तब से कोथावां ब्लॉक झोलाछाप डॉक्टरों के कब्ज़े में आ गया है। न लाइसेंस, न योग्यता, न जांच – फिर भी गांव-गांव में डॉक्टर नाम से दुकानें खुली हैं। ये लोग डर फैलाकर गरीबों से ठगी कर रहे हैं और विभाग मूकदर्शक बन बैठा है। जनता पूछ रही है क्या सीएमओ की निगरानी केवल कुर्सी तक सीमित है? गांवों में तख्तियां लटकी हैं, पर उनमें सेवा नहीं, बीमारी और धोखा परोसा जा रहा है।

# राज्यपाल को राज्य सूचना आयुक्त ने भेंट किया अपना आलेख संग्रह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को अपना आलेख संग्रह भेंट किया। डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने बताया कि इस आलेख संग्रह में क्राफ्ट रूट्स से महिला स्वावलंबन के अलावा विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में राज्यपाल द्वारा दिए गए संबोधन के विश्लेषण संबंधी आलेख संग्रहित थे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने की छठ पर्व के दृष्टिगत नगरीय निकायों के साथ वर्चुअली समीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में नगर विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, जल निगम, नगरीय निकाय निदेशालय सहित प्रदेश के नगर आयुक्त, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, अभियंता तथा अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।बैठक की शुरुआत में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व केवल आस्था का नहीं बल्कि अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी का पर्व है। यह अवसर समाज के समर्पण, सफाई, श्रद्धा और एकजुटता को प्रदर्शित करता है, इसलिए प्रशासनिक दृष्टि से इसकी तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालु घाटों पर जाकर सूर्य उपासना करते हैं, निकाय सुनिश्चित करें कि घाटों पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, फॉगिंग, जल निकासी, और सुरक्षा प्रबंध पूरी तरह दुरुस्त रहे। जिन स्थानों पर छठ पूजा होती है, वहां की सड़कें समतल और सुरक्षित हों, रास्तों पर स्ट्रीट लाइटें कार्यशील रहें और बिजली की तारें खुले में न लटकें। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सभी फीडरों का निरीक्षण कर लिया जाए और आवश्यक मरम्मत समय रहते कर ली जाए। मंत्री श्री शर्मा ने पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि नगर निकायों के वाटर स्टेशन और हैंडपंपों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए, घाटों के समीप पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बीकेटी में युवक को गोली मारकर हत्या

## एक्सीडेंट की सूचना पर पहुँचे परिजनों ने देखा खून से लथपथ शव



- प्रदीप कुमार गौतम उम्र 27 वर्ष पुत्र मंगलू का शव रहस्यमय परिस्थितियों में मिला
- पुलिस द्वारा उन्हें फोन करके सूचित किया गया कि प्रदीप का एक्सीडेंट हो गया है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। किसान पथ रिंग रोड मामपुर बाना के पास प्रदीप कुमार गौतम उम्र 27 वर्ष पुत्र मंगलू का शव रहस्यमय परिस्थितियों में मिला। मौके पर पहुँचे परिजनों ने पाया कि प्रदीप को गोली मारी गई थी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। वही परिजनों का आरोप है कि प्रदीप की पत्नी चांदनी गौतम ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति प्रदीप लखनऊ में नौकरी करते थे। शनिवार रात करीब 9:20 बजे, जब उन्होंने कई बार फोन किया और फोन नहीं उठा, तो पुलिस द्वारा उन्हें फोन करके सूचित किया गया कि प्रदीप का एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें तुरंत किसान पथ हाईवे पर पहुँचने को कहा गया और चांदनी गौतम, अपने भाई सागर और हिमांशु के साथ मौके पर पहुँचीं तो उन्होंने देखा कि प्रदीप को गोली लगी हुई थी।

### पुलिस का आधिकारिक विवरण

थाना बीकेटी से प्राप्त मीडिया अपडेट के अनुसार, दिनांक 25.10.2025 की रात्रि में थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि मामपुर बाना, किशन कट के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। बीकेटी पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और युवक को पहले शौ सैय्या अस्पताल साढामऊ ले जाया गया, जहाँ से उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया। वही केजीएमयू में डॉक्टरों ने प्रदीप कुमार गौतम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पुष्टि की है कि प्रदीप की मृत्यु गोली लगने से हुई है और उनके शरीर पर दो गोलियों के चोट के निशान हैं। उच्चाधिकारीगण और फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। वही? मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। प्रदीप के परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस मामले की आगे की आवश्यक कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने बताया कि जल्दी ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी छठ महापर्व की बधाई व शुभकामनाएँ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह आत्मानुशासन का पर्व है, जिसमे लोग शुद्ध अन्तरूकरण से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते है। छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और सामाजिक एकता का प्रतिबिम्ब है। छठ के अवसर पर घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। यह दृश्य देश की सामाजिक एकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने भगवान भाष्कर से प्रदेश की प्रगति, सुख, समृद्धि शान्ति की प्रार्थना की है।

# गांव-गांव स्वच्छता, पारदर्शिता और विकास का संकल्प

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग मंत्री ओम प्रकाश राजभर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ योजनाओं परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए समीक्षा बैठक की गई। प्रभारी जिलाधिकारी एवं सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने भी मंत्री से भेंट कर आवश्यक निर्देश प्राप्त किए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त कार्यों एवं योजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि आमजन को प्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिल सके।समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि विभागीय अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर हैं। इस पर मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों की गति एवं पारदर्शिता में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

# सैरपुर पुलिस टीम ने दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ़्तार

- पुलिस ने अभियुक्तगण के पास से चोरी में प्रयोग किये जाने वाले औजार व चोरी किये गये रूपये बरामद किए
- अभियुक्तगण ने क्षेत्र के अंग्रेजी शराब ठेकों को बनाते थे निशाना, एक अदद अपाचे मोटर साइकिल भी बरामद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी मय पुलिस बल के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से शराब ठेकों वह अन्य जगहों से चोरी किए गए चोरी करने में प्रयोग करेंगे औजार रुपए वह एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है।वही उ0नि0 रामदेव को मुखबिर खास द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। उनि0 राम देव सूचना पर मय थाना पुलिस टीम के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की तरफ चल पडे एवं रैथा रोड फर्रुखाबाद मोड से फर्रुखाबाद गावं की तरफ जाने वाले मार्ग पर मोड से लगभग 40 कदम पर मोटर साइकिल के साथ खडे 03 व्यक्तियों की घेरा बन्दी कर दबिश देकर पकडने का प्रयास किया तो तीनों व्यक्ति मौके से भागने का प्रयास करने लगे जिनमें से एक व्यक्ति आस-पास के जंगल व झाडियो का सहारा लेते हुए फरार होने में कामयाब हो गया और दो व्यक्ति जो मोटर साइकिल पर बैठकर भागने का प्रयास कर रहे थे मय मोटर साइकिल के पकड लिया गया। वही पकडे गये व्यक्तियों से भागने का कारण व नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी लिया गया तो दोनों व्यक्तियों द्वारा अंग्रेजी शराब की दुकानों व घरों की रैकी कर चोरी की बात बताते हुए पकडे जाने के डर की वजह से भागने की बात बतायी अभियुक्त 01. मो0 इरशाद उर्फ दीवाना पुत्र मो0 हुसैन निवासी चौसा थाना बघौली जिला हरदोई उम्र लगभग 25 वर्ष की तलाशी ली गयी तो पहने हुए कपडों की जेबों से कुल 10,000/- रुपये तथा दाहिने हाथ में पकडे झोले में 01 अदद लोहे का सब्बल व 01 अदद काला नकाब, 01 अदद कान पट्टी व 01 अदद सर्जिकल ग्लब्स बरामद हुआ। मो0 इरशाद उर्फ दीवाना पुत्र मो0 हुसैन उपरोक्त से बरामद पैसों के बारे पूछने पर बताया कि मैं व मेरे सहयोगी समीर उर्फ रऊफ द्वारा दिनांक 08.07.2025 को रैथा रोड़ स्थित अग्रेजी शराब की दुकान में गल्ले में रखी करीब 29000/- रुपये व दिनांक 25.08.2025 को छठामील स्थित अग्रेजी शराब की दुकान से करीब 10000/- रुपये व कुछ शराब की बोतल की चोरी किये थे। चोरियों में प्राप्त रूपयों में से मेरे हिस्से से मेरे पास 10000/-रूपये बचा हुआ है तथा शेष रूपये खर्च कर दिया हूँ। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 88/2025 धारा 305 (ड्ड)/331 (4) बीएनएस व मु0अ0सं0 111/2025 धारा 305(ड्ड)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है। लोहे का सब्बल व 01 अदद काला नकाब, 01 अदद कान पट्टी व 01 अदद सर्जिकल ग्लब्स के बारे में पूछने बताया कि उक्त उपकरणों का प्रयोग चोरी करने में करते हैं तथा सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए नकाब व कानपट्टी का प्रयोग करते है। तथा दूसरे व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम जनार्दन तिवारी पुत्र अवधराम उम्र करीब 29 वर्ष निवासी जमौली थाना रेउसा जिला सीतापुर हाल पता किराये का मकान अनूप नौबस्ता थाना मडियाव लखनऊ बताया। जामा तलाशी में उसके पहने हुए कपडों से एक छोटी टार्च व कुल 2330/- रूपया बरामद हुआ व दाहिने हाथ में पकडा हुआ 01 अदद लोहे की छेनी बरामद हुआ। रुपयों के बारे में बताये कि दिनांक 01.10.2025 को छठामील अग्रेजी शराब की दुकान का ताला मो0 इरशाद उर्फ दीवाना व समीर उर्फ रऊफ व मैने तोडकर गल्ले में रखे लगभग 29000 रूपये चोरी किये थे।चोरी किये गये रूपयों को हम तीनों ने बँटवारा कर लिया था। जिसमें से मुझे 9000/- रूपये लिये थे। उनमें से मेरे पास यही 2330 रूपये बचे हैं। तथा शेष रूपये मैने खर्च कर दिये है। बरामद छोटी टार्च नीले रंग की व 01 अदद लोहे की छेनी के बारे में पूछने पर बताया कि इन्ही उपकरणों का प्रयोग कर हम लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 128/2025 धारा 305(ए) / 331 (4) बीएनएस पंजीकृत है। तत्पश्चात मौके से भागे हुए व्यक्ति का नाम पता दोनो व्यक्तियों से पूछने पर दोनों ने भागे हुए व्यक्ति का नाम समीर उर्फ मो0 रऊफ पुत्र अजीज अहमद निवासी 448/119 मुसाहिबगंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ बताया।मोटर साईकिल अपाचे रंग काला यूपी 32 एन जेड 0857 के सम्बन्ध में पूछने पर भागे हुए व्यक्ति समीर उर्फ मो0 रउफ का होना बताये।। हम तीनों लोग घर व अंग्रेजी शराब की दुकान व अन्य जगहों की रैकी कर चोरी कर प्राप्त रुपयों से अपना जीवकोपार्जन व शौक पूरा करते हैं। पूर्व में भी हम लोग विभिन्न अपराध में जेल जा चुके हैं। चोरी के पैसो का काफी हिस्सा खर्चा होने के कराण आज हम लोग घरों व दुकानों की रैकी कर रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड लिया गया।अभियुक्तगण को जुर्म धारा से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 88/2025 धारा 305(ए) / 331 (4) बीएनएस व मु0अ0सं0 111/2025 धारा 305(ए) / 331 (4) बीएनएस व मु0अ0सं0 128/2025 धारा 305(ए) / 331 (4) बीएनएस थाना सैरपुर जनपद लखनऊ उपरोक्त मुकदमा में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारी के समय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही विधिक पूर्ण कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# फिट इंडिया अभियान के तहत एससबी में साइकिल रैली का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी तथा 9 वीं वाहिनी द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया । जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर 2025 को सशस्त्र सीम बल 50 वीं वाहिनी एवं 9वीं वाहिनी द्वारा संयुक्त रूप से **फ़िट इंडिया अभियान** के उपघटक संडे ऑन साइकिल के अंतर्गत एक संयुक्त साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली वाहिनी मुख्यालय, बलरामपुर से प्रारंभ होकर बलरामपुर चौराहा तक संचालित की गई। रैली के दौरान सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं जवानों ने स्थानीय नागरिकों को फ़िट इंडिया अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया । साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों वाहिनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा सभी बल कर्मियों ने उत्साह, अनुशासन और एकजुटता के साथ सक्रिय सहभागिता की। इस रैली ने ÷फिट बॉडी, फिट माइंड, फिट इंडिया÷ के संदेश को समाज में प्रभावशाली ढंग से प्रसारित किया।

# मंडलीय विज्ञान प्रदर्शनी में एमडीके की छात्रा को मिला दूसरा स्थान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सादिया बानो ने शनिवार को पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेज गोंडा में आयोजित मंडलीय विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेज जनपद गोंडा मे आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा सादिया बानो ने जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । इनका विज्ञान मॉडल स्मार्ट सिटी पर आधारित था, जिसमें विभिन्न समस्याओं का समाधान करके एक स्मार्ट सिटी का निर्माण किस प्रकार किया जाए, यह मॉडल में प्रदर्शित किया गया है। छात्रा का यह प्रयास जनपद बलरामपुर के विभिन्न छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रदर्शनी में अपना उत्कृष्ट योगदान और प्रतिभाग करने के लिए एक प्रेरणा का कार्य किया है। इसी क्रम में छात्रा को धनराशि स्वरूप 2000 रुपए का पुरस्कार एवं विज्ञान प्रदर्शनी का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना पांडे ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विज्ञान विषय की अध्यापिका को एवं अन्य सहयोगी अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में और छात्राओं में खुशी का माहौल है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्रॉप कटिंग प्रयोग संपन्न



जन एक्सप्रेस। रायबरेली।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत किलौली, ब्लॉक संताव में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की उपस्थिति में क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट (फसल कटाई प्रयोग) का आयोजन किया गया।

प्रयोग के दौरान खरीफ फसल (धान) पर 43.3 हेक्टेयर क्षेत्रफल में दो क्रॉप कटिंग प्रयोग कराए गए। इन प्रयोगों में प्राप्त उपज क्रमशः 22.500 किलोग्राम एवं 7.500 किलोग्राम रही। इस अवसर पर राजस्व विभाग के लेखपाल, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, तथा क्षेत्र के किसान बंधु उपस्थित रहे। एडीएम प्रशासन ने कहा कि यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें आर्थिक स्थिरता प्राप्त होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रयोग की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ संपन्न की जाएं ताकि किसानों को योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा भी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद शाखा सलोन की मासिक बैठक संपन्न

**रायबरेली।** सेवानिवृत शिक्षक कल्याण परिषद शाखा सलोन, रायबरेली की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय में कृष्ण नारायण पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नोशनल इंक्रीमेंट की प्रगति, जनपद में शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन तथा वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को संस्था की मुख्यधारा से जोड़ने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए राजमोहन सिंह ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

मंत्री मोहम्मद अयूब खान ने जानकारी दी कि नोशनल इंक्रीमेंट शीघ्र ही खातों में प्रेषित किया जाएगा। अध्यक्ष कृष्ण नारायण पांडे ने बताया कि प्रदेश स्तर पर वार्षिक संघर्ष शुल्क में ?50 की वृद्धि की गई है, अब प्रत्येक वर्ष ?100 संघर्ष कोष में जमा करना होगा। बैठक में एहतेशाम अहमद सिद्दीकी, जगन्नाथ प्रसाद मौर्या, राम बक्श यादव, पितई लाल, फैज मोहम्मद, चंद्रभान सिंह, अजहर अंसारी, राजमोहन सिंह, मोहम्मद आलम खान, अशफाक जहां सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत शिक्षकों ने सहभागिता दर्ज कराई। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इस्माइल खान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ऑफिस पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में 04 पारिवारिक विवादों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 4 पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया ।

जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। बैठक में काउंसलरों के प्रयास से 04 पत्रावलियों का सफल निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर संभव हुआ । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम अपने परिवार के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरूण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव व म0का0 ज्योति, म0का0 पूजा का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में जिन पत्रावलियों का निस्तारण कराया गया उनमें ओम प्रकाश बनाम सुशीला थाना कोतवाली नगर बलरामपुर, रुमा बनाम अर्जुन थाना ललिया बलरामपुर, गीता बनाम दीपक थाना कोतवाली जरवा बलरामपुर तथा मुन्नी बनाम मजहर थाना कोतवाली गैसड़ी बलरामपुर शामिल हैं।

# डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा बने टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (TFI) के राष्ट्रीय अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (TFI) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा के सर्वसम्मति से चयन पर रायबरेली जनपद के शिक्षक नेताओं ने अत्यंत हर्ष और गर्व व्यक्त किया। सभी पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक हैरान परेशान एवं संकट में है। ÷डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा जी के नेतृत्व में शिक्षक एकता और संघर्षशील नेतृत्व को विजय मिलेगी।

मुकेश चंद्र द्विवेदी (जिला मंत्री) ने कहा कि प्रान्तीय अध्यक्ष डा शर्मा जी की संगठनात्मक क्षमता देश के लाखों शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।÷ पंकज द्विवेदी (अध्यक्ष, जिला संघर्ष समिति) ने कहा कि **डॉ0 शर्मा सदैव शिक्षकों की आवाज़ को निडरता से उठाते रहे हैं, टीईटी प्रकरण में भी शिक्षक समाज को न्याय मिलेगा।** राजेश यादव (जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष) ने कहा कि डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा का संघर्ष का इतिहास है सरकार के तानाशाही रवैये पर भी संगठन संघर्ष करेगा। डा0 चंद्रमणि बाजपेई (जनपदीय संयुक्त मंत्री) ने कहा कि **डा दिनेश चंद्र शर्मा जी के नेतृत्व में शिक्षक हितों की लड़ाई और भी सशक्त रूप से लड़ी जाएगी।** सुधीर सिंह (कोषाध्यक्ष) ने कहा कि **डॉ0 शर्मा जी को उनकी निष्ठा, कर्मठता के चलते यह दायित्व देश भर के शिक्षकों ने सौंपा है,हम निश्चित ही अपने पूर्व के संघर्षों की भांति इस संघर्ष में भी सफलता प्राप्त करेंगे।** इस अवसर पर सत्येश सिंह,(उपाध्यक्ष) उमेश त्रिवेदी, (उपाध्यक्ष), अनुराग शुक्ला (उपाध्यक्ष), अरविंद द्विवेदी (अध्यक्ष, हरचंदपुर), डा0 संजय सिंह (अध्यक्ष, जगतपुर), डा0 गजेन्द्र सिंह (राही, अध्यक्ष), आदित्य पाण्डेय (अध्यक्ष, छतोह), अशोक पाल (अमावां, अध्यक्ष), सुरेन्द्र यादव (कार्यवाहक अध्यक्ष, संघर्ष समिति), दुर्गेश मिश्र (प्रचार मंत्री), विवेक मिश्र (संगठन मंत्री), शशिकांत पांडे (संगठन मंत्री),सुधीर द्विवेदी (मंत्री, संताव), अवध किशोर शुक्ल (संयुक्त मंत्री, सताव), राकेश पाल (कोषाध्यक्ष, सताव), रामेंद्र यादव (संघर्ष समिति अध्यक्ष, राही), सूर्यकान्त (संघर्ष समिति मंत्री, राही) तथा रमेश शुक्ला (उपाध्यक्ष, छतोह) ने भी बधाई देते हुए कहा कि **डॉ0 शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक समाज और अधिक संगठित, जागरूक और सशक्त होगा।** कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा के दीर्घ, सफल और संघर्षमय कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

## साढ़े सात घंटे देरी से पहुंची जनसाधारण एक्सप्रेस

**अमेठी।** लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रेलखंड पर शनिवार को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर लंबा इंतजार करना पड़ा। देरी की सही जानकारी न मिलने से यात्रियों में नाराजगी रही। दानापुर से आनंद विहार जाने वाली जनसाधारण एक्सप्रेस शुक्रवार रात 10ः56 बजे आने वाली थी, लेकिन शनिवार सुबह 06ः27 बजे साढ़े सात घंटे की देरी से पहुंची। हावड़ा से अमृतसर जाने वाली पंजाब मेल तीन घंटे देर से गौरीगंज पहुंची, जबकि राजेंद्रनगर-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस भी दो घंटे लेट रही। लगातार हो रही देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ती गई। पंजाब मेल से लुधियाना जाने के लिए गौरीगंज स्टेशन आए शिवदयाल ने बताया कि परिवार संग तीन घंटे प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा। सावित्री देवी ने कहा कि दोपहर की गर्मी में बिना छांव और पेयजल के प्लेटफार्म पर खड़े रहना मुश्किल हो गया। जम्मूतवी दर्शन को जा रहे करुणशंकर, विमल कुमार और रवींद्र कुमार ने बताया कि ट्रेनें लेट होने से यात्रा कार्यक्रम पूरी तरह बिगड़ गया। यात्रियों को खुली धूप में घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा। स्टेशन अधीक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि ट्रेनों की लंबी दूरी और तकनीकी कारणों के चलते संचालन प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए लाउडस्पीकर से ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की लगातार जानकारी दी जा रही है।

## दौड़ में अंजू सरोज ने मारी बाजी

**अमेठी।** राजकीय हाईस्कूल अमेठी में शनिवार को एक स्कूल-एक खेल कार्यक्रम के अंतर्गत क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# स्कूल में छात्र को बंद कर घर जाने वाले शिक्षकों पर गिरी गाज, एक निलंबित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जनपद के राही विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुचरिया में बीते 6 अक्टूबर को छुट्टी के बाद एक छात्र स्कूल के कमरे में ही बंद रह गया था. इस मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर बेसिक शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसा है।बीएसए ने कक्षाध्यापक को निलंबित कर दिया है. वहीं नियमों की अनदेखी और लापरवाही पर प्रधानाध्यापक की वेतन वृद्धि रोकने और इंचार्ज प्रधानाध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश जारी किया है. कंपोजिट स्कूल कुचरिया में छह अक्तूबर को शिक्षकों की बड़ी लापरवाही सामने आई थी. पढ़ाई के बाद शिक्षक स्कूल में ताला बंद कर घर चले गए थे जबकि कक्षा 4 का छात्र समीर स्कूल के कमरे में ही बंद छोड़ गए थे. काफी देर तक छात्र घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू हुई। जबकि कक्षा 4 का छात्र समीर स्कूल के कमरे में ही बंद छोड़ गए थे. काफी देर तक छात्र घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू हुई। खोजबीन करते हुए गांव वाले स्कूल के पास पहुंचे तो अंदर से रोने की आवाज आई. इस पर भदोखर थाने की पुलिस बुलाई गई, ताला तोड़कर छात्र को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया. चार घंटे तक कमरे में बंद रहने और भूख-प्यास के कारण छात्र सहम गया। घटना से गुस्साए अभिभावकों और ग्रामीणों ने हंगामा भी किया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने राही के खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल और खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) धर्म प्रकाश को जांच सौंपी थी. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि कक्षा बंद करने से पहले कमरे की पूरी तरह चेकिंग करने की प्राथमिक जिम्मेदारी कक्षाध्यापक की होती है. इसमें लापरवाही बरती गई, जिस पर कक्षाध्यापक सुरभि गुप्ता (सहायक अध्यापक) को निलंबित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नगर क्षेत्र से संबद्ध किया गया है. विभागीय जांच की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी डीह तरुण कुमार को सौंपी गई है. घटना के समय प्रधानाध्यापक निरुपमा वाजपेयी एमडीएम खाते के संचालन के लिए बैंक गई थीं, जबकि विद्यालय अवधि में परिसर से बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. इसीलिए प्रधानाध्यापक की एक अस्थायी वेतन वृद्धि बाधित की गई है।

# कबड्डी, फुटबाल बालक वर्ग जिला स्तरीय जूनियर वर्ग प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

इच्छुक खिलाड़ी/टीम करें संपर्क

क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय, रायबरेली के तत्वाधान में पं0 दीनदायाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर 29 अक्टूबर 2025 कबड्डी, फुटबाल बालक वर्ग जिला स्तरीय जूनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों (टीम) की प्रविष्टि निःशुल्क है। खेल निदेशालय के निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता के विजेता/उपविजेता, एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त खिलाडियों एवं निर्णायको को पुरस्कार राशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ 0 टी0 के माध्यम से दिया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी/टीम के साथ आधार कार्ड, निवास-प्रमाण पत्र, बैंक पासबुएक फोटो की छायाप्रति जिसमें खाता नम्बर एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड, नाम सहित आदि स्पष्ट अथवा पठनीय हो, एक फोटो के साथ स्वाप्रमाणित किया हुआ के साथ अपनी प्रविष्ट जिला खेल कार्यालय, रायबरेली में दर्ज करा सकते है।

प्रत्येक खिलाडी का आधार एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता नम्बर एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड, नाम सहित अनिवार्य है इसके बिना प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये क्रीडाधिकारी 9450450252 जिला खेल कार्यालय रायबरेली से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# 12 फीट जमीन के लिए बहन ने करवाई भाई की हत्या, चार युवकों संग की गई गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अमेठी

अमेठी जिले के संग्रामपुर के टीकरमाफी गांव निवासी बुजुर्ग निर्मल कश्यप की हत्या की गुत्थी रविवार को पुलिस ने सुलझा ली है। जांच में खुलासा हुआ कि 12 फीट जमीन के विवाद में मृतक की बहन सतना कश्यप ने ही हत्या की साजिश रची थी।

विवादित भूमि को अपने कब्जे में करने के लिए उसने चार युवकों की मदद से भाई की जान ले ली। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांचों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद हत्या में प्रयुक्त लाठी और डंडे बरामद कर सभी को चालान कर कोर्ट भेज दिया गया।

अमेठी-भादर मार्ग पर गुंगवाछ गांव के पास बृहस्पतिवार को निर्मल कश्यप (60) मजदूरी से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में लाठी-डंडों से पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई धर्मराज कश्यप की तहरीर पर पुलिस ने बहन सतना, भांजी शोभा, बहन के दामाद हबुलाल उर्फ दीपक, पड़ोसी रवि कश्यप, करमइता और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर रवि कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान गुंगवाछ गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से हत्यारों की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने पीपरपुर के मठकनैगिर गांव निवासी अरुण कुमार, दिवाकर, शिव प्रसाद और पटखौली निवासी वंशराज उर्फ बंटू को अमेठी-भादर मार्ग पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में अरुण कुमार ने बताया कि सतना उसकी मुंहबोली बुआ हैं और दोनों के बीच पारिवारिक संबंध हैं।

बताया कि सतना और निर्मल के बीच दोनों मकानों के बीच की 12 फीट भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद था। दीपावली के दिन सफाई को लेकर हुए झगड़े के बाद सतना ने निर्मल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके तहत अरुण ने अपने साथियों दिवाकर, शिव प्रसाद और वंशराज के साथ मिलकर मजदूरी से लौट रहे निर्मल पर पूरे तिवारी गांव के पास हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल के पास की झाड़ियों से हत्या में प्रयुक्त लाठी-डंडे बरामद हुए है। एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

# लखनऊ खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

**पात्र शिक्षकों एवं स्नातक से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु अभिलेख कर सकते हैं उपलब्ध निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन व दावे और आपत्तियां दाखिल की अवधि 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 30 दिसम्बर को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी तथा 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसंबर 2026 को समाप्त होने के कारण अर्हता 01 नवम्बर 2025 के आधार पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का छ्द्व-ह्श1श पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है, जिसके अनुसार लखनऊ खण्ड शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अवशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार गतिविधियां, अवधि/दिनांक निर्धारित की गयी है। जिसके अनुसार फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी स्थिति हो 06 नवम्बर 2025 (गुरुवार) निर्धारित की गई है। वह तिथि जिस तक पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना 20 नवम्बर 2025 (गुरुवार)। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन एवं 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार)। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार) से 10 दिसंबर 2025 (बुधवार)। वह तिथि जिस तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेगी 25 दिसम्बर 2025 (गुरुवार)। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया है कि सभी पात्र शिक्षकों एवं स्नातक से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित निर्धारित प्रारूप-18 (स्नातक हेतु) एवं प्रारूप-19 (शिक्षक हेतु) यथाशीघ्र सम्बन्धित सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/उपजिलाधिकारियों एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारियों को सम्बन्धित तहसील, विकास खण्ड एवं नगर पालिका/नगर पंचायत में किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा वेबसाइट http://ceouttarpradesh.nic.in/ceoupmlc/ पर ऑनलाइन आवेदन भी किये जा सकते हैं।

## बुजुर्ग की हत्या करने वालों की हुई पहचान

**अमेठी।** संग्रामपुर के टीकरमाफी गांव निवासी निर्मल कश्यप (60) की हत्या का मामला खुलासे के करीब है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद कुछ संदिग्धों की पहचान की है। सूत्रों के अनुसार पुलिस टीमों ने आरोपियों की लोकेशन का पता लगा लिया है और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या की जड़ पारिवारिक विवाद से जुड़ी थी। दीपावली के दिन पेड़ की डाल काटने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। उसी दौरान एक परिचित मिठाई लेकर सतना के घर पहुंचा था, जहां परिवार के कुछ सदस्यों के बीच पुराने झगड़े की चर्चा हुई। इसी दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग को सबक सिखाने की साजिश रची। शाम को जब निर्मल अकेले साइकिल से घर लौट रहे थे तो गुंगवाछ गांव के पास उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जांच में अब तक मिले साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि हत्या पारिवारिक रंजिश का परिणाम थी। सीसीटीवी फुटेज से संदिग्धों की पहचान हो चुकी है और कुछ की लोकेशन भी ट्रेस कर ली गई है।

# दवा लेने गए युवक पर चापड़ से हमला: आंते बाहर आई, पीड़ित पर दर्ज हुआ मुकदमा

- हमले में घायल युवक के सिर पर 14 टांके आंते बाहर, अंगूठा काटा, पीड़ित पर रंगधारी का मुकदमा दर्ज






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर के केशवपुरम में शनिवार देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी, डंडे और चापड़ चलने लगे। चापड़ के वार से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,उसे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया घटना में युवक की पेट की आंतें तक बाहर निकल आई।सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर खड़ी कार में एक पिस्टल भी मिली।वही पुलिस ने एक पक्ष से तहरीर लेकर घायल के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। रावतपुर थाना क्षेत्र केशवपुरम निवासी प्राइवेट कर्मी अभिजीत शनिवार देर रात अपनी बीमार मां की दवा लेने के लिए निकले थे। दवा लेने के दौरान किसी बात पर उनका मेडिकल स्टोर संचालक विजय सिंह और अमर सिंह से विवाद हो गया। अभिजीत के पिता अनिल सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेडिकल स्टोर संचालकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पास में मौजूद प्रिंस राज श्रीवास्तव, निखिल तिवारी भी लाठी डंडों से अभिजीत को पीटने लगे। तभी विजय सिंह मेडिकल स्टोर से चापड़ उठा लिया और अचानक अभिजीत पर हमला कर दिया।जिससे अभिजीत का अंगूठा कट गया और सिर में भी गंभीर घाव हो गए। भागने की कोशिश की तो आरोपितों ने घेर कर पकड़ लिया और जान से मारने की नीयत से पेट में कई बार चापड़ से वार किया। पेट की आंतें बाहर निकल आई, जिसके बाद अभिजीत मरणासन्न होकर गिर गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वही मेडिकल स्टोर संचालक विजय सिंह के मुताबिक उनके सामने जुआ खेल रहे सौरभ ठाकुर और अभिजीत समेत कई युवकों ने उनसे पानी मांगा तो उन्होंने मना कर दिया। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए युवकों उनके साथ मारपीट की। वही 112 नम्बर की सूचना पर पहुंची पुलिस को पास में खड़ी कार से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक के भाई अमर सिंह की तहरीर पर गंभीर रूप से घायल अभिजीत, सौरभ समेत कई अन्य पर मुकदमा दर्ज कर दिया। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि दो पक्षों में विवाद हुआ था।पहले एक पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पता चला है कि दूसरा पक्ष भी घायल है फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है। ***दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।***

# पुलिस अधिकारी खोजते सटोरी और सटोरी किस पुलिस चौकी बैठे–पूछो तीसरी आंख से




**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

वायरल हुए वीडियों के बाद पुलिस प्रशासन में मुस्तैदी आ गई। चर्चाओं पर विराम लगाने के लिये पुलिस महकमें के अफसरों ने चार सटोरियों को गिरफ्तार किया पुलिस की वाहवाही हुई शहर में चर्चा हुई कि पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार सटोरियों को पकड़ा लेकिन अब चर्चा हो रही है कि आखिर पकड़े गये सटोरियों को किस आधार पर छोड़ा गया है जबकि पुलिस का दावा है कि कुछ लोगो को पूछ ताछ के लिये बुलाया गया था और सटोरियों की तलाश की जा रही है। सट्टोरियों के कुछ अडडे का तो चिन्हिकरण वायरल हुए वीडियों ने ही कर दिया था क्योकि वीडियों में सटटे की पर्च लिखते हुए सटोरियों को दिखाया जा रहा है। हालांकि समाचार पत्र वायरल हो रहे वीडियों की पुष्टि नही करता है लेकिन वीडियों वायरल होने के बाद जो राज खुल रहे है वह चैकाने वाले है। चर्चाओं के दौर में तामसेनगंज पुलिस चैकी प्रभारी सक्रिय हो गये है वह लगातार अपने मुखबिरों और जागरूको से यही सवाल कर रहे है कि हमारे क्षेत्र में सटटा कहां कहा हो रहा है। सटोरियों को बक्शा नही जायेगा और आलम नगर में हो रहे सटटो की जानकारी पाकर वह सटोरियों की तलाश कर रहे है। तामसेनगंज पुलिस चौकी प्रभारी का दावा है कि हमारे क्षेत्र में सटटा नही हो रहा है अगर चोरी छिपे हो रहा है तो सटोरियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजकर ही दम लूगा। रोडवेज पुलिस चैकी प्रभारी जो अपने आपको साफ सुथरा समझ रहे है उन पर आरोप लगने लगे है और सवाल किये जाने लगे है कि सटोरी आकर चाय कहां पीते है। कहा जाने लगा है कि वायरल वीडियों को सटटो के लक्ष्य का भेदन कर रहा है और पुलिस चौकियों के बाहर निगरानी के लिये लगी तीसरी आंख इस बात का खुलासा करेगी कि पुलिस सटोरियों के पीछे भाग रही है और सटोरी किस पुलिस चौकी पर बैठकर चाय नाश्ता उड़ा रहे है। अब यह तो तीसरी आंख को भी नही पता होगा कि चाय नाश्ते पुलिस को सटोरी करा रहे है या सटोरी पुलिस को लेकिन तीसरी आंख यह जरूर बता देगी कि सटोरी किस पुलिस चैकी में बैठकर चाय नाश्ता करते है क्योकि हर हाल में इस अपराधिक नजारे को तीसरी आंख ने कैद जरूर ही कर लिया गया होगा अगर इस नजारे को हटाने की कोशिश की तो जो कोशिश करेगा वह तो पक्का दोषी माना जायेगा।

### तीसरी आंख ही बतायेगी कि किस पुलिस अधिकारी के निजी वाहन से सटोरी करते सफर

मुंशीगंज के सबसे बड़े सटोरी का दाहिना हाथ कहा जाने वाला सटोरी एक पुलिस अधिकारी के निजी वाहन नगर सहित अन्य प्रान्तों में दौड़ाता रहा है। इस वही सटोरी है जो ट्रान्सपोर्ट का सबसे बड़े सटटे का संचालन करता है। सवाल यह है कि जब एक गैर कानूनी कारोबार करने वाला व्यक्ति पुलिस अधिकारी के निजी वाहन से सफर करते हुए देखा जा रहा है तो ऐसे में यह कैसे कहा जा सकता है पुलिस सटोरियों को सरंक्षण नही दे रही है। पड़ताल के बाद पता चला कि ट्रान्सपोर्ट के जिस क्षेत्र में सटटे का वीडियो वायरल हुआ है वह इलाका न तो तामसेनगंज पुलिस चैकी में पड़ता और न ही रोडवेज पुलिस चैकी का है वह इलाका सविल लाइन पुलिस चैकी क्षेत्र में है। अगर सिवल लाइन पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप दुबे के निजी वाहन का नम्बर और तीसरी नजर पर का मिलान कर ले तो पता चल सकता है कि सिविल लाइन पुलिस चैकी प्रभारी का निजी वाहन से कौन कौन से लोग सफर करते है और उनका इतिहास क्या है।

### सदर बाजार पुलिस चौकी पर तैनात फौजी सिपाही टीम का दे साथ तो बन जाये बात

सटटो के खलासे और सटोरियों की गिरफ्तारी को लेकर क्राइम ब्रान्च से लेकर अन्य पुलिस अधिकारी लगातार छापामार कार्यवाही कर रहे है। उन्होने अपने अपने क्षेत्र में मुखबिरों का जाल बिछा दिया है। खुलासे के प्रयास रविवार को भी किये गये लेकिन कामयाबी नही मिली। सूत्रो द्वारा दावा किया जा रहा है कि टीम सटोरियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। अगर सिविल लाइन पुलिस चैकी पर तैनात फौजी नामक सिपाही टीम का दिल से साथ दे दे तो सटोरियों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। सूत्र दावा कर रहे है कि अगर यह सिपाही टीम का साथ नही दे रहा है तो सदर बाजार पुलिस चैकी पर व ईद गिर्द के लगी तीसरी नजर को खंगाल लिया जाये तो पता चल जायेगा कि सदर बाजार पुलिस चैकी पर सटोरियों का आना जाना है अथवा नही अगर सटोरियां का चैकी पर आना जाना है तो चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी है कि कारणों का खुलासा कर पुलिस अधिकारियों के सामने हकीकत पेश करें।

### रोडवेज पुलिस चौकी पर कौन खाता सटोरियों की मिठाई इसका भी खुलासा करेगा सीसीटीवी कैमरा

दीपावली से अब तक रोडवेज पुलिस चैकी पर सटोरियों द्वारा दी जा रही मिठाई कौन पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मी बड़े चाव से खाते हुए सटोरियों को दामादो जैसा सम्मान दिया जा रहा है इसका भी खुलासा पुलिस चैकी पर लगा सीसीटीवी कैमरा कर सकता है। सटटोरियों की गिरफ्तीर करने में जुटी पुलिस टीम चाहे वह क्राइमब्रान्च हो अथवा अन्य कोई टीम अगर इन पुलिस चौकियों का सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण कर ले और दीपावली से एक दो दिन पहले जब झालरे पड़ रही थी और अब तक की कहानी देखने से सब कुछ आइने की तरह साफ हो जायेगा और टीम को ज्यादा मेहनत भी नही करनी पड़ेगी।

# त्योहारों में सौहार्द बनाए रखने को थाना अरौल में शांति समिति की बैठक, उर्स मेले को लेकर दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





अरौल। आगामी त्योहारों और तीन दिवसीय उर्स मेला मकनपुर को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना अरौल परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई।यह बैठक पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, समाजसेवियों, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों, सिविल डिफेंस वॉलंटियर, एस-10 वॉलंटियर, पार्षदों, ग्राम प्रधानों और ग्राम चौकीदारों ने सहभागिता की।बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने सभी धर्मों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की। आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वे त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाकर रखें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।ग्राम चौकीदारों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को भी असामाजिक तत्वों की पहचान सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को थाने में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही 01 जुलाई 2024 से लागू हुए नए कानून–भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की प्रमुख धाराओं से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर थाना अरौल के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा छठ पर्व की तैयारी को लेकर ब्रह्मावर्त घाट का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**बिठूर।** बीते दिन शनिवार को पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत थाना बिठूर क्षेत्रान्तर्गत ब्रह्मावर्त गंगा घाट सहित अन्य घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा मौके पर मौजूद एसीपी कल्याणपुर रंजीत सिंह, बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा निर्देशित किया गया कि घाट किनारों पर लकड़ी एवं रस्सी की बाड़ बनाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

साथ ही जल पुलिस व स्टीमर की तैनाती, आवागमन की समुचित व्यवस्था, तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस उपायुक्त महोदय ने यह भी निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी व्यवस्थाएँ पूर्व से ही पूर्ण कर ली जाएँ।

# डिप्रेशन के चलते युवक ने फंदा लगा दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सचेंडी में डिप्रेशन के चलते युवक ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह ज़ब परिजन सोकर उठे तों पंखे के सहारे फंदे से युवक का शव लटका देख 112 पर सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सचेंडी थाना क्षेत्र के छीटेपुर गांव में निवासी बबलू यादव उम्र 45 वर्ष मजदूरी करते है, परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़े है, पिता की कुछ साल पहले मौत हो गई थीं छोटे भाई सुरजीत ने बताया की वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे, जिसकी वजह से वह अक्सर परेशान रहते थे, देर रात ख़ाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए, सुबह ज़ब छोटा भाई सुरजीत सोकर उठे तों भाई के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, काफ़ी देर बुलाने पर भी कोई आहट नहीं आई तों खिड़की से झाँक कर देखा तों भाई का शव पंखे से फंदे के सहारे लटकता देख सभी के होश उड़ गए, आनन फानन में 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही सचेंडी थाने का कोर्स और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, सचेंडी थाना प्रभारी दिनेश भिष्ट ने बताया कि मृतक कई दिनों से बीमार था जिसके चलते हुए डिप्रेशन में चला गया था,इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### एसपी ने चैका घाट का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** 27 तारीख को होने वाले छठ पूजा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह रामपुर मथुरा पहुंचकर बंगाली घाट, कनरखी घाट, मुरलीधर मंदिर के पास चैकाघाट का निरीक्षण किया और अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा के दिन घाटों पर सुरक्षात्मक व्यवस्था तत्पर रहनी चाहिए कहीं पर किसी भी महिला या पुरुष को असुविधा नहीं होनी चाहिए साफ–सफाई व रात में लाइट की व्यवस्था समुचित होनी चाहिए अपर पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सचेण्डी में बिजली लाइन खींचने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सचेण्डी थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव में बिजली लाइन खींचने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के सचिन ने आरोप लगाया कि गांव के जितेन्द्र, रजोल, करण और शिवानी ने उसके घर के ऊपर से बिजली लाइन खींची। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी–डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। सचिन का कहना है कि आरोपियों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर उसकी पत्नी और बच्ची को भी पीटा। वहीं दूसरे पक्ष के करण कुमार ने बताया कि उनके पिता रजोल और चाचा जितेन्द्र बिजली न आने पर अस्थायी तौर पर तार जोड़ रहे थे, जो सचिन के घर की छत से होकर जा रहा था। इसी बात को लेकर सचिन, रामविलास, अशोक, अंशु, अजय, अनुराग, अनमोल और संजु निवासी दिलीपुर ने हमला कर दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ट्रक चालक माल लेकर हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** पनकी थाना क्षेत्र के इस्पात नगर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री के संचालक ने ट्रक चालक और ट्रांसपोर्टर पर संगीन आरोप लगाए हैं। संचालक का कहना है कि ट्रक चालक माल लेकर फरार हो गया, जिसके बाद ट्रांसपोर्टर के साथ मिलकर वह 75 हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रावतपुर निवासी अब्दुल हमीद पनकी के इस्पात नगर में डीबीएस प्लास्टिक फैक्ट्री (स्त्र–183) का संचालन करते हैं, जहां प्लास्टिक स्क्रैप बनाने का काम होता है। अब्दुल हमीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 2 अक्तूबर 2025 को बिल संख्या 068 के तहत बंसल पॉलीपैक, रिंगस इंडस्ट्रियल एरिया, सीकर (राजस्थान) को ट्रक से माल भेजा था। ट्रक का चालक शायर अली निवासी कुंडेर मुंडेरा, भरतपुर (राजस्थान) बताया गया। ट्रक बंसल पॉलीपैक पहुंचा तो वहां मजदूरों और चालक शायर अली के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद चालक ट्रक सहित प्लास्टिक स्क्रैप लेकर मौके से फरार हो गया। फैक्ट्री संचालक अब्दुल हमीद ने जब चालक से फोन पर संपर्क किया तो उसने और ट्रांसपोर्टर श्री बाटू श्याम रोड लाइस ट्रांसपोर्ट के मालिक ने कथित तौर पर 75 हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग की है। फिलहाल, पनकी थाना पुलिस ने फैक्ट्री संचालक अब्दुल हमीद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पूर्व प्रधान का लम्बी बीमारी के चलते हुआ निधन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिठूर।** बुधवार को बिलहन गाँव के पूर्व प्रधान रवि प्रकाश अवस्थी का कैंसर की लम्बी बीमारी के चलते देहांत हो गया। जिसके बाद रविवार को मंधना के वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हरिओम पांडे के निज आवास पर शोक सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में अयोध्या के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री पवन पांडे भी पहुंचे। उन्होंने बिलहन के पूर्व प्रधान रवि प्रकाश अवस्थी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद मौके पर मौजूद सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने दिवंगत पूर्व प्रधान के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में अपर्णा जैन, नितेंद्र यादव, आशीष चौबे, मुरारी शुक्ला, अनुराग, अंशुमान, निखिल, दीपक, अभय शुक्ला, राहुल यादव मौजूद रहे।



### दिव्यांग व्यक्ति ने दबंग प्रधान व साथियों पर मारपीट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर खंड दरियापुर निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने ग्राम प्रधान व उनके साथियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिव्यांग विशाल कटियार पुत्र स्वर्गीय रामशंकर कटियार ने थानाध्यक्ष बिल्हौर को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दिनांक 21 अक्टूबर 25 को दीपावली के दिन शाम करीब साढ़े 3 बजे ग्राम प्रधान एवं दबंग सपा नेता सौरभ कटियार पुत्र स्व. धर्मसिंह कटियार अपने साथियों के साथ उसके खेतों के पास पहुंचे और गाली–गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने धमकी दी कि जैसे तेरे बाप को मारा गया, वैसे ही तुझे भी मारा जाएगा, और तेरे खेत हम जोतेंगे। पीड़ित ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो समाजसेवी नीरज कटियार समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे उसकी जान बच सकी। विशाल कटियार ने बताया कि आरोपित अत्यंत दबंग किस्म के लोग हैं और किसी भी समय उसके साथ गंभीर घटना कर सकते हैं। डर के कारण उसने तीन दिन बाद हिम्मत जुटाकर यह प्रार्थना पत्र थाने में दिया। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत विधिक कार्रवाई करने एवं अपने परिवार की जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# संस्कार भारती ने किया मुल्ला भीरी में भव्य दीपोत्सव एवं भजन संध्या

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



पिसावाँ ब्लाक के नर्मदेश्वर नगर (मुल्ला भीरी) में संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित भव्य दीपोत्सव ने क्षेत्र में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का अनुपम माहौल सृजित किया। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के सरोवर को 25,000 दीपकों की रौनक से सजाया गया, जिसने पूरे परिसर को प्रकाशमय कर दिया। इस भव्य आयोजन में लगभग पांच हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भजन संध्या के माध्यम से भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में लखनऊ की आकाशवाणी की प्रसिद्ध कलाकार सरिता तिवारी, नरेंद्र मृदुल और सीतापुर की आयुषी पांडे ने अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इन कलाकारों की भक्ति भरी स्वर लहरियों ने आयोजन को और भी आलौकिक बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। संस्था के सह महामंत्री मोहित शुक्ला ने कहा कि अगले वर्ष नर्मदेश्वर महादेव के मंदिर परिसर में 51000 हजार दीपक जलाए जाने की योजना है और यह आयोजन आज से हर वर्ष आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती जिलाध्यक्ष शिवप्रताप जायसवाल ने की तथा संचालन कवि सुनीत बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय टोली सदस्य साहित्य कला इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, राकेश त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला,जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्र, अरविंद रस्तोगी रिंकू, सत्यदेव मिश्रा, मुकेश मिश्रा, महंत संतोष दास खाकी, महंत अंजनी महराज, डॉ. मनोज दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, रामदास वैश्य 'रामू', महेश जायसवाल, डॉ. सतीश चंद्र वर्मा (संरक्षक), अतन शुक्ला मंचीय कला संयोजक, आकांक्षा शुक्ला, बालगोविंद द्विवेदी (उपाध्यक्ष), राजकुमार तिवारी और करुणा शंकर कटियार जैसे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला आरोपित कमल किशोर गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर के सर्राफा व्यापारी अनिल कुमार गुप्ता को फोन पर जान से मारने की धमकी व 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी तिसौली कन्नौज निवासी कमल किशोर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रंगदारी मांगने से संबंधित गंभीर मुक़दमें में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया कि शिकायतकता अनिल कुमार गुप्ता व्यापारी को 8 जून 25 को अज्ञात हमलावरों ने घेर कर फायरिंग की थी और उसी अपराध से जुड़ी पृष्ठभूमि में 9 जून 25 को गोबिन्द नगर थाने पर एक रिपोर्ट भी दर्ज करायी गई थी। उसके बाद कुछ आरोपियों को पकड़ा गया था पर कथित मुख्य आरोपी और कुछ सहयोगी अभी बाहर ही थे।शिकायतकता के अनुसार 29 सितम्बर 25 को उनकी दुकान पर एक अज्ञात फोन से कॉल आई जिसमें पिछ्ली आवाज पहचान में आने पर 50 लाख रुपये रंगदारी माँगे गए और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। इसी मामले की त्वरित जाँच व गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। टीम ने कुशल प्रयासों के बाद अभियुक्त कमल किशोर (पुत्र कोतवाल), निवासी ग्राम तिसौली, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज, उम्र 45 वर्ष को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया। आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, बताया गया है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारतवर्ष की धरोहर: मयंकेश्वर शरण सिंह

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की प्रमुख धरोहरों में से एक है राष्ट्र उनके योगदान को अमूल्य पूंजी के रूप में स्वीकार करता है। वह हम सब के स्वाभिमान भी है आज अखंड भारत का निर्माण उन्हीं की सोच और संघर्ष का प्रतिफल है। उक्त बातें जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा सीतापुर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान कही गई। उन्होंने बताया की सरदार साहब की 150 वीं जन्म जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में लोकसभा में पदयात्रा, रोड यात्रा, राष्ट्रीय पदयात्रा, विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन, जिले के पार्कों में कार्यक्रम, अन्य शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम, निबंध ,भाषण, रंगोली चित्रकला प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर जिला अभियान के सभी कार्यक्रमों में संपूर्ण ऊर्जा के साथ सहभागिता करेगा और पार्टी के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी पदाधिकारी सरदार साहब को श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सांसद मिश्रिख अशोक रावत एमएलसी पवन सिंह चैहान विधायक शशांक त्रिवेदी विधायक मनीष रावत विधायक रामकृष्ण भार्गव विधायक निर्मल वर्मा जिला प्रभारी नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता कार्यक्रम सहसंयोजक नीरज वर्मा झल्लर आदि लोगों उपस्थित रहे।

### जिला कार्यालय पर कार्य योजना बैठक संपन्न

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कार्य योजना बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा घोषित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई एवं कार्यक्रमो के कुशल संचालन के लिए टीमों का गठन भी किया गया। कार्यक्रम को मिश्रिख सांसद अशोक रावत जिला प्रभारी नीरज सिंह एमएलसी पवन सिंह चैहान विधायक निर्मल वर्मा विधायक रामकृष्ण भार्गव विधायक मनीष रावत विधायक शशांक त्रिवेदी आदि ने संबोधित किया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


# कृष्णा अल्लावरु को हटा कर क्या राहुल गांधी ने फिर से बड़ी गलती कर दी?

**वर्ष 2014 में मनमोहन सरकार की विदाई और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही कांग्रेस लगातार हार रही है। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी दलों को साथ लेकर इंडिया गठबंधन बनाया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटों पर तो जीत दर्ज की है लेकिन साथ ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बल पर बीजेपी को 240 पर रोकने में भी कामयाब हो गए। हालांकि इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाई।**

*बिहार में लंबे समय तक चले राजनीतिक बवाल के बाद आखिरकार कांग्रेस ने औपचारिक रूप से आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लेकिन इस बात का औपचारिक ऐलान कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने या राहुल गांधी ने नहीं किया। यहां तक कि राहुल गांधी के करीबी एवं बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु या बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम से भी यह ऐलान नहीं करवाया गया। बल्कि तेजस्वी यादव को नेता मानने का ऐलान करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पुरानी पीढ़ी के बुजुर्ग नेता अशोक गहलोत को बिहार की राजधानी पटना भेजा। यहां तक तो कांग्रेस की रणनीति ठीक नजर आ रही है। गुरुवार को पटना में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस हुई, जिसमें अशोक गहलोत ने खुलकर तेजस्वी यादव को इंडिया गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित कर दिया। उसके बाद गहलोत और तेजस्वी, दोनों ने ही बीजेपी के स्टाइल में ही बीजेपी को घेरते हुए यह सवाल भी पूछ डाला कि अब एनडीए गठबंधन को यह बताना चाहिए कि उनका मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है ? लेकिन इस संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के कुछ ही घंटे बाद कांग्रेस खेमे से आई एक बड़ी ख़बर ने सबको चौंका दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी एक आधिकारिक पत्र के जरिए यह बताया गया कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से मनीष शर्मा को कांग्रेस के युवा विंग इंडियन यूथ कांग्रेस- IYC का प्रभारी नियुक्त कर दिया है। अर्थात कांग्रेस ने बिहार में पार्टी संगठन को फिर से खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृष्णा अल्लावरु को यूथ कांग्रेस के प्रभारी पद से हटा कर मनीष शर्मा को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी है। हालांकि कृष्णा अल्लावरु को अभी भी बिहार कांग्रेस प्रभारी के पद से नहीं हटाया गया है लेकिन यूथ कांग्रेस के प्रभारी के पद से उनकी विदाई को लालू यादव और तेजस्वी यादव की नाराजगी का परिणाम माना जा रहा है। इससे पहले, गठबंधन में मामला बिगड़ जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने अशोक गहलोत को पटना भेजा। गहलोत,कृष्णा अल्लावरु के साथ ही बातचीत करने के लिए राबड़ी देवी के आवास पर गए। लेकिन बताया जा रहा है कि लालू यादव ने कृष्णा अल्लावरु को अपने कमरे में घुसने तक नहीं दिया। मुलाकात के बाद जो तस्वीरें निकल कर बाहर आई, उसमें भी लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव से अकेले अशोक गहलोत ही बात करते हुए नजर आ रहे हैं। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में भी तेजस्वी यादव ने सबसे आखिर में कृष्णा अल्लावरु का नाम लेकर यह साबित कर दिया कि उनके मन में कितनी गहरी नाराजगी है। पटना में हुए राजनीतिक घटनाक्रम और अल्लावरु की विदाई ने एक बार फिर से राहुल गांधी को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए है। गठबंधन को बचाने के लिए अशोक गहलोत जैसे बुजुर्ग नेता को भेजकर जाने-अनजाने कांग्रेस की बुजुर्ग ब्रिगेड ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि संकट की घड़ी में राहुल गांधी की युवा टीम हमेशा फेल हो जाती है। इससे यह भी साबित होता हुआ नजर आता है कि राहुल गांधी आखिर तक अड़ कर अपने नेताओं को प्रोटेक्ट नहीं कर पाते हैं। दरअसल, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस पार्टी को आज भी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला हुआ है। लेकिन जिस उत्तर प्रदेश और बिहार के बल पर कांग्रेस ने कई दशकों तक देश पर राज किया है,उन दोनों ही राज्यों में पिछले कई दशकों से कांग्रेस मजबूत नहीं हो पा रही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**छठ पूजा के महाप्रसाद ठेकुआ/अघरवटा के लिए गेहूं आज ही धोया और सुखाया जाता हैं। उसकें अगलें दिन पंचमी तिथि को खरना के नाम से जाना जाता हैं जिसमें पूरे दिन निर्जला व्रत के बाद सायंकाल मीठा भोजन करनें की परंपरा हैं,उसकें बात सबसे महत्वपूर्ण दिन षष्ठी तिथि का होता हैं इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत के साथ सायंकाल छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य निवेदित किया जाता हैं,फिर अगलें दिन सप्तमी को उदयाचल अरूण सूर्य को अरघ देकर इस महाव्रत के पारण करनें की परंपरा हैं। इस व्रत में भगवान भास्कर एवं भगवती षष्ठी की उपासना और पूजन का विधान हैं, षष्ठी देवी भगवान कार्तिकेय की पत्नी हैं जिनका नाम देवसेना भी हैं।**



प्रतीक तिवारी

**लोक संस्कृति से जन्मा सूर्योपासना का महापर्व छठ अब बिहार, झारखंड और पूर्वांचल से निकलकर पूरे भारत में मनाया जा रहा हैं और अब भारत से निकलकर पूरे विश्व में विख्यात हो चुका हैं सिंगापुर से लेकर बहरीन कैलिफोर्निया, अमेरिका, दुबई आदि देशों में छठपूजा बड़े विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा हैं। भारत की लोक-संस्कृति अब छठपूजा के रूप विदेशों में अपनी छटा बिखेर रहीं हैं।**

# यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल होने के बेहद करीब लोकआस्था का महापर्व छठ



**आज समूचे विश्व में भारत की संस्कृति को प्रदर्शित कर रहा है, और अपने आप में समेटे हुए भव्यता, तप, निष्ठा, संयम और भक्ति का यथार्थ उदाहरण पेश कर रहा हैं। छठ पर्व के लिए किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है,इससे इस महापर्व के लिए विश्व में और भी अधिक जागृति आएगी और भविष्य में आने वाली पीढ़ी के साथ पूरा विश्व इस महापर्व को और भी आदर और भक्ति के साथ इससे जुड़ा हुआ महसूस करेगा।**

कार्तिक महिनें के इस कठिन व्रत में उत्साह और उमंग की कोई कमी नहीं रहती, क्योंकि ये छठ पर्व केवल पर्व ही नहीं महापर्व है। पुरब इलाके के लोकपर्व छठ को NESCO Representative List of Intangible Cultural Heritage of Humanity ( मानवता की अमूर्त विरासत) में शमिल करवाने के लिए भारत सरकार ने प्रयास शुरू किया है. सिर्फ देशव्यापी नहीं, बल्कि दुनिया के उन तमाम मुल्कों से इस दिशा में प्रयास शुरू हुआ है, जहां पुरबिया इलाके के लोगों की बसाहट है। तमाम तरह के डोक्यूमेंट को, छठ से जुड़े तमाम सामाजिक–सांस्कृतिक पक्षों को एक जगह जुटाया जा रहा है। उसका दस्तावेजीकरण बहुत ही सुंदर और ठोस तरीके से किया जा रहा है, ताकि यूनेस्को के पास यह प्रस्ताव जाए तो फिर सिर्फ और सिर्फ उधर से हामी का जवाब मिले, इस नेक अभियान के लिए भारत सरकार,, अनेक भारतीय दूतावासों की सक्रियता प्रेरक है।भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, Ministry of Culture, Government of India संगीत नाटक अकादमी Sangeet Natak Akademi इस पहल और अभियान को जिस तरह से, बहुत ही ठोस तरीके से, सारे तथ्यों को जुटाकर, तर्कों से पुष्ट कर आगे बढ़ा रही है, उससे तय है और हम सब आशान्वित है कि छठ महापर्व को यूनेस्को की ओर से मानवता की अमूर्त विरासत वाली श्रेणी में जगह मिल जाएगा। लोक-संस्कृति के संवाहक इस इस महापर्व में अनेकों ऐसे संस्कार सम्मिलित हैं, जो इस लोकपर्व को संस्कृति और सामाजिक समरसता का संरक्षक बना देतें हैं। जब समाज के सभी वर्ग एकसाथ मिलकर एक ही जगह इस पर्व में शामिल होतें हैं, और एक दुसरे की सहायता और सहयोग का भाव रखतें हैं,जैसे लोक प्रचलित विधियों और परम्पराओं के अनुसार देवी षष्ठी एवं भगवान सूर्य की उपासना करतें हैं ,इस पूजा में न पुरोहित की आवश्यकता हैं,न मंत्र और वेदपाठ की ,छठ पूजा के गीतों का अपना एक अलग ही महत्व हैं,बगैर पारंपरिक लोक गीतों के छठपूजा अधूरी हैं। इन सब लोक परंपराओं के समावेश से ही छठपूजा पर्व से महापर्व की श्रेणी प्राप्त कर लेता हैं। लोक संस्कृति से जन्मा सूर्योपासना का महापर्व छठ अब बिहार,झारखंड और पूर्वांचल से निकलकर पूरे भारत में मनाया जा रहा हैं और अब भारत से निकलकर पूरे विश्व में विख्यात हो चुका हैं सिंगापुर से लेकर बहरीन कैलिफोर्निया, अमेरिका, दुबई आदि देशों में छठपूजा बड़े विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा हैं। भारत की लोक-संस्कृति अब छठपूजा के रूप विदेशों में अपनी छटा बिखेर रहीं हैं। छठ के महात्म छठगीतों जो भोजपुरी, मैथिली आदि में गाए जातें हैं, इन लोकगीतों को पहलें से ही वालीवुड गायक-गायिकाओं नें अपनीं आवाज़ दि हैं, पर आज छठ महापर्व की महिमा को देखतें हुए इस विषय पर अनेकों फिल्म बननें लगीं हैं। कुल मिलाकर वर्तमान में यहीं लगता हैं छठ अपनी पवित्रता, सात्विकता, भव्यता, सांस्कृतिक समरसता और सादगी के कारण सूर्योपासना का महापर्व आज विश्वव्यापी हो चुका हैं । कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जानें वाला डाला छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि से ही हो जाती हैं व्रत का सबसे पहला दिन नहाय - खाय के नाम से जाना जाता हैं इस दिन व्रती अपनें साथ अपनें घरों को साफ सुथरा करके सात्विक भोजन ग्रहण करतें हैं जिसमें लौकी की सब्जी का सर्वाधिक महत्व हैं। छठ पूजा के महाप्रसाद ठेकुआ/अघरवटा के लिए गेहूं आज ही धोया और सुखाया जाता हैं। उसकें अगलें दिन पंचमी तिथि को खरना के नाम से जाना जाता हैं जिसमें पूरे दिन निर्जला व्रत के बाद सायंकाल मीठा भोजन करनें की परंपरा हैं,उसकें बात सबसे महत्वपूर्ण दिन षष्ठी तिथि का होता हैं इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत के साथ सायंकाल छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य निवेदित किया जाता हैं,फिर अगलें दिन सप्तमी को उदयाचल अरूण सूर्य को अरघ देकर इस महाव्रत के पारण करनें की परंपरा हैं। इस व्रत में भगवान भास्कर एवं भगवती षष्ठी की उपासना और पूजन का विधान हैं, षष्ठी देवी भगवान कार्तिकेय की पत्नी हैं जिनका नाम देवसेना भी हैं ये देवियों की सेनापति भी हैं और अत्यंत गंभीर, बलवती, क्रोधित सौभाव वाली और संतानों की रक्षा करनें वाली हैं। भगवती षष्ठी ही इस छठ महाव्रत की अधिष्ठात्रि हैं ,इस व्रत में देवी षष्ठी की पूजा के साथ भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य निवेदित करकें इस व्रत को पूर्ण माना जाता हैं। गंगा नदी को भी इस महाव्रत में विशेष महत्ता दी गई हैं ,गंगाजी के तट पर ही सबसें ज्यादा छठ करनें की परंपरा रहीं हैं, पर इस पूजा में हर एक पवित्र जलस्त्रोतों को गंगा समान मानकर वहां छठ किया जाता हैं। गंगा,यमुना,सरयू,या समुद्र हो या तालाब- पोखर ,ताल- तलैया ,कुआं नहर जहां भी सुलभता हो वहां छठ मैया का घाट होता हैं, और भगवान सूर्य को अर्घ्य निवेदित करनें की वेदी। इस लोकपर्व को प्रकृति प्रधान पर्व की संज्ञा प्राप्त हैं नदी,सूर्य साँझ -सुबह आदि को मिलाकर यह पर्व बनाहैं। %तेरा तुझको अर्पण करना% इस व्रत की मूल भावना हैं। हमें भगवान सूर्य की कृपा से जो वस्तुए प्राप्त हैं, हम उन्हीं वस्तुओं को भगवान को बगैर फेर बदल किए अर्पित करतें हैं। तभी तो केलें को उसकें पूरे घवद सहित चढ़ानें की परंपरा हैं नारियल को उसकें पूर्णरूप में चढ़ातें हैं। बड़ा नींबू , अन्नानास, हल्दी का पौधा,अदरख का पौधा, सूरन, आलू, मूली, ईख, लौकी, कद्दू और सारें फल-फूल जो भी हमें प्रकृति और सूर्य नारायण की कृपा से प्राप्त हैं, हम उन्हें आपकों ही अर्पित करतें हैं। यह पारंपरिक लोकपर्व आज समूचे विश्व में भारत की संस्कृति को प्रदर्शित कर रहा है, और अपने आप में समेटे हुए भव्यता, तप, निष्ठा, संयम और भक्ति का यथार्थ उदाहरण पेश कर रहा हैं। छठ पर्व के लिए किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है,इससे इस महापर्व के लिए विश्व में और भी अधिक जागृति आएगी और भविष्य में आने वाली पीढ़ी के साथ पूरा विश्व इस महापर्व को और भी आदर और भक्ति के साथ इससे जुड़ा हुआ महसूस करेगा।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 32:00 तक |
| नक्षत्रः | मूल 13:17 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | अतिगंदा, 07:23 तक |
| सूर्योदयः | 06:29 |
| सूर्यास्तः | 17:33 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 07:52-09:15 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:39-12:23 |

## जन एक्सप्रेस

### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिह्वा से ।*
*आते हैं बयान ।।*
*रहना है विवादित ।*
*इसी में सम्मान ।।*
*छोड़ कर सब काम ।*
*किए एजेंडा तय ।।*
*पकड़ लिए हैं अपनी ।*
*जो पुरानी लय ।।*
*है नज़दीक चुनाव ।*
*चर्चा में अब रहना ।।*
*बोल कर कुछ बोल ।*
*है आगे टहलना ।।*
*रोटी पानी बनी रहे ।*
*है उसका जुगाड़ ।।*
*हल्की फुल्की इसलिए ।*
*दिखती ये दहाड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डल स्किन की समस्या से राहत के लिए करे बेसन और गुलाब जल का इस्तेमाल, त्वचा में आया नेचुरल निखार

**अक्सर** काम की भागदौड़ और लंबे समय तक धूल-मिट्टी या प्रदूषण में रहने के कारण अक्सर लोगों को स्किन डल, बेरूखी और बेजान दिखने लगती है, इसके कारण कई बार लोगों को पिंपल्स, दाग-धब्बे और मुंहासों की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में इन समस्याओं से राहत के लिए कैमिकल्स प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करने के बजाए आप दादी-नानी के बताए कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाया जा सकता है। ऐसे में आपको बता दें, ओनलीमायहेल्थ स्किन केयर के लिए एक स्किन केयर डायरीज नाम की स्पेशल सीरीज चला रहा है। इस सीरीज में हम आपको ऐसे किस्सों को पंहुचाते हैं, जो दादी-नानी के बताए हुए पुराने घरेलू नुस्खें हैं, कैमिकल्स प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के कारण जिनको कम ही लोग इस्तेमाल करते हैं। ऐसे ही एक नुस्खा है जो हमारे साथ गीतांजलि ने शेयर किया है। गीतांजलि बताती हैं कि काम की भागदौड़ और काम के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के कारण उनकी त्वचा रूखी, डल और बेजान दिखने लगी थी। इससे बचने के लिए उन्होंने कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी किया लेकिन फायदा नहीं हुआ। ऐसे में स्किन की इन समस्याओं से बचने के लिए उन्होंने बेसन और गुलाब जल का इस्तेमाल किया था।



इससे उनकी स्किन को भी कई लाभ मिले। ऐसे में गीतांजलि ने इस फेस मास्क को बनाने और इसको इस्तेमाल करने के तरीके को ओनलीमायहेल्थ के साथ शेयर किया है, जो हम इस सीरीज के जरिए आपके साथ शेयर करेंगे।

**त्वचा की समस्याएं हुई दूरः** गीतांजलि शर्मा को अपने काम के लिए लंबे समय तक बाहर भी रहना पड़ता है। ऐसे में लंबे समय तक धूल-मिट्टी या धूप के संपर्क में रहने और स्ट्रेस के कारण उनको टैनिंग, पिंपल्स, दाग-धब्बे, डल स्किन, थकी, त्वचा के बेजान और रूखा होने की समस्या होने लगी थी। ऐसे में समस्या से राहत के लिए गीतांजलि ने बेसन और गुलाब जल के फेस मास्क का इस्तेमाल किया, जो उनकी मम्मी ने उनको इस्तेमाल करने के लिए कहा था। गीतांजलि ने बताया कि बेसन और गुलाब जल के फेस पैक का इस्तेमाल करने से उनको त्वचा में बदलाव नजर आए। इससे उनकी स्किन नेचुरल रूप से हाइड्रेट हुई और स्किन के डेड सेल्स को आसानी से निकालने में मदद मिली, जिससे त्वचा में नेचुरल रूप से निखार लाने, स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने में मदद मिली है।

**कैसे किया बेसन और गुलाब जल के फेस का इस्तेमालः** इसके लिए 2 चम्मच बेसन, 1-2 चम्मच गुलाब जल, चुटकी भर हल्दी और आधा छोटी चम्मच शहद को अच्छे से मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगा लें और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद गीले हाथ से सर्कुलर मोशन में हल्के हाथ से मसाज करते हुए गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2 बार किया जा सकता है। गीतांजलि बताती हैं कि, पहली बार बेसन और गुलाब जल के इस फेस मास्क को इस्तेमाल करने से स्किन का रूखापन दूर हुआ था। इसके बाद इसका इस्तेमाल करने से धीरे-धीरे स्किन की टैनिंग कम हुई और स्किन में नेचुरल रूप से निखार लाने में भी मदद मिलती है।

**स्किन की डलनेस को कम करेः** बेसन और गुलाब जल के फेस मास्क का इस्तेमाल करने स्किन को गहराई से साफ करने, स्किन को स्क्रब करने, डेड सेल्स को आसानी से निकालने और त्वचा में नेचुरल रूप से निखार लाने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्वराज और समानता के प्रणेता गणेश शंकर विद्यार्थी



प्रो. आरके जैन

**आज के दौर में, जब समाज फिर से विभाजन और असमानता की खाई में फँसता दिख रहा है, विद्यार्थी के विचार और कर्म हमें प्रेरित करते हैं कि साहस, सत्य और समाज सेवा के बल पर ही एक न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।**

**विद्यार्थी ने अपनी जान की परवाह किए बिना शांति का संदेश लेकर सड़कों पर कदम रखा। लोगों को समझाने और हिंसा रोकने के इस प्रयास में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका यह बलिदान न केवल उनके सत्य, अहिंसा और मानवता के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह भी सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो संकट की घड़ी में समाज के लिए सर्वस्व न्योछावर करने से न डरे।**

**गणेश** शंकर विद्यार्थी का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता के इतिहास में अमर है। 26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज) में जन्मे इस युगपुरुष ने अपने जीवन को सत्य, न्याय और मानवता के लिए समर्पित कर दिया। उनकी लेखनी, विचार और कर्म न केवल अपने समय में क्रांतिकारी थे, बल्कि आज भी समाज को जागृत करने और नैतिक पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में उन्होंने एक ऐसी मिसाल कायम की, जो हमें सिखाती है कि सच्चाई और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष ही जीवन का सच्चा मोल है। उनकी जयंती हमें उनके योगदान को याद करने और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश देती है। गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता उस दौर में एक सशक्त हथियार थी, जब ब्रिटिश शासन प्रेस की स्वतंत्रता को कुचलने पर आमादा था। 'प्रताप' जैसी पत्रिका के माध्यम से उन्होंने स्वराज की ज्योति जन-जन तक पहुँचाई। उनकी लेखनी में तथ्यों की निर्मम स्पष्टता थी, जो साहस और दृढ़ता का प्रतीक बनी। उनके संपादकीय लेखों ने ब्रिटिश शासन की कुटिल नीतियों को बेनकाब किया और जनता को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। विद्यार्थी मानते थे कि पत्रकारिता का लक्ष्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाना और अन्याय के खिलाफ डटकर मुकाबला करना है। उनकी यह दृष्टि उस दौर की पत्रकारिता को नई दिशा दे रही थी, जब अधिकांश समाचार पत्र या तो औपनिवेशिक दबाव में दबे थे या सीमित दायरे में सिमटे थे। उनकी लेखनी ने असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन जैसे स्वतंत्रता संग्राम के प्रयासों को जन-आंदोलन का रूप दिया। उनके लेखों में वह ज्वाला थी, जो लोगों के हृदय में स्वतंत्रता की लालसा को और प्रचंड कर देती थी। गणेश शंकर विद्यार्थी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान केवल लेखनी तक सीमित नहीं था; वे एक कर्मठ स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अपने कार्यों से इतिहास रचा। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने जनता में आत्मविश्वास और संगठन की भावना को प्रज्वलित किया। उनके नेतृत्व में चले आंदोलनों ने जन-जन में स्वतंत्रता की ललक को और सशक्त किया। ब्रिटिश शासन की यातनाओं और बार-बार की जेल यात्राओं ने भी उनके अटल संकल्प को डिगा न सका। जेल की सलाखों के पीछे भी उनकी लेखनी ने स्वतंत्रता की अलख जगाए रखी। पत्रों और लेखों के माध्यम से उन्होंने आंदोलन को गति दी, यह सिद्ध करते हुए कि वे न केवल कलम के सिपाही थे, बल्कि कर्म के भी योद्धा थे, जो हर मोर्चे पर स्वतंत्रता के लिए जूझ रहे थे। सामाजिक सुधार के क्षेत्र में गणेश शंकर विद्यार्थी का योगदान भी अद्वितीय था। उन्होंने समाज में गहरे पैठी कुरीतियों–जातिवाद, अशिक्षा और महिलाओं के प्रति भेदभाव–के खिलाफ अपनी लेखनी और वाणी को हथियार बनाया। उनका दृढ़ विश्वास था कि सच्ची स्वतंत्रता तभी साकार होगी, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित, जागरूक और समानता के अधिकार से युक्त हो। शिक्षा को उन्होंने समाज की प्रगति का मूलमंत्र माना और इसके प्रसार के लिए अथक प्रयास किए। विशेष रूप से, महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों की पैरवी कर उन्होंने उस रूढ़िग्रस्त समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन की नींव रखी। अपने लेखों और भाषणों के माध्यम से उन्होंने बार-बार यह संदेश दिया कि सामाजिक सुधार के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। यह दूरदर्शी दृष्टिकोण उन्हें न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी, बल्कि एक प्रबुद्ध समाज सुधारक के रूप में भी अमर बनाता है। गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता शैली आज भी पत्रकारिता जगत में एक स्वर्णिम मापदंड है। उनकी लेखनी में तथ्यों की सटीकता, तर्कों की गहराई और नैतिकता की अटलता का अनुपम समन्वय था। ब्रिटिश शासन के कठोर नियंत्रण और प्रेस पर लगाम के बावजूद उन्होंने निष्पक्षता और साहस के साथ पत्रकारिता की मशाल जलाए रखी। उनके संपादकीय और लेख आज भी पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत हैं। उन्होंने पत्रकारिता को न केवल एक पेशा, बल्कि एक शक्तिशाली हथियार बनाया, जो अन्याय के खिलाफ लड़ता था और समाज को जागृत व संगठित करने में अग्रणी भूमिका निभाता था। उनकी यह शैली आधुनिक पत्रकारों को सिखाती है कि सत्य और निष्पक्षता ही पत्रकारिता की आत्मा हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन का सबसे प्रेरक पहलू उनका सर्वोच्च बलिदान है। 1931 में कानपुर के सांप्रदायिक दंगों की भयावह आग में, जब समाज हिंसा की चपेट में था।

# शरदकाल में तैयार करें गन्ने की नर्सरी, मिलेगी बंपर पैदावारः खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी

**जिला गन्ना अधिकारी ने भसूड़ा गांव में आधार पौधशाला का किया सत्यापन, किसानों को दी उन्नत किस्में अपनाने की सलाह**





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शरदकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों में उत्साह देखते हुए गन्ना विभाग ने भी तैयारी तेज कर दी है। शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद् बीसलपुर के ग्राम भसूड़ा में स्थापित आधार पौधशाला का सत्यापन किया। इस पौधशाला में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् शाहजहांपुर से प्राप्त गन्ना किस्म कोशा-18231 का बीज लगाया गया है, जो अगेती और उच्च पैदावार देने वाली किस्म के रूप में जानी जाती है।

## अच्छी टिलरिंग और रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली किस्म

अधिकारी भार्गव ने बताया कि कोशा-18231 गन्ना किस्म जल्दी पकने वाली अगेती प्रजाति है, जिसमें टिलरिंग क्षमता उत्कृष्ट होती है। इससे मिल योग्य गन्ने की संख्या अधिक मिलती है, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस किस्म की सूखी पत्तियाँ आसानी से उतर जाती हैं और यह लाल सड़न रोग एवं स्मट रोग के प्रति मध्यम स्तर तक रोगरोधी है।

## सावधानी से करें किस्मों का चयन

जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में शारदकालीन गन्ना बुवाई तेजी से की जा रही है। ऐसे में किसान भाइयों को गन्ना किस्मों का चयन अत्यंत सावधानीपूर्वक करना चाहिए, क्योंकि गलत किस्म का चयन पूरे वर्ष की मेहनत पर पानी फेर सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इस मौसम में कोशा-18231, को-लख.14201, कोशा-17231, को-लख.16202, को-लख. 94184 और कोशा-08272 जैसी प्रजातियों को अपनाएं।

## किसानों में लोकप्रिय हो रही को-लख.14201

पीलीभीत क्षेत्र में को-लख.14201 किस्म किसानों की पहली पसंद बन चुकी है। यह किस्म 10 से 11 महीनों में तैयार हो जाती है तथा इसमें चीनी प्रतिशत 10.5 से 11.50 तक रहता है। इस गन्ने की लंबाई अधिक, मोटाई समान होती है तथा गांठें भी समान दूरी पर होती हैं। इसमें लाल सड़न और पोक्का बोइंग रोग का प्रकोप बहुत कम देखने को मिलता है। यही नहीं, यह किस्म हल्के जलभराव वाले क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट पैदावार देती है।

### बीज चयन में रखें ये सावधानियां

भार्गव ने कहा कि किसान भाई बीज का चयन करते समय यह अवश्य देखें कि पौधशाला में कोई कीट या बीमारी न हो। बुवाई के लिए 8 से 10 महीने पुराने गन्ने के ऊपरी आधे हिस्से का ही प्रयोग करें। दो आंख वाले टुकड़ों से बुवाई करने से अंकुरण अच्छा होता है। आजकल किसान पौध तैयार कर खेतों में रोपण कर रहे हैं, जिससे प्रति हेक्टेयर केवल 15 से 20 क्विंटल बीज की आवश्यकता होती है।

### महिला समूहों से भी ले सकते हैं पौध

उन्होंने बताया कि किसान भाई गन्ना विकास परिषद् पीलीभीत, मझोला, बरखेड़ा, पूरनपुर और बीसलपुर के महिला स्वयं सहायता समूहों से भी पौध प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### सही किस्म से बढ़ेगी आमदनी- भार्गव

अंत में जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि यदि किसान समय पर नर्सरी तैयार कर सही किस्मों का चयन करें तो उन्हें शारदकालीन बुवाई में बंपर पैदावार प्राप्त होगी। सही किस्म और रोगमुक्त पौध न केवल उत्पादन बढ़ाती है बल्कि किसानों की आमदनी भी दोगुनी करने में सहायक सिद्ध होती है।

# नेता मो. उमर की प्रथम पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- मुख्य पूर्व सांसद राघवेंद्र प्रताप सिंह विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और अध्यक्षता अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने की

**पांच सौ मरीजों ने कराया रजिस्ट्रेशन**



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

नेता मो.उमर की प्रथम पुण्यतिथि पर मेदांता अस्पताल के माध्यम से आर्शीवाद गेस्ट हाउस में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पांच सौ मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें कैंसर रोग के डायरेक्टर अभिषेक कुमार सिंह लीवर व पेट स्पेशलिस्ट डॉक्टर आलोक कुमार सिंह तथा डॉक्टर अंजली सचान ने अपनी सेवाएं दी, इस शिविर में निशुल्क जांच परामर्श और निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई, मेदांता के डाक्टर अभिषेक कुमार सिह, आलोक सिह व अजलि सिह ने वार्ता मे बताया कि आज के शिविर मे चार केंसर के मरीज आऐ, तथा उसके बाद 70/ लीवर व गैस के आऐ, कार्यक्रम से पूर्व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में महा अधिवक्ता के पद पर रहे पूर्व सांसद राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं। अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने स्वर्गीय मोहम्मद उमर की यादों को ताजा करते हुए एक बेहतरीन व्यक्ति बताया तथा निशुल्क स्वास्थ्य सिविल लगाने की सराहना की और कहा मित्रता के लिए धनी व्यक्ति थे तथा अतिथियों को डॉक्टर उबेद उमर इरशाद कुरैशी, उसैदउमर, उबैस उमर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कृष्णा राज मौलाना हजरत सिद्दीकी अधिवक्ता विवेक शुक्ला समरवीर सिंह राम प्रकाश सिंह दिलीप कुमार सिंह सपा विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव, जितेंद्र सिंह, समोद सिह सहित अन्य भी मौजूद रहे कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार मोहम्मद अब्बास नकवी ने किया।

# भक्ति का दरबार, श्रद्धा का उत्सव जब गूंजा 'तेरा दर मिला जो बाबा दरबार आ गया मैं'



- मदीने शाह मोहल्ले में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार, हजारों भक्त हुए भावविभोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

धर्म और आस्था की भूमि पर शनिवार देर रात मदीने शाह मोहल्ले में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण बना। महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में आयोजित इस दरबार में हजारों श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन होकर बालाजी महाराज के गुणगान में डूब गए। दरबार स्थल पर गूंजते रहे जयकारों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।

## भक्ति का सागर उमड़ा, भक्त हुए भाव-विभोर

शनिवार देर रात जब भजनों की स्वर लहरियां तेरा दर मिला जो बाबा दरबार आ गया मैं के साथ वातावरण में गूंज उठीं, तो श्रद्धालु भक्त अपने भावों पर काबू न रख सके। किसी के नेत्रों में आँसू छलक आए, तो कोई भावविभोर होकर नाच उठा। महंत सेवक विशाल ने श्री बालाजी महाराज की आरती कर भक्तों को भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## आस्था और प्रेम का प्रतीक बना दरबार

यह दरबार केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में समाहित भक्ति, प्रेम और समर्पण का जीवंत प्रतीक रहा। हर वर्ग के लोगों ने एक साथ बैठकर आराधना की, जिससे सामाजिक एकता और समरसता का भाव सशक्त हुआ। देर रात तक गूंजते रहे ÷जय श्री बालाजी महाराज की÷ के जयघोष श्रद्धा और उत्साह की गूंज बनकर वातावरण में व्याप्त रहे।

## आत्मिक शांति का केंद्र बना आयोजन स्थल

महंत सेवक विशाल ने बताया कि बालाजी महाराज का यह दरबार केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और मानसिक संतुलन का केंद्र बन चुका है। यहां आने वाले श्रद्धालु न केवल अपनी समस्याओं के समाधान की कामना करते हैं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की प्रेरणा भी प्राप्त करते हैं।

### भक्ति में मिलती है सच्ची शांति का संदेश

दरबार के दौरान महंत ने कहा कि आज के भौतिक जीवन में जब मनुष्य बाहरी सुख की खोज में भटक रहा है, तब भक्ति ही वह मार्ग है जो भीतर की शांति प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि अपने अहंकार का विसर्जन और ईश्वर में पूर्ण समर्पण है।

### समाज को जोड़ने का माध्यम बनी भक्ति परंपरा

कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता बढ़ती है और भक्ति के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की शक्ति को पहचान पाता है। महंत सेवक विशाल के मार्गदर्शन में श्री बालाजी महाराज का यह दरबार अब पीलीभीत ही नहीं, बल्कि आस-पास के जनपदों के भक्तों के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

### समापन में हुई आरती और प्रसाद वितरण

रात देर तक चले कार्यक्रम का समापन श्री बालाजी महाराज की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। भक्तों ने आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया और मन में भक्ति एवं शांति का भाव लेकर अपने घर लौटे। वास्तव में, तेरा दर मिला जो बाबा दरबार आ गया मैं यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि हर भक्त की आत्मा की पुकार है, जो ईश्वर के सानिध्य में अपने जीवन का उद्देश्य खोज लेती है।

# किसानों के हक के लिए पूरनपुर में गरजे बीएम सिंह



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

किसान मजदूर संगठन के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरनपुर मंडी समिति में विशाल कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता बीएम सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान बडी संख्या में किसान मौजूद रहे। इससे पहले सभी का स्वागत किया गया। रविवार को नगर की मंडी समिति में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दूर दराज से भारी संख्या में किसान पहुंचे, किसान मजदूर संगठन के मुखिया और किसान नेता सरदार वीएम सिंह कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे, फूल मालाएं डालकर सभी का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएम सिंह ने कहा कि 25 साल पहले पूरनपुर की धरती से ही किसानों की अधिकारों की लड़ाई शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि जब किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नही मिल रहा था। कहा कि पूरनपुर से शुरु हुए आंदोलन ने सरकार को एमएसपी पर खरीद के लिए मजबूर कर दिया था। किसान नेता ने कहा कि यह संगठन किसानों की आवाज उठाने के लिए ही बनाया गया था। आज भी किसानों में वही जज्बा कायम है। जो 25 साल पहले था। उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धत दोहराई। उन्होंने ने कहा कि आज भी एमएसपी के नाम पर किसानों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर समय आ गया है कि हम इस मुद्दे पर कोई फैसला लें, किसानों से मुद्दे पर फैसला लेने की अपील की,कार्यक्रम को लेकर भारी संख्या में कई जगहो के किसान मंडी समिति में पहुंचे,इस दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद अमर अकबर डंपी, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा सहित कई मौजूद रहे।

# विराट नारी उत्कर्ष समारोह को संबोधित करेंगी शेफाली पंड्या

- 06 से 10 नवम्बर की तिथियों में मीरपुर रसौरा तिराहे पर हो रहा गायत्री परिवार का विशेष आयोजन



**09 नवम्बर को जन्म शताब्दी दीपयज्ञ में करेंगी प्रतिभाग**

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 06 से 10 नवम्बर की तिथियों में आयोजित होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह को शांतिकुंज हरिद्वार की विशेष महिला प्रतिनिधि शेफाली पंड्या जी संबोधित करेंगी। यह आयोजन रामापुर रोड मीरपुर रसौरा तिराहा पर श्रीराम वाटिका मैदान परिसर में होगा जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं।प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मीडिया संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया यह आयोजन गायत्री परिवार की संस्थापक अधिष्ठात्री परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में हो रहा है जिसका उद्देश्य माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म प्रदेश (उत्तर प्रदेश) में जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में एक करोड़ देव परिवार निर्माण करना है। कार्यक्रम में जिले व प्रदेश से आ रहीं एक हजार से अधिक महिलाओं को देव परिवार निर्माण का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन के चौथे दिन होने वाले सायंकालीन जन्मशताब्दी दीपमहायज्ञ में शैफाली पंड्या विशाल महिला सभा को संबोधित करेंगी। देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रति कुलपति यूथ आइकॉन डॉक्टर चिन्मय पंड्या जी की धर्मपत्नी शेफाली पंड्या वर्तमान में गायत्री परिवार के नारी जागरण अभियान का नेतृत्व कर रही हैं।

# मैगलगंज में खनन इंस्पेक्टर और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मैगलगंज थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। खनन इंस्पेक्टर और पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती देर रात पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक रेपर मशीन को जब्त कर सीज कर दिया। यह कार्रवाई अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई। सोशल मीडिया पर भी अवैध खनन को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान लिया। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह और मैगलगंज पुलिस ने मढ़ियाघाट चौकी क्षेत्र के बेहड़ा जोरावर गांव के पास अवैध खनन की सूचना पर यह कार्रवाई की। मौके से अवैध रूप से खनन में लिप्त वाहनों को जब्त किया गया। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि अवैध खनन कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# उपजिलाधिकारी मितौली ने क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यशैली की एक नई मिसाल कायम की



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मितौली उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यशैली की एक नई मिसाल कायम की है। भ्रष्टाचार, अवैध खनन, फर्जी अस्पतालों, राशन वितरण में अनियमिताओं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर उन्होंने जिस तेजी और सख्ती से कार्रवाई की है, उससे क्षेत्र की जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा और सम्मान लगातार बढ़ता जा रहा है चाहे अवैध खनन हो या राशन माफिया – हर मामले में उन्होंने बिना किसी दबाव के कानून के अनुसार कार्रवाई की है। क्षेत्र की जनता जब भी अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचती है, तो वे हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करते हैं।

### प्रयासों का परिणाम

इन प्रयासों का परिणाम यह है कि मितौली तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था एक नई नजीर बन गई है। जनता के बीच मधुसूदन गुप्ता की निष्पक्षता, सक्रियता और जनहितैषी दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है। उनकी निष्ठा और समर्पण ने न केवल उन्हें जनता का चहेता अधिकारी बना दिया है, बल्कि वे शासन और प्रशासन के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### छठ पर्व की बहने लगी बयार, तैयारियां जोरों पर शुरू

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ट्रांस शारदा क्षेत्र में पूर्वांचल के लोगों से बसे गांवों में छठ पर्व की बयार बहने लगी है। जगह जगह बनी छठ वेदी की साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है। पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं।छठ का पर्व पूर्वांचल के लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। नेपाल सीमावर्ती गांवों में भी बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग निवास करते हैं। घुंघचाई और रमनगरा क्षेत्र में भी पूर्वांचल के लोग रहते हैं। छठ पर्व को लेकर पूर्वांचल के लोगों का उल्लास देखते ही बनता है। व्रतधारी महिलाओं की ओर से उगते और डूबते हुए सूर्य देव की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। दीपावली त्योहार के छह दिन बाद छठ पूजन होता है। व्रतधारी महिलाएं 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत रहकर अपने पुत्र, पति और परिवार की लंबी आयु की खुशहाली, सलामती की कामना करती हैं। शाम को विशेष पकवान खाने के बाद महिलाओं का व्रत शुरू होता है। अगले दिन रंग रोगन से सुसज्जित तालाब, पोखर, शारदा तट के निकट बनी छठ वेदियों पर व्रतधारी महिलाएं नवीन वस्त्र धारण कर सिर पर मौसम से संबंधित सेब, केला, संतरा, शकरकंद, सिघाड़ा, मूली, अदरक, धान का चूरा आदि के फल एक डलिया में रखकर समूह के साथ छठ वेदियों पर पहुंचती है। नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणाप्रतापनगर, कबीरगंज, श्रीनगर, गौतमनगर, विजय नगर, अशोकनगर, शांतिनगर, भरतपुर, शास्त्रीनगर, सिद्धनगर, टांगिया समेत कई गांवों में तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई हैं।

### चोरी की बाइकों सहित दो गिरफ्तार, जेल भेजा



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। बाइक चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जेल भेज दिया गया है। नगर में बीते कई महीनो से बाइक चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। 26 अक्टूबर को पूरनपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो वाइक चोर खडे हूए है। मामले को गंभीरता से लेकर कोतवाली पुलिस ने राजीव नगर खुटार जाने वाली पुलिया के पास दो आरोपियों को चोरी की बाइक को सहित घेराबंदी कर दवोच लिया। पकडे गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने अपना नाम गुरसेवक सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी हरसिंहपुर थाना पूरनपुर और दूसरे आरोपी ने अपना नाम लवप्रीत सिह पुत्र गुरूपाल सिंह निवासी ग्राम दिलीपुर इटोरिया माधोपुर थाना घुघचाई जिला पीलीभीत बताया। पुलिस ने चोरी की वाइकों को बरामद कर लिए। मेडिकल परीक्षण के बाद दोनो को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया दोनों आरोपियों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# संत नामदेव जी के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में समानता स्थापित करना ही सच्ची भक्तिः नफीस अहमद अंसारी

- सपा कार्यालय नकटादाना में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती
- पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर लिया प्रेम और एकता का संकल्प



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार रविवार को नकटादाना स्थित केजीएन2 लोकसभा सपा कार्यालय पर संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत नामदेव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने और भक्ति, समानता एवं प्रेम के संदेश को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि संत नामदेव जी ने समाज में समानता, भाईचारे और सच्ची भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने अपने जीवन से यह सिखाया कि ईश्वर प्रत्येक जीव में विद्यमान है और उसकी उपासना बाहरी आडंबरों से नहीं, बल्कि सच्चे मन और प्रेम से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज में विभाजन की रेखाएं खींची जा रही हैं, ऐसे में संत नामदेव जी के उपदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। उन्होंने कहा कि संत नामदेव जी महान भक्त, कवि और समाज सुधारक थे, जिन्होंने भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार प्रेम और करुणा है। सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालकराम सागर, काशीराम सरोज ने कहा कि नामदेव जी का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाकर समरस समाज की स्थापना की दिशा में अमूल्य योगदान दिया। नेताओं ने यह भी कहा कि संत नामदेव जी का संदेश मानवता को जोड़ने वाला है और हर व्यक्ति को इसे अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, अमित पाठक एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, हरगोविंद गंगवार, नरेश कुमार सागर, दिनेश कुमार वर्मा, आशीष कुमार वर्मा, महेश कुमार वर्मा, मन्नू मियां, मुनेन्द्र पाल, चमन प्रकाश सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बृज मौर्या ने पलिया विधानसभा के आदिवासी क्षेत्र का किया भ्रमण



जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी

बृज मौर्या लोकल मीडिया से कहा जनता का स्नेह और उत्साह इस बात का संकेत है कि पलिया विधानसभा नया इतिहास लिखने जा रहा है। इस प्रेम और अपार जनसमर्थन हेतु कोटि-कोटि आभार। विधान सभा के आदिवासी क्षेत्र में आज अपने साथी यूथ कांग्रेस आदिल खान, प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस शुभम् अग्निहोत्री, सोशल मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश शोएब अहमद, सोशल मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश अफजल खान, पूर्व जिला अध्यक्ष आउटरीच वरिष्ठ कांग्रेसी अमर गुप्ता, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव रामचंद्र प्रधान व संदीप गौतम के साथ आज दुधवा नेशनल पार्क क्षेत्र के गांव घुसकिया, ध्यानपुर, कुतिया कवर, किरतपुर कोठी चौराहा, चन्दन चौकी, सुडा आदि गांव का भ्रमण किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आएंगे जनपद खीरी

- अलीगंज क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम मुस्तफाबाद में 3 दिवसीय सत्संग और क्षमा देव स्मृति दिवस समापन में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखीमपुर खीरी के अलीगंज क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम मुस्तफाबाद आएंगे जहां आयोजित तीन दिवसीय असंग साहब जी महाराज के सत्संग और क्षमा देव स्मृति दिवस के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार- सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री 5, कालिदास मार्ग लखनऊ से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे।

10:35 बजे वे ला मार्टीनियर कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ हेलीपैड पहुंचेंगे और 10:40 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से लखीमपुर खीरी के लिए उड़ान भरेंगे। 11:10 बजे मुख्यमंत्री का आगमन विश्व कल्याण आश्रम, कबीरधाम मुस्तफाबाद स्थित हेलीपैड पर होगा। इसके बाद, 11:15 बजे वे कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर स्मृति प्राकट्योत्सव मेला में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात 12:15 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे। 12:20 बजे वे हेलीपैड पहुंचेंगे और 12:25 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12:55 बजे मुख्यमंत्री का आगमन ला मार्टीनियर कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन, पुलिस और आश्रम प्रबंधन ने संयुक्त रूप से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की हैं। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक बैरिकेडिंग की गई है और सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# चतुर्थ दिवस मिश्रिख सांसद ने पूजा अर्चना कर रामलीला कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



मल्लावां कस्बे के भगवन्तनगर में 140 वें वर्ष के रामलीला महोत्सव के चतुर्थ दिवस के कार्यक्रम का शुभारंम्भ मिश्रिख सांसद अशोक रावत और कछौना चेयरमैन पंकज शुक्ला ने भगवान राम,लक्ष्मण और हनुमान की आरती उतारकर किया। समिति के सदस्यों ने उन्हें अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया।

शनिवार को वृंदावन धाम के श्री बांके बिहारी लीला संस्थान के कलाकारों ने सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार नगर दर्शन एवं पुष्प वाटिका प्रसंग की लीला का सुंदर मंचन किया। ताड़का की मृत्यु का समाचार पाकर निशाचर मारीच और सुबाहु सेना लेकर मुनि विश्वामित्र के आश्रम पर आक्रमण करते हैं। राम बिना फर का बाण मार कर मारीच को सौ योजन दूर समुद्र के उस पार भेज देते हैं। अग्निबाण से सुबाहु का वध करते है। सारी सेना का लक्ष्मण संहार करते हैं। इधर मिथिला से राजा जनक जी का सीता स्वयंवर का निमंत्रण मुनि विश्वामित्र को मिलता है। विश्वामित्र राम लक्ष्मण के साथ मिथिला नगरी के लिए प्रस्थान करते हैं मार्ग में एक निर्जन वन पड़ता हैं वहां पर नारी के आकार में परिवर्तित एक पत्थर की शिला थी राम की जिज्ञासा पर विश्वामित्र जी ने बताया कि यह गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या है जो श्राप के कारण पत्थर की शिला हो गई थी मुनि विश्वामित्र विस्तार से कथा सुनाते हैं। देव राज इंद्र ने चन्द्र देव के सहयोग से छल कर गौतम ऋषि की पत्नी के समीप गये परंतु मां गंगा के आदेश से गौतम ऋषि वापस अपनी कुटिया में आते और देखते है कि उनके ही वेश में देव राज इंद्र उनकी पत्नी के समीप मिलते हैं जिससे ऋषि क्रोधित हो जाते हैं और देव राज इंद्र को चंद्र देव को पत्नी अहिल्या को और पुत्री अंजना को श्राप दे देते हैं। राम इस शिला को चरण से स्पर्श कर अहिल्या का उद्धार करो। मुनि विश्वामित्र के आदेश का पाकर राम शिला को चरण से स्पर्श करते हैं जिससे अहिल्या अपने वास्तविक रूप में आ जाती है और राम जी की अनुनय-विनय करती है और अपने पति धाम को चली जाती है। विश्वामित्र जी राम लक्ष्मण के साथ गंगा तट पर आते हैं स्नान करते हैं और गंगा पुत्रों को दक्षिणा देते हैं और फिर आगे विश्वामित्र राम लक्ष्मण के साथ मिथिला नगरी के अंवराई बाग पर विश्राम करते हैं। इस अवसर पर समिति के भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ल, महामंत्री भाष्कर मिश्रा, रामपाल दिवाकर, अशोक दीक्षित, चंद्र शेखर शुक्ला, श्याम नरायण, ऋषभ गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खेत पर गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुरा में खेत पर गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुरा निवासी 47 वर्षीय राधवेंद्र तोमर खेती करके पत्नी प्रवेश कुमारी व पुत्र मानवेंद्र सिंह का भरण पोषण करता था। बताया गया कि वह शनिवार की शाम 4 बजे के लगभग बाइक से खेत पर गया था। देर शाम तक वापस न आने पर स्वजन खेत पर पहुंचे तो वह बंबा की पटरी पर पड़ा था। बल्कि पास में कुछ घासफूस सुलग रहा था। जिससे उसका हाथ भी जल गया था। इसके बाद पुत्र पिता को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह का कहना है कि किसान की हार्ट अटैक से मौत हो सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, शिकायती पत्र आता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 69 वीं मण्डलीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य समापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय 69 वीं मण्डलीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व सीडीओ कुमुदेन्द्र कलाकार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर बालक वर्ग में केशव (जालौन), जूनियर बालिका वर्ग में रवीना (जालौन) तथा रीनू देवी (ललितपुर) व्यक्तिगत चैम्पियन बनीं।

ओवरऑल परिणामों में बालक वर्ग सीनियर, जूनियर व सब-जूनियर में जालौन जिला चैम्पियन रहा, जबकि बालिका वर्ग सीनियर और जूनियर में ललितपुर जिला ने चैम्पियनशिप का खिताब जीता। डीएम ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल हार-जीत का मंच नहीं, बल्कि प्रतिभा और मेहनत को निखारने का अवसर है। सभी प्रतिभागी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराने और खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं, इसलिए सभी विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। सीडीओ ने कहा कि विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं नई प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है, इसलिए छात्र-छात्राओं को नियमित अभ्यास की आदत डालनी चाहिए। इस अवसर डीआईओएस राजकुमार पंडित, प्रधानाध्यापक, खेल प्रशिक्षक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम ने की नलकूप एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में नलकूप एवं लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सिंचाई सुविधा निर्बाध रूप से उपलब्ध होनी चाहिए।

समीक्षा के दौरान पाया कि 11 ट्यूबवेल वर्तमान में खराब हैं, जिन्हें शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी ट्यूबवेलों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा जहां भी तकनीकी समस्या हो, उसकी सूचना तत्काल विभागीय स्तर पर दी जाए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सिंचाई व्यवस्था किसानों की उत्पादन क्षमता से सीधे जुड़ी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

# यज्ञशाला की परिक्रमा से मिटते हैं जन्म जन्मातर के पाप: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**




क्षेत्र के गाँव लोधा में चल रहे श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन विशाल 108 कुण्डीय महायज्ञ में आहुतियों के साथ कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रहलाद चरित्र,जड़ भरत की कथा,श्रष्टि वर्णन की कथा सुनाई गयी। रविवार को प्रातः कालीन बेला में यज्ञशाला में उपस्थित मुख्य यजमानों सहित अन्य भक्तों द्वारा वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज की अध्यक्षता में आचार्य गौरव शास्त्री,शिवम शास्त्री,रवि शास्त्री,रामलखन पचौरी,कृष्णा शास्त्री आदि विद्वान आचार्यों ने यज्ञशाला के द्वारों का पूजन करवाकर मुख्य चौकी एवं यज्ञ कुंड का पूजन करवाया उसके बाद गणेश आदि देवताओं का आवाहन एवं ध्यान कर वेदमंत्रो पर आहुतियाँ दिलवायीं। स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस अवसर पर बताया कि यज्ञ नारायण भगवान की पत्नी का नाम स्वाहा और स्वधा है,देवताओं तक आहुतियों के माध्यम से स्वाहा वहीं पितरों की पूजा में स्वधा अपनी बात पहुंचाती हैं।उन्होंने कहा कि यज्ञ शाला में परिक्रमा करने से अनेकों जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है। एक एक पग परिक्रमा से जन्म जन्मातर के पापों से निवृति होती है। सांयकालीन बेला में हुई श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने अवतार लिया था,अगर प्रहलाद जैसी भक्ति हो तो हर युग में अपने भक्त के लिए भगवान अवतार लेते हैं। कथा में उपस्थित भारी जन समूह ने भजनों पर नृत्य कर पुण्य का लाभ लिया।

## क्षतिग्रस्त नाला और मलबा बना परेशानी का सबब, डीएम से सफाई कराने की गुहार

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

नगर पालिका की लापरवाही के कारण छत्रसाल रोड पर एक क्षतिग्रस्त नाला और उसके किनारे पड़ा मलबा स्थानीय निवासियों के लिए चार महीने से परेशानी का कारण बना हुआ है।

नगर पालिका ने नाले की सफाई तो कराई, लेकिन क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत और मलबे को हटाने का वादा पूरा नहीं किया। इससे परेशान होकर एक स्थानीय व्यक्ति ने जिलाधिकारी (DM) को शिकायती पत्र भेजा है और जल्द समाधान की मांग की है। छत्रसाल रोड पर अनस गेस्ट हाउस के पास दुकान चलाने वाले शादाब सिद्दीकी ने डीएम राजेश पांडेय को भेजे पत्र में बताया कि करीब चार से पांच माह पहले नगर पालिका द्वारा जेसीबी मशीन से नाले की सफाई कराई गई थी। इस दौरान नाले का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सफाई के बाद जो मलबा निकला, वह भी सड़क किनारे ही छोड़ दिया गया, जिसे अब तक नहीं हटाया गया है।

क्षतिग्रस्त नाले के कारण लोगों को उसे पार करने में भारी दिक्कत हो रही है और सड़क पर पड़े मलबे से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। सिद्दीकी के अनुसार, उन्होंने इस समस्या को लेकर अधिशासी अधिकारी (EO) से शिकायत की थी, जिन्होंने जल्द ही नाले की मरम्मत कराने और मलबा उठवाने का आश्वासन दिया था।

लेकिन, चार महीने बीत जाने के बावजूद न तो नाले की मरम्मत हुई है और न ही मलबा हटाया गया है।

# बेतवा नदी में चार दोस्तों में से एक की डूबने से मौत, शव बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र से निकली बेतवा नदी में नहाने गए चार दोस्तों में से एक की डूबने से मौत हो गई। जबकि तीन साथियों को ग्रामीणों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाल लिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ेगांव निवासी चार दोस्त बेतवा नदी में नहाने गए थे। जिनमें से एक युवक शिवा 25 वर्ष पुत्र करन सिंह गहरे पानी में चला गया। तभी अचानक वह बालू माफियाओं द्वारा किए गए गड्ढे में फंस गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। साथ ही उसके तीन अन्य साथी बाहर निकलने में कामयाब रहे।

जब उसके तीनों साथियों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रभात सिंह मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन कर युवक के शव को पानी से बाहर निकला और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के लोगों ने आरोप लगाया की बेतवा नदी में अवैध खनन के चलते खनन माफिया हैवीवेट पॉपलैंड मशीनों से नदी का सीना

**खनन माफिया के गहरे गड्ढे ने ली एक की जान, ग्रामीणों ने उठाई कार्यवाही की मांग**

चीरकर गहरे गड्ढे करते हैं, जो अब हम ग्रामीणों के हादसों की वजह बन रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते खनन माफियाओं पर रोक नहीं लगाई जाती है, आज एक युवक की जान गई है, तो कल अन्य कई और लोगों की भी जानें जा सकती हैं। साथ ही ग्रामीणों ने नदी में हो रहे अवैध खनन पर प्रशासन से तुरंत रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।साथ ही ग्रामीणों ने नदी में हो रहे अवैध खनन पर प्रशासन से तुरंत रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक यह पहली बार बेतवा नदी में हादसा नहीं हुआ है इससे पहले भी इस तरह की दुर्घटना बीते वर्षों में भी सामने आ चुके हैं। लेकिन अब तक स्थानीय समाधान प्रशासन द्वारा नहीं निकाला गया है।

## निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से अनियंत्रित होकर नीचे गिरी तेज रफ्तार कार, 7 घायल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरपालपुर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर एक तेज



रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी।जिससे कार सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं।जहां से डॉक्टर ने तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जनपद के कनकपुर गांव निवासी मोहित मिश्रा पुत्र दुर्वासा अपने साले अरवल थाना क्षेत्र के टिलिया घटवासा गांव निवासी संदीप पांडेय पुत्र सत्यप्रकाश,अपने साढू बघौली थाना क्षेत्र के भिलंवा गांव निवासी पुनीत शुक्ला पुत्र आनंद कुमार तथा अपने भाई कुलदीप पुत्र दुर्वासा तथा भाभी कोमल भतीजी अंशिका तथा भतीजे यश के साथ शुक्रवार को कानपुर दवा लेने गए थे। शनिवार की रात वापस आते समय करीब 8रू00 बजे हरपालपुर थाना क्षेत्र के इकनौरा गांव के पास निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नीचे पटरी पर आ गिरी। जिससे कार सवार सातों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सभी कार सवारों को बाहर निकाल कर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस समेत एंबुलेंस को दी।मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया है।जहां से डॉक्टर ने कुलदीप,संजीव पांडेय तथा कोमल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# एसपी ने झाड़ी शाह बाबा मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

संडीला में हजरत रब्बानी शाह कादरी रहव उर्फ झाड़ी शाह बाबा के सालाना उर्स एवं मेले के दूसरे दिन शनिवार की देर रात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संडीला नारायणी भाटिया,सीओ संतोष कुमार सिंह, तहसीलदार अमित यादव तथा प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पाल सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।अधिकारियों ने मेला स्थल, दरगाह मार्ग, पार्किंग स्थलों और मुख्य द्वारों का जायजा लेकर सुरक्षा, यातायात व व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सादी वर्दी में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती रहेगी ताकि हर स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संडीला ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, शौचालयों की उपलब्धता और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।वार्षिक उर्स व मेला संडीला की धार्मिक आस्था और सौहार्द का प्रतीक है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।

## पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 12 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरपालपुर पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 12 वारंटियों को गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। वांछित वारंटी पेशियों पर नहीं जा रहे थे। जिस वजह से उनके गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे। हरपालपुर थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कर्ता गांव निवासी संदीप पुत्र खुशीराम, महसूलापुर गांव निवासी धुन्ना उर्फ गोविंद पुत्र रामरतन, जोतपुरवा गांव निवासी अलमशेर पुत्र मोहम्मद शेर, अड़रामऊ गांव निवासी सोनपाल पुत्र नंदलाल, कैखाई गांव निवासी आलोक कुमार उर्फ लल्लन पुत्र फूलचंद्र, सुधीश पुत्र शिवरतन, खसौरा गांव रतन पुत्र जगदीश, विमलेश पुत्र हरी सिंह, हरियापुर गांव निवासी राजकिशोर पुत्र घुरई, रामगोपाल पुत्र घुरई, गधेड़ा गांव निवासी रामकुमार पुत्र गुलजारी तथा लालाराम पुत्र जगरूप को घरों से गिरफ्तार कर सम्बंधित कोर्ट में पेश किया हैं। जहां से उनको जेल भेज दिया गया है।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पिहानी क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे खंती में युवक का शव और पास में गिरी बाइक देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।मृतक की पहचान सतीश रैदास (30 वर्ष) पुत्र गेंदल, निवासी बनावा थाना हरियावा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, सतीश अपनी पत्नी को जहानीखेड़ा छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान पिहानी के हरिया-शारदा नहर पुल के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पलट गई और सतीश खंती में जा गिरे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव की तलाशी के दौरान जेब से मोबाइल फोन बरामद किया, जिसके माध्यम से परिजनों को सूचना दी गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया गया कि मृतक का ब्लूटूथ पेड़ की डाल पर लटका मिला, जिससे प्रतीत होता है कि हादसा काफी भीषण था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# चोरी के आभूषण व नगदी सहित एक अभियुक्त व एक बालअपचारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सांडी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए एक बालअपचारी को हिरासत में लिया है।

दोनों के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सांडी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आलोक सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम ढोढपुर थाना सांडी को गिरफ्तार किया। उसके साथ एक बालअपचारी को भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने घरों में हुई चोरी की घटनाओं को कबूल किया।पुलिस ने उनके कब्जे से दो अदद कंगन (सफेद धातु), एक मोबाइल फोन और 1320 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्तों ने 8 सितंबर 2024 को थाना सांडी क्षेत्रांतर्गत सांडी तिराहा पर स्थित एक घर से आभूषण व नकदी चोरी की थी। 21 अक्टूबर 2025 को भी थाना क्षेत्र के जटपुरवा में एक घर से मोबाइल फोन व नकदी चोरी की गई थी।साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों पर धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में राकेश यादव, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, अंकुर शर्मा, हरीश्वरण, राहुल यादव, रोहित कुमार और योगेंद्र पाल शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व विधायक ने डॉक्टर हिकमतुल्ला मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



शाहाबाद नगर क्षेत्र के मलकापुर मार्ग पर मरहूम जनाब डॉक्टर हिकमतुल्ला खां मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने रविवार को फीता काटकर शुभारंभ किया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में आसपास के जनपदों की 16 टीमें भाग ले रही हैं। एकदिवसीय मैच का शाम तक समापन कर दिया जाएगा। टूर्नामेंट शुभारंभ के मौके पर पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने कहा खेलों से आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ-साथ खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खां, रेहान खां, साद खां, हम्माद अख्तर, मुन्ना, नदीम खां, डाक्टर फुज़ैल खां आदि मौजूद रहे।

# रफ्तार का कहर : बेकाबू डंपर ने दरोगा को कुचला, दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के अंतू थाना इलाके में रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में महिला थाने में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे सराय वीरभद्र गांव के पास हाईवे पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक बेकाबू अज्ञात डंपर दरोगा को कुचलते हुए मौके से भाग निकला। दरोगा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दरोगा महानंद त्रिपाठी चित्रकूट जनपद के रहने वाले थे और वर्तमान में जिले के महिला थाने में एसआई पद पर तैनात थे। रविवार सुबह हादसे के समय वह ड्यूटी से संबंधित कार्य के लिए जा रहे थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर की चपेट में आ गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा।

पुलिस ने डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है, जो घटना के बाद वाहन समेत फरार हो गया। सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज ने बताया कि उपनिरीक्षक महानन्द तिवारी एनएच - 330 बाईपास की तरफ से विवेचना के कार्य से अंतू जा रहे थे तभी लौहंगपुर गांव के समीप किसी अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दिया जिसमें उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है। डंपर की तलाश की जा रही है। सुबह सुबह हुए इस हादसे से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

## एसपी दीपक भूकर ने पुलिस लाइन में मृतक दरोगा को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद के अंतू थाना इलाके में रविवार सुबह 8 बजे महिला थाने में तैनात दरोगा महानन्द तिवारी की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर दिवंगत दरोगा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
इसके साथ ही परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एसपी ने कहा कि विभाग की ओर से हर संभव सहयोग किया जायेगा। श्रद्धांजलि समारोह में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल, एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय, सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत दरोगा महानन्द तिवारी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह अपूर्णनीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## बाइक सवार दो सगे भाइयों को कार ने कुचला, इलाज के दौरान दोनों की मौत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के नवाबगंज थाना इलाके में बाइक से ससुराल जा रहे दो सगे भाइयों को शनिवार देर रात सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। दोनों की इलाज के दौरान हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मानिकपुर थाना इलाके के जसौली गांव निवासी प्रदीप सरोज ( 32 वर्ष ) अपने छोटे भाई जितेंद्र सरोज ( 30 वर्ष ) के साथ बाइक से रायबरेली जनपद के ऊंचाहार में स्थित ससुराल जा रहे थे। बाइक सवार दोनों युवकों को नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन पर चली गई। हादसे में प्रदीप का दाहिना पैर घटनास्थल पर ही कटकर अलग हो गया। हाथ भी बुरी तरह जख्मी हो गया। जबकि छोटे भाई जितेंद्र के रीढ़ की हड्डी टूट गई और हाथ व पैर जख्मी हो गया। घटनास्थल पहुंची नवाबगंज पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को सीएचसी कालाकांकर पहुँचाया। दोनों की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। देर रात एम्स में इलाज के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। थानाध्यक्ष नवाबगंज सन्तोष सिंह ने बताया कि कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लिया गया है। इसके साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

## अभाविप ने की छठ घाटों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत रविवार को नहाय-खाय के साथ हुई। इसी अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) महराजगंज सदर नगर इकाई ने विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। नगर के सोनरा छठ घाट समेत कई अन्य छठ घाटों पर कार्यकर्ताओं ने मिलकर साफ-सफाई की। अभियान का नेतृत्व प्रभात पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देती है। इस अवसर पर प्रांत स्कूली विद्यार्थी कार्य संयोजक मयंक मणि त्रिपाठी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था और समरसता का प्रतीक है। इस पर्व में सूर्य देव की उपासना की जाती है और व्रती सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना करते हैं, इसलिए पूजा स्थल का स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छठ ऐसा पर्व है जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, यह सभी सनातनियों को एकता के सूत्र में बांधता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में पहला दिन नहाय-खाय, दूसरा दिन खरना, तीसरा दिन ढलते सूर्य को अर्घ्य और चौथा दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर समापन किया जाता है।
इस मौके पर अभिनव पटेल, अमित वर्मा, श्याम वर्मा, बाल्मीकि यादव, अविनाश शर्मा, विवेक कुमार, सन्नी कन्नौजिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी कमलेश तिवारी के पुत्र कुलदीप तिवारी ( 28 वर्ष ) को शनिवार देर रात एक व्यक्ति ने गोली मार दी। सिर में गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रॉमा सेंटर ले गये।
युवक की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर पर एम्बुलेंस आने में देरी होने पर सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायल युवक को अपने सरकारी वाहन से जिला अस्पताल भेजवाया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। घायल के पिता कमलेश तिवारी ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही मंजीत द्विवेदी ने उनके बेटे को घर के पास बैठे समय गोली मारी है। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल करने के साथ ही परिजनों से पूछताछ भी की। पुलिस द्वारा घायल की तहरीर पर पांच नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाबत सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए भेजा गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम का गठन किया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आयेंगे उनके अनुसार अन्य विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## सीएससी संचालक से लूट में पुलिस ने छह संदिग्धों को हिरासत में लिया

जन एक्सप्रेस | देवरिया

चार दिन पहले सीएससी संचालक से हुई 1.25 लाख रुपये की लूट के मामले में कोतवाली पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। इसको लेकर हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर कुछ अहम सुराग भी मिले हैं। कोतवाली क्षेत्र के महुआडीह टोला रामपुर बनहर गांव निवासी विवेक कुमार पांडेय के मुताबिक 22 अक्टूबर की रात करीब 9.45 बजे वह पैसा कलेक्ट कर के देवरिया से घर के लिए जा रहे थे। अभी वे पुरवां से आगे कुरना नाला के आगे बढ़े थे कि इसी बीच बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका पीछा करके कुरना नाला पुल के पास उनसे बैग छीन लिया, बैग में 1.25 लाख रुपये रखे हुए थे। बैग छीनने के बाद बदमाश वापस शहर के तरफ भाग निकले।

# समीक्षा : डीएम ने मनरेगा कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास खण्डवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई और जिन खण्ड विकास अधिकारियों की प्रगति ठीक नही पायी गयी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी करने हेतु डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति में समन्वय रखते हुए कार्यों की गति में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय से की जा सके। बैठक में 100 दिवस रोजगार उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य प्राथमिकता से पूरा किया जाए। साथ ही एरिया ऑफिसर ऐप पर निरीक्षण की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ऐप पर नियमित रूप से निरीक्षण अपलोड करें और कार्यस्थल की वास्तविक स्थिति का अद्यतन करें। डीएम ने निर्देशित किया कि मनरेगा कार्यो हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर कार्यो की जांच करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका समुचित अभिलेखीकरण एवं फोटोग्राफ अपलोड किए जाएं ताकि कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में अन्नपूर्ण भवन निर्माण (वित्तीय वर्ष 2023-24) की प्रगति, अमृत सरोवर फेज-2 की स्थिति तथा सोशल ऑडिट एटीआर की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन पत्रों पर जिला स्तर से अनुपालन या कार्यवाही अवशेष है, उन पर शीघ्र कार्रवाई की जाए एवं संबंधित अधिकारी उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकासात्मक कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन चकरोडों पर गड्ढे हो गये है उनका माइक्रोप्लान तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि गौशालाओं में बेहतर व्यवस्था बनाये रखे जिससे किसी भी गोवंश को कोई दिक्कत न हो, ग्राम्य विकास के कार्यो की प्रगति को ठीक रखें। शिकायतों के निस्तारण में विशेष ध्यान दिया जाये यदि पंचायत या सेक्रेटरी के स्तर पर शिकायतें डिफाल्टर पायी जाये तो उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये और यदि तीसरी बार शिकायतें डिफाल्टर पायी जाये तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | महराजगंज




जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, एएनसी जांच, आयुष्मान कार्ड, क्षय रोग उन्मूलन, एड्स नियंत्रण तथा एनसीडी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।
जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैकलॉग समाप्त करने के निर्देश दिए तथा पूर्ण टीकाकरण में 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले उपकेंद्रों की एएनएम का इंक्रीमेंट रोकने और शो-कॉज नोटिस जारी करने के आदेश दिए। वहीं, 80 प्रतिशत से कम प्रगति पर संबंधित एएनएम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीरो डोज बच्चों की अधिक संख्या पाए जाने पर बीपीएम रतनपुर को नोटिस जारी करने को कहा।
पनियरा क्षेत्र में चिकित्सीय सेवाओं की शिथिलता को लेकर एमवाईसी के प्रति नाराजगी जताई गई और सीएमओ को स्पष्टीकरण हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में फरेंदा, बृजमनगंज, निचलौल, नौतनवा और घुघली में कम प्रसव दर पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत जिन लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके स्थान पर अन्य पात्र व्यक्तियों को कार्ड जारी किए जाएं।
जिलाधिकारी ने सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में जन्मे सभी बच्चों को बीसीजी टीका लगाकर मंत्रा ऐप पर फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आकांक्षी ब्लॉकों में की-इंडिकेटर्स में सुधार के लिए प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने आभा आईडी निर्माण हेतु अभियान चलाने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सितंबर माह में 862 लाभार्थियों ने आयुष्मान कार्ड से दवा का लाभ प्राप्त किया तथा सरकारी चिकित्सालयों में 1015 मरीजों की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, एसीएमओ डॉ. राकेश कुमार, सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी, क्षय रोग अधिकारी डॉ. विरेन्द्र आर्या सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव में किसानों को किया जागरूक- डीएम

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद में रविवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक तथा उ.प्र. मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को 11 बजे से कृषि भवन के परिसर में दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को दी जायेगी। कार्यक्रम के माध्यम से कृषको को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। जिसमें समस्त विभागों से प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होंने जनपद के कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करें।

# राजगीर मिस्त्री ने की आत्महत्या, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस | पनियरा/महराजगंज



नगर पंचायत पनियरा वार्ड नंबर दो निवासी सुभाष चंद्र राजभर (50) पुत्र स्वर्गीय जुगुन ने रविवार की सुबह सिवान स्थित अधबने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया।
परिजनों के अनुसार मृतक राजगीर मिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी मैना, दो बेटे और तीन बेटियां हैं। बड़ा बेटा दीपक इस समय बेंगलुरु में रहकर कारपेंटर का काम करता है जबकि छोटा बेटा प्रिंस कक्षा 7 का छात्र है। तीन बेटियों में एक की शादी हो चुकी है, जबकि संगम और नेहा (कक्षा 11 की छात्रा) की शादी नहीं हुई है।
रविवार सुबह लगभग 10 बजे गांव की महिलाएं बकरी चराने निकली थीं। सिवान में बने अधूरे मकान के पास पहुंचीं तो देखा कि वह गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ है। महिलाओं ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना घरवालों को दी। परिवार के लोग आनन-फानन में सुभाष को फंदे से नीचे उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी मैना का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बड़े भाई रामकिशन ने बताया कि सुभाष शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर घर पर झगड़ा करता था। कई बार खेत बेचने की भी कोशिश की थी, जिससे परिजनों में तनाव रहता था। इस संबंध में थानेदार आशीष सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़




नगर कोतवाली इलाके के स्टेशन रोड सीताराम गली से बीते जुलाई माह में एक पिकअप गाड़ी गायब हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब वाहन मालिक को उसकी गाड़ी नहीं मिली तो उसने कोतवाली में चोरी की तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी। उसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार करने गयी नगर कोतवाली पुलिस की अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत ईशीपुर ढेकाही गांव के समीप पिकअप चोरों के साथ मुठभेड़ हो गई। और पुलिस ने सुल्तानपुर निवासी एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा अभियुक्त मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश कर रही थी। दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसआई अंकित श्रीवास्तव व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त पप्पू उर्फ मो. तौफिक को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे स्टेशन पार्किंग प्रतापगढ़ से रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त दिलीपपुर थाना इलाके के श्रीनाथपुर गांव का रहने वाला है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2.50 करोड़ का प्रस्ताव पास

**देवरिया।** लार ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक शनिवार को ब्लॉक सभागार में हुई। इसमें 2025-26 के लिए 2.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पास किया गया, जिससे सर्वसम्मत से पास कर दिया गया। सभी सदस्यों की मौजूदगी में पिछली कार्रवाई की पुष्टि भी की गई। ब्लॉक प्रमुख अनुभा सिंह सहित बीडीसी सदस्यों के साथ ग्राम प्रधान व अलग-अलग विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सदस्यों ने पिछले वर्ष की कार्रवाई की पुष्टि की। ब्लॉक प्रमुख अनुभा सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास हो, इसलिए आप सभी प्रतिनिधि सरकार की मंशा के अनुरूप खड़ंजा, आरसीसी, नाली बनवाने के लिए अपना प्रस्ताव नोट करा दें। बीडीओ ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गांवों में विकास कार्यों में तेजी लाएं जिस गांव में पैसा पड़ा है, वहां तत्काल काम कराकर खर्च करे।

# लग्जरी बस ने चाचा-भतीजे को रौंदा, घटना स्थल पर ही दोनों की मौत, लोगों ने NH किया जाम

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर




जानकारी के मुताबिक बिहार प्रांत के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुखदेव पट्टी निवासी 20 वर्षीय अबरार अंसारी व उनके पट्टीदारे के चाचा 50 वर्षीय आलीम अंसारी किसी कार्य से बाइक से सलेमगढ़ आ रहे थे। अभी वे सलेमगढ़ टोल प्लॉजा के पास पहुंचे ही थे कि दिल्ली की तरफ से बिहार की तरफ से जा रही एक लग्जरी बस ने उन्हें ठोकर मार दिया।
तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ टोला प्लॉजा पर रविवार की सुबह करीब नौ बजे से दिल्ली से बिहार की तरफ से जा रही लग्जरी बस ने बाइक सवार दो लोगों को ठोकर मार दिया। इससे गंभीर रूप से घायल बाइक सवार दोनों लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन स्थानीय लोगों के साथ टोल प्लॉजा पर हंगामा करते हुए एनएच जाम कर दिया। सूचना पर आई पुलिस और तमकुहीराज एसडीएम ने लोगों ने समझाबुझाकर शांत कराया। जानकारी के मुताबिक बिहार प्रांत के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुखदेव पट्टी निवासी 20 वर्षीय अबरार अंसारी व उनके पट्टीदारे के चाचा 50 वर्षीय आलीम अंसारी किसी कार्य से बाइक से सलेमगढ़ आ रहे थे। अभी वे सलेमगढ़ टोल प्लॉजा के पास पहुंचे ही थे कि दिल्ली की तरफ से बिहार की तरफ से जा रही एक लग्जरी बस ने उन्हें ठोकर मार दिया। इससे गंभीर रूप से घायल दोनों चाचा- भतीजे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पहुंचे मृतक के परिजन और गांव वाले स्थानीय लोगों के साथ हंगामा करते हुए एनएच जाम कर दिया। परिजनों ने आरोपी बस चालक पर कार्रवाई करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची तमकुहीराज एसडीएम आकांक्षा मिश्रा व तरयासुजान और तमकुहीराज पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे के मान मन्नौवल के बाद हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने ले गई।

# जौनपुर से बड़ी खबर

## रामपुर में भीषण सड़क हादसा

### दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो ट्रक से टकराई, एक महिला की मौत, छः गंभीर घायल





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**रामपुर।** रविवार सुबह रामपुर थाना क्षेत्र के गंधवना गांव के पास नेशनल हाईवे पर एचपी पेट्रोल पंप के समीप श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो ट्रक से जा टकराई। हादसे में बोलेरो में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भदोही जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु विंध्याचल धाम में दर्शन कर अंबेडकर नगर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:30 बजे विंध्याचल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो जैसे ही रामपुर थाना क्षेत्र के गंधवना गांव के पास पहुंची, उसी समय सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रामपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। जेसीबी मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त बोलेरो को सड़क किनारे हटवाया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को भदोही रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि हादसे में बोलेरो सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। वाहन को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है।



**भदोही रेफर किए गए सभी घायलों की हालत नाजुक, विंध्याचल से लौट रहे थे श्रद्धालु**

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बोलेरो की रफ्तार काफी तेज थी और चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं के परिजन को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अनुराग हत्याकांड में हीरो बनकर उभरे वीरेंद्र यादव (प्रधान पति) कबीरउद्दीनपुर को शांति भंग मे पुलिस ने गिरफ्तार किया



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर गौराबादशाहपुर धर्मापुर ब्लाक के कबीरूद्दीनपुर गांव के प्रधानपति वीरेन्द्र यादव को पुलिस ने शनिवार को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एसओ प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि उनके नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक मंशाराम गुप्ता क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि बनरहियाबाग क्षेत्र में एक व्यक्ति उत्पात मचा रहा है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वीरेन्द्र यादव को हंगामा करते और लोगों से उलझते देखा गया। पुलिस ने उसे कई बार समझाने की कोशिश की। लेकिन वह नहीं माना और आमादा फौजदारी हो गया। शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया।

## संत नामदेव जयंती पर समाजवादियों ने किया स्मरण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




समाजवादी पार्टी द्वारा महान संत व सामाजिक समरसता के अग्रदूत संत शिरोमणि नामदेव की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संत नामदेव ने अपने जीवन से समता, भक्तिभाव और समाज सुधार का संदेश पूरे देश में फैलाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि संत नामदेव ने जनता को भक्ति और समानता का मार्ग दिखाया। संत ज्ञानेश्वर के परलोकगमन के बाद उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण कर जनजागरण किया। उनके उपदेश युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। संचालन जिला उपाध्यक्ष समीर चौधरी ने किया।

रूधौली विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी एवं कप्तानगंज विधायक कवीन्द्र चौधरी ने कहा कि उस समय महाराष्ट्र में नाथपंथ का प्रभाव था, लेकिन संत नामदेव बाहरी आडंबरों के विरोधी रहे। उनकी रचनाएँ 'मुखबानी' में संग्रहित हैं जिन्हें आज भी महाराष्ट्र सहित पूरे देश में भक्ति के साथ गाया जाता है। लगभग 80 वर्ष की आयु में वे समाधि में विलीन हो गए।

वरिष्ठ सपा नेता दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि संत नामदेव का पूरा जीवन समाज सुधार को समर्पित रहा। उनकी भक्ति गीतों ने लोगों को बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हर युग में ऐसे संतों की आवश्यकता है जो समाज को गलत दिशा में जाने से रोकें और बढ़ती असमानता को समाप्त करें।

कार्यक्रम में जमील अहमद, जावेद पिण्डारी, मो. सलीम सहित कई नेताओं ने भी अपने विचार रखे। मौके पर राजेन्द्र चौरसिया, अरविन्द सोनकर, मो. युनुस आलम, राहुल सोनकर, विपिन त्रिपाठी, अबकर अली, विरेन्द्र यादव, नित्यराम चौधरी, हनुमान प्रसाद चौधरी, मुरली पाण्डेय, अशोक कुमार यादव, रजनीश यादव, प्रधान तूफानी, लालमन यादव, गौशंकर यादव, चन्द्रहास, सुनील यादव, सुशील यादव आदि की उपस्थिति रही।

## पृथ्वीराज पार्टी ने तेज किया विस्तार अभियान, कार्यकर्ताओं को सौंपे अहम दायित्व

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




भारतीय पृथ्वीराज पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सदस्यता व विस्तार अभियान को रफ्तार दे दी है। इसी क्रम में ब्लॉक रोड स्थित एक होटल के सभागार में पार्टी की पहली बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में संगठनात्मक कार्य तेजी से शुरू हो चुके हैं और जल्द ही एक सशक्त एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम पार्टी को मजबूती देगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों व उद्देश्यों को आम जनता तक पहुँचाए। कहा कि पार्टी पारदर्शी शासन व्यवस्था, युवाओं को रोजगार, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ राजनीति में आया है। इसके लिए सभी को पूरे समर्पण के साथ कार्य करना होगा।

श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने और व्यवहारिक रूप से सभी को साथ लेकर चलने की अपील की।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफेर चौहान, रामअजय चौहान, आत्मा प्रसाद चौहान एडवोकेट, रामनरेश चौहान, एड. सत्या चौहान, संदीप चौहान, नरसिंह चौहान, रामप्यारे चौहान, अभिमन्यु चौहान, भगवानदास चौहान, बरखू चौहान, राजदेव मौर्य, अनिरुद्ध चौहान, पतिराम चौहान, अकाया चौहान, जगदीश चौहान, विजय चौहान, कमलेश चौहान, रंगीलाल चौहान, रामउग्रह चौहान, महेश चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिका बनी एक दिन की थानाध्यक्ष

### महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण, जौनपुर थाना मीरगंज

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

मिशन शक्ति अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना है। इस तरह के आयोजन से समाज में यह संदेश दिया जा रहा है कि बेटियां भी नेतृत्व और जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हैं।

**बालिका प्रोफ़ाइल**

- नाम- दिव्या यादव
- पिता का नाम-श्री शिव शंकर यादव
- निवासी- भीदूंना, थाना मीरगंज, जनपद जौनपुर
- विद्यालय- किस्मती अवध नारायण इंटर कॉलेज, भीदूंना, मीरगंज
- कक्षा- 10



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाले मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत रविवार को थाना मीरगंज में एक अनोखी पहल देखने को मिली। किस्मती अवध नारायण इंटर कॉलेज, भीदूंना, मीरगंज की कक्षा 10 की छात्रा दिव्या यादव पुत्री श्री शिव शंकर यादव को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष (SO) का प्रभार सौंपा गया।

यह कार्यक्रम क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण व निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना था।

थानाध्यक्ष का प्रभार संभालने के बाद बालिका दिव्या यादव ने थाना परिसर का निरीक्षण किया और क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दो प्रकरणों की सुनवाई भी की- जिनमें एक जमीनी विवाद शामिल था, जिसे उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से निस्तारित किया। कार्यक्रम के दौरान बालिका थानाध्यक्ष ने महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, ताकि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर थाना मीरगंज पुलिस स्टाफ, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने दिव्या यादव की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में बेटियों के आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी। मीरगंज पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा और इसे मिशन शक्ति अभियान की एक प्रेरणादायक मिसाल बताया।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर किया घाटों का निरीक्षण

### सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर किया घाटों का निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

आज अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत आगामी छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महोदय ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए जाएँ। जल पुलिस एवं गोताखोर दल को सतर्क रखा जाए।

यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु ट्रैफिक प्लान बनाकर लागू किया जाए। ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण की जाएँ ताकि श्रद्धालु शांति और सुरक्षा के साथ पर्व मना सकें।

## 24 घंटे पहले बनी सड़क हाथ से उखड़ गई

### ग्रामीणों ने की ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



थानागद्दी। मोड़ेला मुख्य मार्ग से होकर बराई, नुआंव समेत दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण ललित श्रीवास्तव, रोशन सिंह, विशाल सिंह, संतोष यादव, भोथु सिंह और अमित सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के तहत बनाई जा रही यह सड़क 24 घंटे भी ठीक नहीं रह सकी और हाथ से उखड़ने लगी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि ठेकेदार संतोष सिंह की ओर से बिना उचित सफाई और मानक के गिट्टी डाली जा रही है, जिससे सड़क की सतह तुरंत टूट रही है।

घटिया निर्माण की सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई मंजूर आलम ने बताया कि संपर्क मार्ग की लंबाई करीब 1.2 किलोमीटर है। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की जा रही है और यदि निर्माण कार्य में अनियमितता पाई जाती है तो ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीण रोशन सिंह ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से फोन पर शिकायत करते हुए कहा कि सड़कों पर गड्ढे होने से लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क अभियान चलाए जाने के बावजूद क्षेत्र की सड़कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है

## 400 मीटर प्राथमिक में आदित्य व उच्च प्राथमिक में आशीष प्रथम

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

भिस्कुरी के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को दो दिवसीय 71वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व शैक्षिक समारोह का आयोजन किया गया। पहले दिन दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, पीटी व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राथमिक विद्यालयों की 400 मीटर की दौड़ में आदित्य प्रथम रहे जबकि दूसरे स्थान पर प्रदीप व तृतीय स्थान पर मुन्नू रहे। 400 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक में आशीष प्रथम रहे। बाबू द्वितीय व शिवम तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में ज्योति कुमारी प्रथम, मानवी द्वितीय व नंदिनी तृतीय रहीं। 400 मीटर उच्च प्राथमिक बालिका में रेशमा प्रथम, खुशी द्वितीय व डेजी तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में जमालपुर प्रथम व कोन द्वितीय रहे। इसी प्रकार वॉलीबॉल बालक में नरायनपुर प्रथम व राजगढ़ द्वितीय स्थान पर रहे। पीटी में हलिया प्रथम व मड़िहान द्वितीय रहा। बैडमिंटन बालिका उच्च प्राथमिक एकल में रुबी प्रथम व दीक्षा उपाध्याय द्वितीय रहे।

## जौनपुर गणेश वंदना में पीहू खरे को प्रथम स्थान

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति वंदना सिंह वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित**



**जन एक्सप्रेस जौनपुर**


जौनपुर नगर के वी आर पी इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे तीन दिवसीय पूर्वांचल युवा महोत्सव का समापन हो गया अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गणेश वंदना में पीहू खरे गायन में सृष्टि सिंह और मेहंदी में सबरी निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हस्तकला में निखिल नित्य में वत्सला लंगडी बुआ मेहंदी में अनुज सोनकर व सजल यादव और ड्राइंग पेंटिंग में नवीन विश्वकर्मा प्रथम रहे सेजल ठाकुर रविंद्र सिंह ज्योति वंदना दुबे और प्रियम त्रिपाठी की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया समापन समारोह में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वंदना सिंह मुख्य अतिथि जबकि बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा और पूर्व सांसद वाराणसी डॉ राजेश मिश्रा विशेष अतिथि थे अतिथियों ने मार्च दोस्ती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पीटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा मैंने ऐसा आयोजन युवाओं को अपनी कला निकालना और देश में जिले का नाम रोशन करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं उन्होंने युवाओं को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया विशेष अतिथि राज्यपाल राजेश मिश्रा ने इतने बड़े आयोजन को गर्व का विषय बताया और कहा कि इस मंच से पूर्वांचल के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दे रहा है बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा ने बताया कि इस महोत्सव के माध्यम से अब तक दर्जनों कलाकारों को राष्ट्रीय मंच मिल चुका है वही पूर्वांचल युवा महोत्सव के आयोजन अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्ति भी किया।



### मामूली विवाद में चली गोली, गांव में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मडियाहूं थाना क्षेत्र के ग्राम ओरैला में नाली बहाने को लेकर हुए विवाद में मामला बढ़ गया। जानकारी के अनुसार, दान बहादुर सिंह पुत्र श्रीनाथ सिंह और उनके विपक्षी शिवम सिंह पुत्र अखिलेश सिंह, हनुमान सिंह पुत्र मंगरु सिंह के बीच कहासुनी व गाली-गलौज हुई। इसी दौरान शिवम सिंह ने असलहे से हवाई फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि लाइन ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है, क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

## मां ने दो बच्चों के मुंह में कपड़ा ठूंस कर मार डाला, खुद फंदे से झूली



**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

यूपी के मिर्जापुर स्थित कछवां थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के मदरसा मोहल्ला निवासी संगीता देवी (35) ने शनिवार को दो बेटों शिवांश (3 वर्ष 8 माह) और शुभंकर (18 माह) के मुंह में कपड़ा ठूंस कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद बांस पर रस्सी से फंदा लगा कर जान दे दी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था।

### महिला अंधविश्वासी थी

शाम को पति हरिश्चंद्र बिंद घर पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना पर सीओ सदर अमर बहादुर ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला अंधविश्वासी थी। आशंका है कि इसी के चलते उसने यह कदम उठाया होगा।

### जमीन पर लेटे थे बच्चे

सीओ सदर अमर बहादुर ने बताया कि संगीता देवी शुक्रवार को ही चंदौली स्थित मायके से दोनों बच्चों के साथ ससुराल लौटी थी। परिवार कच्चे मकान में रहता है। पति हरिश्चंद्र बिंद शनिवार की सुबह 10 बजे घर से काम के लिए निकले थे। शाम पांच बजे हरिश्चंद्र घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने पर दरवाजा नहीं खुला तो झरोखे से जाकर देखा कि बच्चे जमीन पर लेटे थे। उसे लगा कि सभी सो रहे हैं। इस पर वह गांव में घूमने चला गया।

### बच्चे जमीन तो मां फंदे से लटकी हुई थी

करीब घंटे भर बाद लौटा और दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। इसके बाद वह दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा। देखा कि बच्चे जमीन पर मृत पड़े हैं और पत्नी का शव फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर कछवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पति और मायकेवालों से बात की। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मां झाड़-फूंक में विश्वास करती थी

पुलिस की प्रारंभिक जांच और पति के बयान से सामने आया है कि महिला अंधविश्वासी थी। झाड़-फूंक में विश्वास करती थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी के चलते उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## शम्भूगंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### 150 मरीजों की जांच कर दवाएं दी गई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर नौपेड़वां के बक्शा थाना क्षेत्र स्थित शम्भूगंज बाजार में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यूनियन बैंक के पास लगे इस शिविर में 150 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध थी।यह शिविर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष अग्रहरी और क्षेत्र पंचायत सदस्य रविशंकर गुप्ता के सहयोग से आयोजित किया गया था। बक्शा नौपेड़वां स्वास्थ्य अस्पताल के डॉ. गोपेश सिंह ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में मुख्य रूप से बुखार, ब्लड प्रेशर, सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे थे।डॉ. गोपेश सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी। बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखने पर भी जोर दिया गया।शिविर में निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। जांच कराने पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से मरीजों को सही बीमारी का पता चलता है और बेहतर इलाज मिलता है। इस अवसर पर डॉ. गोपेश सिंह, बक्शा ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष अग्रहरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रविशंकर गुप्ता, जंगीलाल अग्रहरि, सुरेश यादव और विजय निगम सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन आज भी है प्रासंगिक: प्रपन्नाचार्य

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




रामनगर। जब-जब इस पृथ्वी पर पाप बढ़ते है धर्म का नाश होता है अधर्म का बोलबाला होता है तब तक ईष्वरीय शक्तियां धर्म की रक्षा के लिए इस पृथ्वी पर अवतरित होती हैं जो आतताई शक्तियों का विनाश करके धर्म की स्थापना करती है। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने इस पृथ्वी पर अवतार लिया था जिनका जीवन दर्शन आज भी लोगों के मध्य में प्रसांगिक बना हुआ है। यह बात रामनगर कस्बे के धमेडी मोहल्ले में स्थित लक्ष्मी नारायण शुक्ला के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन वैष्णवाचार्य स्वामी प्रपन्नाचार्य महाराज ने कृष्ण जन्म कथा प्रसंग के दौरान कही उन्होंने कहा कि द्वापर युग में मथुरा नरेश कंश का अत्याचार जब अपनी चरम सीमा पर बढ गया चारों ओर उथल-पुथल मच गई तब सारे देवता भगवान विष्णु की शरण में गए देवताओं ने कंश के अत्याचारों की सारी कहानी सुनाई तो भगवान विष्णु ने मथुरा के कारागार में कंस की बहन देवकी के समक्ष भादो महीने की कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को अवतार लिया भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय आकाश में काली-काली घटाएं घिरी हुई थी मेघ मूसलाधार वर्षा कर रहे थे भगवान श्री कृष्ण के चतुर्भुज रूप को देखकर माता देवकी और वासुदेव की खुशी का ठिकाना न रहा भगवान श्रीकृष्ण ने शिशु रूप को धारण कर लिया आकाशवाणी हुई कि हमें नंद के घर में भेज दो उसी समय वसुदेव नवजात शिशु-रूप श्रीकृष्ण को सूप में रखकर कारागृह से निकल पड़े और अथाह यमुना को पार कर नंदजी के घर पहुंचे। वहां उन्होंने नवजात शिशु को यशोदा के साथ सुला दिया और कन्या को लेकर मथुरा आ गए। कारागृह के फाटक पूर्ववत बंद हो गए। अब कंस को सूचना मिली कि वसुदेव-देवकी को बच्चा पैदा हुआ है। उसने बंदीगृह में जाकर देवकी के हाथ से नवजात कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटक देना चाहा, परंतु वह कन्या आकाश में उड़ गई और वहां से कहा- अरे मूर्ख, मुझे मारने से क्या होगा? तुझे मारनेवाला ब्रज मंडल में पैदा हो गया है तत्पश्चात कंश ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए पूतना अघासुर बकासुर जैसे तमाम राक्षसों को भेजा जिनका भगवान श्री कृष्ण ने वध कर दिया अंत में उन्होंने आतताई कंस का वध करके लोगों को अमन चैन की जिंदगी देने का भर्षक प्रयास किया महाभारत काल में आपने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया अर्जुन को मोह उत्पन्न होने पर उन्हें गीता का उपदेश दिया और आप योगेष्वर कहलाए आपके द्वारा बताए गए श्लोकों का एक-एक मंत्र प्राणी मात्र के लिए विधि ग्राह्य है जिनका अनुसरण करके मानव परम पद को प्राप्त हो सकता है इस प्रकार से भगवान श्री कृष्ण का संपूर्ण जीवन दर्शन आज भी लोगों के मध्य प्रासंगिक बना हुआ है। इसी क्रम में महाराज ने ध्रुव चरित्र भक्त प्रहलाद समुद्र मंथन और रामचरित्र के कथा प्रसंगों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजक लक्ष्मी नारायण शुक्ला, आचार्य शिवानंद महाराज अयोध्याधाम अनिल अवस्थी मधुबन मिश्रा आशीष पांडे बृजेश शुक्ला दुर्गेश शुक्ला गोपाल महाराज, उमेश पांडे शुभम जायसवाल, लवकेश शुक्ला शिवम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के मार्ग दर्शक थे दादा गजेन्द्र: पुनिया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** दादा गजेन्द्र सिंह कांग्रेस के मार्ग दर्शक थे उनका व्यक्तित्व राजनीतिक से अधिक आवामी था। मुझे अल्प समय में उनका सानिध्य प्राप्त हुआ, मैने उनसे बहुत कुछ सीखा। उसका लाभ मुझे राजनीतिक जीवन में मिला। आज उन जैसे जनप्रतिनिधियों की कमी है नई पीढ़ी को उनके आदर्शों व विचारों का अनुसरण करना चाहिए यह विचार व्यक्त करते हुए पी एल पुनिया पूर्व सांसद ने गजेन्द्र सिंह की हसनापुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो मोहसिन ने कहा कि दादा गजेंद्र सिंह के प्रयासों से रामनगर डिग्री कालेज तहसील व संजय सेतु जैसे बडे निर्माण कांग्रेस ने कराए। आज मुझे गर्व है कि हम आज उसी पार्टी का अध्यक्ष हूँ। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र को विधान परिषद अंगद ने चित्र पर माल्यार्पण करके की। अगंद सिंह ने गजेंद्र सिंह स्मृति द्वार के निर्माण की घोषणा की। पूर्व मंत्री हुक्म सिंह के पोते शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गजेन्द्र सिंह से संबंध बताने पर मुझे गर्व होता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को बृजमोहन वर्मा सिटी इंटर कॉलेज के प्राचार्य विजय प्रताप सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह दद्दू, रणधीर सिंह सुमन आदि लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# उधवापुर मेले में उमड़ रहे हैं ग्रामीण

**72 वर्षों से लगातार लग रहा है मेला**

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



जैदपुर। उधवापुर में लगने वाला मेला अपनी 72 वर्षों की यादों को आज भी समेटे हुए है। मेले में पशुओं की बड़ी मंडी लगी हुई है। तो आम लोगों के लिए पूरा मेला सजा धजा हुआ है। दीपावली पर्व के उत्सव के लिए धनतेरस के दिन मेले का उदघाटन हर साल होता है। मेले में भैंस की बड़ी मंडी के साथ बख्शा, लकड़ी व खिलौनों की दुकानो के साथ यहां की इमिरती मिठाई बहुत खूब बिक रही है। मेले में लगे बड़े बड़े झूलों पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल इस मेले में दुकानदार व खरीदारों से आज भी कायम है। सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम उधवापुर में विराट पशु मेला दीपावली पर्व के धनतेरस के दिन से शुरू होता है। जिसमें भैंस पशुओं की बड़ी बाजार लगती है। यहां पर प्रदेश के कई जिलों के साथ हरियाणा पंजाब व राजस्थान से भी भैंस बेचने और खरीदने के लिए पशु प्रेमी आते हैं। विराट पशु मेला समिति के अध्यक्ष बेचू शाह के साथ कमेटी के सदस्य राजकुमार वर्मा, चेतराम वर्मा व मुकेश वर्मा आदि के परिवार की पुस्तैनी भूमि पर मेला लगता है। राजकुमार वर्मा ने बताया कि उनके बाबा राम नारायण शाह ने अपनी बाग व खाली पड़ी भूमि पर सन 1952 से उधवापुर का मेला लगाने की शुरुआत की थी। क्योंकि देवा शरीफ का मेला समाप्त होने पर दुकानदार व भैंस बेचे वाले लोग बाराबंकी से हैदरगढ़ मार्ग से होते हुए अपने घर वापस लौटते थे। इस जगह पर बाग की छांव व खाली पड़ी भूमि के साथ बना मंदिर और सामने बरौली मलिक गाँव में बनी मस्जिद होने की वजह से हिन्दू मुस्लिम सभी दुकानदार आराम करने के लिए रुक जाते थे। उस ज़माने में साइकिल व बैलगाड़ी से ही लोग समान ढोते थे। दुकानदारों को ठहरने के बाद आसपास ग्रामीण क्षेत्रो के लोग उनसे दीपावली पर्व का सामान की खरीदारी करने लगे थे। इसी को देखते हुए बाबा रामनारायण शाह ने अपनी जगह को विराट पशु मेले का नाम रखकर उधवापुर मेले की शुरुआत की थी। अब यह मेला पिछले 72 सालों से हर वर्ष धनतेरस पर लगता है। जिसमें छोटे-बड़े झूले के साथ कॉस्मेटिक, खिलौना, चूड़ी बक्सा, बर्तन, कम्बल की दुकानों के साथ पशुओं की बड़ी बाजार लगती है। सतरिख थाना प्रभारी डीके सिंह द्वारा मेले में अस्थायी पुलिस चैकी स्थापित करके संजय यादव को चैकी प्रभारी बनाया गया है। सतरिख व जैदपुर थाने के एक दर्जन भर पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। विराट पशु मेला में पूर्व प्रधान बरौली मलिक राजाराम, जगतपाल, राजकुमार वर्मा, रामशरन, राम सेवक पूर्व प्रधान जगमोहन यादव सहित काफी लोग मिले की व्यवस्था में लगे रहते हैं।

# बिहार चुनाव में एनसीपी ने धनंजय शर्मा को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। जनपद बाराबंकी के समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा के पुत्र व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा को बिहार प्रदेश में चुनाव अभियान की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। एनसीपी बिहार ने उन्हें प्रदेश में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार और संगठनात्मक समन्वय की जिम्मेदारी दी है। एनसीपी बिहार चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रंजन प्रियदर्शी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पार्टी इस बार 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जिनमें से 7 सीटों पर एनसीपी की स्थिति मज़बूत है। धनंजय शर्मा से आग्रह किया गया है कि वे 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2025 तक बिहार में रहकर चुनावी गतिविधियों का नेतृत्व करें। पत्र में उल्लेख है कि उनके नेतृत्व से न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। रंजन प्रियदर्शी ने कहा कि राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से एनसीपी बिहार को निर्णायक बढ़त मिलेगी। उनके मार्गदर्शन में पार्टी का जनाधार निश्चित रूप से और मजबूत होगा। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक, धनंजय शर्मा बिहार में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं, रणनीतिक बैठकें और प्रचार अभियानों का संचालन करेंगे। पार्टी का मानना है कि धनंजय शर्मा के अनुभव और लोकप्रियता से एनसीपी बिहार में एक नया राजनीतिक संतुलन कायम करेगी। बिहार की चुनावी फिज़ा में अब एनसीपी का अभियान नई रफ़्तार पकड़ने जा रहा है और इसकी कमान खुद राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा के हाथों में होगी।

# मत्स्य पालन में किसानों को होगा ज्यादा लाभ: सागर मेहरा



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रविवार को विकासखंड मसौली के ग्राम पल्हरी में स्थित 50 लाख की लागत से संचालित मत्स्य परियोजना वृहद रिसर्कुलेटरी एक्काकल्चर सिस्टम का निरीक्षण भारत सरकार के संयुक्त सचिव सागर मेहरा ने किया। उन्होंने परियोजना के संचालन पर आने वाली लागत एवं लाभ के विषय में जानकारी प्राप्त की। हिमांशु यादव द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मत्स्य पालन के साथ मुर्गी पालन, पशुपालन एवं बकरी पालन का वृहद कार्य एक ही स्थल पर किया जा रहा है। संयुक्त सचिव द्वारा सभी परियोजनाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया। उन्होंने एक ही स्थल पर विभिन्न परियोजनाओं के कुशल संचालन पर अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आह्वान किया कि इसी तरह हमारे सभी मत्स्य कृषक कार्य करेंगे तो अधिक आमदनी के साथ कई व्यक्तियों को रोजगार के साधन भी सुलभ होंगेस मत्स्य निदेशक उत्तर प्रदेश एन.एस. रहमानी द्वारा मौके पर प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मत्स्य अनिल कुमार, उपनिदेशक मत्स्य राजेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अच्छेलाल निषाद, मत्स्य निरीक्षक हेमंत कुमार एवं मत्स्य अनुसंधान केंद्र के मत्स्य वैज्ञानिक विकास साहू आज उपस्थित थे।

# घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



बीते 24 घंटे में नगर कोतवाली क्षेत्र के बंकी, भुहेरा व कामरियाबाग सत्यप्रेमी नगर में मारपीट व हमले की तीन अलग-अलग घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर 14 आरोपियों विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पहली घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत बंकी के मोहल्ला दक्षिण टोला में हुई। जहां निवासी अमित यादव ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी सुभाष लोधी और राजन लोधी ने उन्हें गाली देना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर दोनों आरोपी अपने साथियों शिवराज कश्यप, शम्भू, विकास, विवेक और अभिषेक के साथ मिलकर उनके घर में घुस गए। उसके सिर पर धारदार हथियार से वार किया। जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गया। बचाव में आए परिवार के सदस्य रेनू यादव, रुद्ध यादव, अंशू यादव और छोटेलाल यादव मारा पीटा गया। दूसरी घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के कमरियाबाग सत्यप्रेमी नगर में हुई। पीड़िता आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि मोहल्ले के राहुल यादव, वासु वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, जवाहर लाल यादव के दोनों पुत्र और कुछ अन्य अज्ञात लोग ने उनके घर के बाहर बेवजह गाली दे रहे थे। इससे मना करने पर आरोपियों ने उनकी मां को धक्का दे दिया। आरोप है कि मां के बचाव आई पुत्री व बहू को आरोपियों ने पकड़कर खींच लिया। उनकी भी पिटाई कर दी। तीसरी घटना क्षेत्र के भूहेरा में हुई। यहां निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि जब वे शौच के लिए घर से निकले थे। तभी लवकुश उर्फ मंगा पुत्र रामकुमार ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने तीनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया है।

# चोरी की बैटरी के साथ युवक गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

हैदरगढ़। हैदरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की बैटरी बरामद की। पुलिस ने चोरी के आरोपी युवक को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बीती 24/25 अक्टूबर की रात्रि को सतरही गांव में एक सैलून की दुकान से बैटरी चोरी हो गयी थी। दुकान मालिक ने जिसका मुकदमा कोतवाली हैदरगढ़ में दर्ज कराया था। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद थाना असन्द्रा के ग्राम जरौली निवासी आषीष कुमार पुत्र शेषनाथ यादव को गिरफ्तार किया और उसकी निषादेही पर चोरी की बैटरी बरामद की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अलग-अलग सड़क दुघर्टनाओं में महिला और मासूम की मौत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** सतरिख थाना क्षेत्र के सफेदाबाद चैराहा व शरीफाबाद गांव में हुए सड़क हादसे में एक महिला व एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी की मौत, पति व पुत्री घायलरू सतरिख थाना क्षेत्र के मौथरी गांव निवासी नबी अहमद शनिवार की रात अपनी पत्नी सायमा बानो (42) व पुत्री तस्मिया (3) के साथ लखनऊ स्थित लोहिया अस्पताल में भर्ती अपने भाई सफी अहमद को देखने गए थे। रात में घर वापस लौटते समय सफेदाबाद चैराहा समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत तीनों लोग सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। हादसा को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया जाता। तब तक सायमा बानो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल उनके पति नबी अहमद व बेटी तस्मिया को को अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इस हादसा से मृतका के घर पर कोहराम मचा है। पुलिस ने जांच में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पैदल घर जाते समय पिकअप चालक ने रौंदारू रविवार शाम सतरिख थाना क्षेत्र के ही शरीफाबाद गांव में पैदल घर जा रही रिया (5) पुत्री रामकुमार को तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप चालक ने रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पिकअप चालक को पकड़ कर पीट दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। चालक को वाहन समेत हिरासत में लिया। साथ ही बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### संदिग्ध अवस्था में महिला और उसकी बेटी लापता, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कोतवाली नगर के पटेल तिराहा स्थित काशीराम कॉलोनी से एक महिला व उसकी चार वर्षीय बेटी लापता हो गई हैं। पीड़ित पति ने मुकदमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि वह एक निजी वाहन चालक हैं। वह अपनी पत्नी, दो बच्चों के साथ काशीराम कॉलोनी में रहता हैं। मगर 20 अक्टूबर को उसके काम पर जाने बाद पड़ोसियों ने बेटा कमरा में अकेला रोने सूचना दी। उसकी पत्नी व बेटी लापता होना बताया। उसकी तलाश की। मगर कोई पता नहीं चला। पीड़ित पति ने पत्नी व बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की दो साइकिलें बरामद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर।** कोतवाली बड्डूपुर पुलिस ने चोरी की दो साइकिलें बरामद किया है। चेकिंग अभियान के दौरान डफरपुर चैराहे के निकट आलमपुर गांव मोड़ पर बसंत पुर निवासी अमन पुत्र छन्नू को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली बड्डूपुर प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अनिल कुमार पाण्डेय उपनिरीक्षक बालगोविंद कुशवाहा हेड कांस्टेबल, चट्टान सिंह कांस्टेबल ने चेकिंग अभियान में अभियुक्त को गिरफ्तार किया उसकी निशानदेही पर चोरी की गई दोनों साइकिल में बरामद की। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी अमन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### धूमधाम से निकली शोभायात्रा, राधे-राधे के जयकारों से गूंजा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के काशीपुर गांव में रविवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रखे सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं की कतारें जब गांव की गलियों से गुजरीं, तो वातावरण 'हरि बोल' और 'राधे-श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन का संचालन काशीपुर निवासी गंगा प्रसाद पांडेय द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक के रूप में अयोध्या धाम से पधारे सत्यम महाराज आगामी 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा करेंगे। कथा के समापन अवसर पर 3 नवंबर को विशाल ब्रह्म भोज भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति भाव से सराबोर दिखाई दिए। यात्रा में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पूरा क्षेत्र भक्ति संगीत, ध्वज-पताकाओं और भगवामय माहौल से सरोबार हो उठा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी स्वयं महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे। उनके निर्देशन में यात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। श्रद्धा, संस्कृति और भक्ति के इस संगम ने गांव काशीपुर को धार्मिक रंग में रंग दिया है।

## अशोक की तृतीय पुण्यतिथि पर लगा रक्तदान शिविर



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने रविवार को एसबीएस पब्लिक स्कूल एवं इंटर कॉलेज के संस्थापक स्मृतिशेष अशोक कुमार सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। संस्था के प्रबंधक हर्षित सिंह द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं डॉ लाल पैथ लैब्स के सानिध्य में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्त प्रशिक्षण शिविर मे पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उपस्थित होकर स्मृति शेष अशोक कुमार सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पण कर बड़े भैया द्वारा दी गई शिक्षा आदेश पर सदैव चलते रहने का प्रण लेते हुए रक्तदान शिविर मे रक्तदान करने पधारे सभी रक्तदानियों तो प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए श्रद्धांजलि सभा मे पधारे सभी शुभचिंतकों छात्र- छात्राओं अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामदेव सिंह, पूर्व प्रमुख सुनील सिंह, अय्यूब कुरैशी, डब्बू जायसवाल, दिग्विजय सिंह, वीरेंद्र मौर्य आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# सरयू नदी के घाटों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**सिरौलीगौसपुर।** सरयू नदी के घाटों पर छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने तेलवारी छठ पूजा घाट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जबकि बदोसराय कोतवाल ने मरौचा गांव में तैयारियों का जायजा लिया। रविवार को तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने तेलवारी गांव के पास छठ पूजा घाट पर बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार रावत, ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत मित्र को शाम तक घाट को पूजा के लिए पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, तहसीलदार ने राजेश कुमार रावत से साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नाव तथा गोताखोरों की व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पर संदीप कुमार सिंह और प्रधान प्रतिनिधि कल्लू सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिरौली गौसपुर ब्लॉक क्षेत्र के तेलवारी गांव में घाटों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाटों को तैयार करने में जुटे हैं।यह साफ-सफाई अभियान तेलवारी ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसके तहत घाटों को स्वच्छ बनाने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। वहीं, कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने मरौचा गांव में छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि स्वतंत्र सिंह से बातचीत कर श्रद्धालुओं की भीड़ और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 164 मरीजों का हुआ इलाज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



फतेहपुर। क्षेत्र में मौसम बदलने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव अब कम होने लगा है। विगत कुछ दिनों से जारी वायरल फीवर और सर्दी-जुकाम का प्रकोप वर्तमान समय में नियंत्रण में है, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या में कमी आई है। मालूम हो कस्बा बेलहरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एक दिन में कुल 104 मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि मौसम बदलने के चलते शैने-शैन ठंडक ने दस्तक देना शुरू कर दिया है।

जिससे सर्दी जुकाम के मरीजों में काफी कमी आई है। वही वायरल फीवर का प्रकोप भी अब कम होने लगा है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि मौसम बदलने के कारण खुले आसमान में न सोएं, क्योंकि इससे बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, खांसी और सर्दी-जुकाम से स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छेदा में डॉ. धर्मेंद्र की देखरेख में कुल 60 मरीजों की जांच की गई जिसमें बुखार और पेट संबंधी बीमारियों के मरीज अधिक थे। कुछ मरीजों में सांस की बीमारी के लक्षण भी पाए गए।

इस बीच अनेक लोगों को मेले में आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए और मरीजों के डेंगू, मलेरिया तथा कोरोना की जांच के लिए रक्त के नमूने भी संग्रहित किए गए।

# भारतीय पाल महासभा व पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति की संयुक्त बैठक आहूत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

रविवार को आगामी 25 दिसंबर को होने वाले मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय पाल महासभा व पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति की संयुक्त बैठक मंगत खेड़ा में पाल चौराहा पर राजा रामपाल जी की आवास पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता पडरी के पूर्व प्रधान राजाराम पाल जी ने की संचालन संतोष पाल जिला महामंत्री अखिल भारतीय पाल महासभा ने किया बैठक में मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई समाज कैसे संगठित हो कैसे शिक्षित हो इस पर भी विस्तृत चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान जमुका भगवती प्रसाद पाल जी पाल महासभा के




अध्यक्ष रामनारायण पाल जी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामकिशोर पाल जी शैलेंद्र पाल जी रामसजीवन पाल जी पुष्पेंद्र पाल जी सत्यप्रकाश पाल जी राघवेंद्र पाल जी तारानाथ पाल जी मनसाराम पाल जी भिखारी लाल पाल जी शिवकुमार छुन्ना जी आशीष पाल जी साथ ही समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे बिटिया अंशिका पाल ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया।

# मॉडल यूथ ग्राम सभा की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होंगे प्रधान पवन शर्मा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




नवाबगंज। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से मॉडल यूथ ग्राम सभा पहल की शुरुआत की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत 30 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होगी। मंत्रालय द्वारा देशभर से 200 प्रतिनिधियों का चयन किया गया है जो इस कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में उन्नाव जनपद से दो ग्राम प्रधानों को प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। नवाबगंज विकासखंड की ग्रामसभा जनसार के ग्राम प्रधान पवन शर्मा इनमें शामिल हैं। उनके चयन की सूचना के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्राम प्रधान पवन शर्मा ने कहा कि यह अवसर जिले के युवाओं की भागीदारी को मजबूत करेगा तथा ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक सोच को सशक्त बनाने में मददगार होगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को पंचायत की निर्णय प्रक्रिया में शामिल कर जिम्मेदार नेतृत्व विकसित करना है, जिससे ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर और सहभागी विकास की ओर अग्रसर हो सके।

# महाराष्ट्र डॉक्टर आत्महत्या केस फरार सब-इंस्पेक्टर ने सरेंडर किया

- मकान मालिक का बेटा भी गिरफ्तार, राहुल गांधी बोले- सिस्टम ने मारा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सातारा**





महाराष्ट्र की महिला डॉक्टर सुसाइड केस में शनिवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि फरार सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने ने शनिवार शाम फलटण ग्रामीण पुलिस थाने में सरेंडर किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। इससे पहले शनिवार दोपहर पुलिस ने प्रशांत बांकर को गिरफ्तार किया था। पीड़ित जिस मकान में रहती थी, प्रशांत उस मकान मालिक का बेटा है। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उस पर पीड़ित का रेप करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामले को संस्थागत हत्या (सिस्टम की वजह से जान जाना) करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर जनता को अपराधियों से बचाने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने इस निर्दोष महिला के साथ सबसे जघन्य अपराध किया। फलटण सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को शहर के एक होटल में सुसाइड किया था। उसकी हथेली पर गोपाल बदने और प्रशांत बांकर के नाम लिखे थे। पीड़ित ने लिखा था कि गोपाल ने पिछले 5 महीने में 4 बार उसका रेप किया। वहीं, प्रशांत पर मेंटल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। इसके अलावा 4 पेज के सुसाइड नोट में एक सांसद और उसके दो पीए पर भी आरोप लगाए हैं कि ये सभी उस पर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए आने वाले आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाते थे।

### डॉक्टर ने लिखा, सांसद के दो पीए अस्पताल आए

बीड जिले की रहने वाली महिला डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा है...सांसद के दोनों पर्सनल असिस्टेंट अस्पताल आए थे। दोनों ने अन्य केस से जुड़े आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाया। जो आरोपी अस्पताल नहीं आए उनके भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का बोलते थे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो मेरी सांसद से फोन पर बात कराई थी।

### रिश्तेदारों का दावा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलने का प्रेशर था

डॉक्टर के रिश्तेदार ने कहा- उस पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलने और गिरफ्तार आरोपियों की मेडिकल रिपोर्ट में हेरफेर का दबाव डाला जा रहा था। डॉक्टर के चचेरे भाई ने कहा कि उसने इस मामले में सातारा एसपी और डीएसपी से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने लेटर में लिखा था- अगर उसके साथ कुछ हुआ तो जिम्मेदारी कौन लेगा। एक और रिलेटिव ने कहा- काम के तनाव में थी और सीनियर उसे परेशान करते थे। उसने इस मामले और पुलिस से हो रही दिक्कत के बारे में पहले भी अपने सीनियर डॉक्टरों से शिकायत की थी। उससे हो रहे गलत व्यवहार की शिकायत की थी। उसने कहा भी था कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई तो वह आत्महत्या कर लेगी।

# आंध्र हादसा-बस से बाइकर नहीं, उसकी लाश टकराई थी

- नशे में डिवाइडर से भिड़कर मौत, बाइक समेत बस के नीचे आया; जिंदा जले 20 यात्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुर्नूल**



आंध्र प्रदेश पुलिस ने रविवार को पुष्टि कर दी कि कुर्नूल बस हादसे की वजह बने बाइक सवार दोनों व्यक्ति नशे में थे। बाइक का पहले ही एक्सीडेंट हो चुका था। बाइक सवार हरिशंकर भी रोड डिवाइडर से टकराने के कारण मर चुका था। पीछे बैठा स्वामी सड़क पर पड़ी बाइक और शंकर को हटा पाता, इससे पहले ही तेज रफ्तार बस आ गई। बाइक बस में फंस गई और करीब 200 मीटर तक घिसट गई। जिससे उसका फ्यूल टैंक फट गया और आग लग गई। हादसे की यह पूरी कहानी हरिशंकर के साथ बाइक पर पीछे बैठे एरी स्वामी ने पुलिस को बताई। लगातार दो दुर्घटनाओं और बस में आग लगने के बाद स्वामी डरकर अपने गांव तुग्गली चला गया था। बाद में पुलिस ने स्वामी से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो भी इन्हीं दोनों का है, जिसमें हरिशंकर नशे में नजर आया था। 24 अक्टूबर की सुबह एनएच-44 पर चिन्नातेकुरु गांव के पास बस में आग लगने से 20 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। 19 यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई थी। डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि हमें फोरेंसिक टीम से पुष्टि मिली है कि बाइक सवार दोनों व्यक्ति हरिशंकर और एरी स्वामी नशे में थे। स्वामी ने शराब पीने की बात भी स्वीकार की है। उसने बताया कि हरिशंकर 24 अक्टूबर की देर रात करीब 2 बजे लक्ष्मीपुरम गांव से बाइक पर स्वामी को तुग्गली गांव छोड़ने के लिए निकला था। दोनों ने पहले एक ढाबे पर खाना खाया। दोनों रात 2.24 बजे किआ कार शोरूम के पास एचपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए रुके थे। पेट्रोल पंप पर उनके रुकने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हरिशंकर लापरवाही से बाइक चलाते हुए दिखा था। इलाके में तेज बारिश हो रही थी। इसलिए पेट्रोल पंप से निकलने के कुछ ही देर बाद बाइक फिसल गई। इसमें हरिशंकर दाहिनी ओर गिरकर डिवाइडर से टकरा गया। जब स्वामी ने शंकर को सड़क के बीच से खींचकर उसकी जांच की तो देखा उसकी मौत हो चुकी थी। स्वामी ने बताया जब वह बाइक को सड़क से हटाने की सोच ही रहा था, तभी बेंगलुरु जा रही बस तेज रफ्तार से आई और उसे कुचलते हुए कुछ दूर तक घसीटती चली गई। इसके बाद बस में आग लग गई।

### वायरल वीडियो में क्या था

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कहा जा रहा था कि यह वही बाइक सवार है, जिसकी बस से टक्कर हुई थी। यह वीडियो एक पेट्रोल पंप का है। फुटेज में टाइमिंग 24 अक्टूबर की रात 2.22 बजे की है। पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल पर दो शख्स दिखाई दे रहे थे। उनमें से एक बाद में नजर नहीं आता। थोड़ी देर बाद बाइक चला रहा एक शख्स तेज रफ्तार में ड्राइव करते हुए पेट्रोल पंप से निकलता है, उसका बैलेंस बिगड़ता है, लेकिन फिर किसी तरह बाइक संभालता है।

# भारत और आसियान मिलकर करेंगे आर्थिक स्थिरता को मजबूत: पीएम



- आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, एक्ट ईस्ट नीति का किया जिक्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन 2025 में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड की क्वीन मदर के निधन पर संवेदना प्रकट की और आसियान देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है। हमारी मज़बूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार बनकर उभर रही है। पीएम मोदी ने 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया।

### सांस्कृतिक संबंधों का किया जिक्र

पीएम मोदी ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम न केवल भूगोल साझा करते हैं, बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्य के जोड़ से जुड़े हुए हैं। हम वैश्विक दक्षिण का हिस्सा हैं। हमारे बीच न केवल व्यापारिक संबंध हैं, बल्कि सांस्कृतिक संबंध भी हैं। उन्होंने कहा, आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है। भारत ने हमेशा आसियान की केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन किया है। अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है। हमारी मज़बूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार बनकर उभर रही है। पीएम ने कहा कि अपने आसियान परिवार के साथ फिर एक बार मुझे जुड़ने का मौका मिला है। मुझे बहुत खुशी हो रही है। आसियान के सफल अध्यक्षता के लिए मैं पीएम अनवर इब्राहिम को बधाई देता हूं। भारत के देश समन्वयक की भूमि का कुशलता से निभाने पर फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस का धन्यवाद करता हूं।

### आसियान भागीदारों के साथ हमेशा मजबूती से खड़े

पीएम मोदी ने कहा, इस वर्ष आसियान शिखर सम्मेलन का विषय समावेशीपन और स्थिरता है। यह विषय हमारे साझा प्रयासों में स्पष्ट रूप से दिखती है, चाहे वह डिजिटल समावेशन हो या वर्तमान चुनौतियों के बीच खाद्य सुरक्षा और लचीली आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना। भारत इसका समर्थन करता है और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत हर आपदा में अपने आसियान भागीदारों के साथ हमेशा मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा, एचएडीआर, समुद्री सुरक्षा और नीली अर्थव्यवस्था में हमारा सहयोग तेज़ी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए हम 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग का वर्ष घोषित करते हैं। इसके साथ ही, हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूती से बढ़ावा दे रहे हैं। 21वीं सदी हमारी सदी है। यह भारत और आसियान की सदी है। मुझे विश्वास है कि आसियान सामुदायिक विज़न 2045 और विकसित भारत 2047 का उद्देश्य पूरी मानवता के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।



## जेडीयू बाहुबली अनंत सिंह का मंच टूटा, नीचे गिरे

- तेजस्वी बोले, नीतीश चाचा पलटी मारकर भाजपा में गए, हमारी सरकार वक्फ बिल कूड़े में फेंकेगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

बिहार चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा- नीतीश चाचा पलटी मारकर भाजपा में चले गए। तेजस्वी बोले- बीजेपी को अगर बिहार में किसी ने जगह दी तो वह नीतीश कुमार हैं। हम लोगों ने कभी भी घुटने नहीं टेके। सत्ता में आने पर हमारी सरकार मुस्लिमों की मर्जी के खिलाफ लाए गए वक्फ बिल को कूड़ेदान में फेंक देगी। इससे पहले पटना में भी तेजस्वी ने पंचायत प्रतिनिधियों, पीडीएस डीलर, नाई, कुम्हार, लोहार समाज के लोगों के लिए भी कई घोषणाएं की। तेजस्वी ने वादा किया कि पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जाएगा। इधर, शनिवार को रामपुर-डूमरा गांव में सभा को संबोधित करने पहुंचे अनंत सिंह का मंच टूट गया। अनंत सिंह समेत मंच पर मौजूद सभी लोग नीचे गिर पड़े। अनंत जदयू की टिकट पर मोकामा से चुनाव लड़ रहे हैं। तेजस्वी यादव के बयानों पर चिराग पासवान बोले- 15 सालों में जिस तरह से आपने, आपके परिवार ने और आपकी सरकार ने बिहार को बर्बाद करने का काम किया है।

### एनडीए की सरकार ने ही विकास किया: धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय मंत्री और भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मखाना बोर्ड जैसी व्यवस्थाओं की स्थापना करके प्रधानमंत्री ने बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। बिहार सरकार ने भारत सरकार की इथेनॉल नीति को लागू किया है। बिहार में नए प्रकार के औद्योगीकरण की शुरुआत हुई है।

# झारखंड-संक्रमित खून चढ़ाने से 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

- हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट, सिविल सर्जन समेत कई अधिकारी सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची/चाईबासा**

झारखंड के चाईबासा के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का मामला सामने आया है। थैलेसीमिया पीड़ित 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें संक्रमित खून चढ़ाया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिविल सर्जन समेत संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पीड़ित बच्चों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया है। संक्रमित बच्चों का पूरा इलाज भी राज्य सरकार कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और जिला सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगी है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर जांच की गई

दरअसल, 3 सितंबर को यहां थैलेसीमिया पीड़ित 7 साल के बच्चे को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया। 18 अक्टूबर को उसकी जांच की गई तो वह एचआईवी पॉजिटिव मिला। मामला सामने आया तो हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए। फिर शनिवार को रांची से झारखंड सरकार की 5 सदस्यीय टीम चाईबासा सदर अस्पताल पहुंची और जांच की। इसमें सामने आया कि 4 और बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया था और उनकी भी एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से दो बच्चे अभी भी सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती हैं।

### स्वास्थ्य निदेशक बोले, कैसे हुआ संक्रमण, जांच जारी

स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चों में संक्रमण कैसे फैला। जांच की जा रही है कि क्या उन्हें संक्रमित खून चढ़ाया गया या किसी अन्य माध्यम से यह संक्रमण पहुंचा। उन्होंने बताया कि चाईबासा जिले में फिलहाल 515 एचआईवी संक्रमित मरीज हैं, जबकि 56 बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। टीम ने ब्लड बैंक, पीकू वार्ड और लैबोरेटरी का निरीक्षण किया। संबंधित कर्मियों से पूछताछ की। सभी कर्मचारियों और डॉक्टरों को जांच के दायरे में लाने का निर्देश दिया गया है।

### ब्लड बैंक में भारी लापरवाही, मिलीं कई खामियां

निरीक्षण के दौरान मेडिकल टीम ने ब्लड बैंक और लैबोरेटरी में कई गंभीर अनियमितताएं पाईं। रिकॉर्ड रखरखाव से लेकर ब्लड स्क्रीनिंग तक की प्रक्रिया में गड़बड़ियां सामने आईं। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर सभी खामियां दूर करने का निर्देश दिया गया है। तब तक ब्लड बैंक केवल आपात स्थिति में ही कार्य करेगा।

### कल देशव्यापी एसआईआर का एलान कर सकता है चुनाव आयोग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सोमवार शाम को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा, जिसमें पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की घोषणा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के तहत उठाया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग के अधिकारी प्रक्रिया और पहले चरण के राज्यों की जानकारी साझा करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार करना और इसमें नए मतदाताओं का समावेश करना है। इसमें नामों की जांच, पुराने मतदाताओं की पुष्टि, और आवश्यक संशोधन शामिल होंगे। आयोग ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर कर नए मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिससे चुनावों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। हालांकि, अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में 10 से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुदुचेरी शामिल हैं। एसआईआर में मतदाता सूची की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी और आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

# अमेरिका से डिपोर्ट हुए हरियाणा के 50 लोग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

डंकी रूट के जरिए अमेरिका पहुंचकर या वहां अधूरे दस्तावेजों के आधार पर रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सख्त अभियान जारी है। अमेरिका सरकार ने हरियाणा के 50 लोगों को बेड़ियों में बांधकर जहाज से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचाया। सूचना पाकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची हरियाणा की स्थानीय पुलिस को उनके-उनके जिले के निवासी लोगों को सौंपा गया। हरियाणा ले आकर पुलिस ने सभी का सत्यापन करने के बाद उनके परिजनों के हवाले कर दिया। अभी तक कैथल के गांव तारागढ़ निवासी नरेश कुमार के खिलाफ दो केस मिले हैं। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ शराब तस्करी व दूसरा चेक बाउंस का मामला दर्ज है। वहीं, अब संभावना है कि तीन नवंबर को अमेरिका से दूसरी फ्लाइट अवैध तरीके से वहां रहने वालों को लेकर दिल्ली आ सकती है, उसमें आने वाले हरियाणा के लोगों के दस्तावेजों का सत्यापन अमेरिकी पुलिस कर रही है जबकि अमेरिका से डिपोर्ट होकर वापस आने वाले 50 लोगों में सबसे ज्यादा करनाल के 16 लोग और कैथल जिले के 14 लोग शामिल हैं। इनके अलावा कुरुक्षेत्र के पांच, जींद के तीन सहित अन्य जिलों के लोग है। जींद से डिपोर्ट होने वाले तीन युवकों में गांव भैरव खेड़ा निवासी अजय, पड़ोसी गांव निवासी लभजोत सिंह और नवीन हैं। इनमें नवीन और लभजोत डंकी रूट्स से अमेरिका गए थे, जबकि अजय वैलिड तरीके से कनाडा पहुंचने के बाद वहां से अधूरे दस्तावेजों के आधार पर अमेरिका पहुंच गया था। राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके सरकार पर तंज कसा है।

### अब तक हरियाणा के 654 लोग हुए डिपोर्ट

इससे पहले भी अमेरिका में अवैध तरीके से रहने वाले लोगों को भारत में हथकड़ी पहनाकर सेना के जहाज से भारत डिपोर्ट कराया गया है। जनवरी से जुलाई 2025 तक हरियाणा के कुल 604 लोगों को डिपोर्ट कराया गया, जो विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। वहीं, अब हरियाणा से डिपोर्ट होने वालों की संख्या 654 हो गई है।

# हिंडन छठ घाट पर श्रद्धालुओं के साथ नगर आयुक्त ने किया मां गंगा का पूजन, नारियल फोड़ कर की गई पर्व की शुरुआत

- स्वच्छता के साथ मनाया जाएगा छठ पर्व श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प
- हिंडन घाट सहित सभी घाटों पर गंगाजल के टैंकरों की कराई जाएगी व्यवस्था
- छठ घाटों पर तैयारियां पूर्ण, जिम्मेदारी के साथ-साथ अधिकारियों में श्रद्धा भाव: नगर आयुक्त

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



गाजियाबाद नगर निगम द्वारा छठ पर्व की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जिसमें अंतिम चरण की तैयारियां जोरों पर चल रही है, पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों द्वारा हिंडन छठ घाट पर मां गंगा के पूजन का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पूजा में सम्मिलित होकर की गई, मंत्र उच्चारण से पूजन विधि विधान से प्रारंभ हुआ जिसमें नगर आयुक्त द्वारा नारियल फोड़ कर पर्व की शुरुआत की, सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए संकल्प लिया, मौके पर नगर आयुक्त द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों सहित चल रहे कार्यों की तैयारी को भी देखा गया तथा तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए जिसमें गंगाजल आने के बाद घाट पर व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया, चल रही तैयारी के बारे में विस्तार से उपस्थित श्रद्धालुओं को जानकारी भी दी गई तथा स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए अपील की गई। हिंडन छठ घाट पर 10 गंगाजल के टैंकर की व्यवस्था करने तथा अन्य समस्त छठ घाटों पर भी गंगाजल टैंकर की व्यवस्था करने के लिए महा प्रबंधक जल को निर्देशित किया गया, नगर आयुक्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग को छठ पर्व के दौरान तथा समापन के उपरांत भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गयाद्य व्यवस्थाओं को देखते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी द्वारा नगर आयुक्त के नेतृत्व में चल रही कारों के लिए धन्यवाद भी किया गया साथ ही बताया इस वर्ष पिछले वर्ष से अधिक व्यवस्था और अधिक बेहतर की गई है तथा छठ पर्व को महापर्व बनाने में गाजियाबाद नगर निगम टीम का विशेष योगदान मिल रहा है, उपस्थित जनों ने सराहना की, मौके पर रीता सिंह अध्यक्ष, विनोद अकेला, मनोज व साधु राम भी उपस्थित रहे, गंगाजल के गाजियाबाद आगमन पर प्रसन्नता जाहिर की गई तथा मित्रों के साथ पूजन संपन्न हुआ। नगर आयुक्त द्वारा विस्तार से तैयारी के बारे में जानकारी देते समय, आकर्षक लेजर शो का भी जिक्र किया जो की तीसरी बार हिंडन घाट पर आयोजित किया जाएगा, लेजर शो के माध्यम से छठ पर्व की महत्वता को भी बताया जाएगा तथा संगीतमय प्रस्तुति होगी, विस्तार से बताया गयाद्य महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छ पर्व मनाने के लिए जन-जन को जागरूक किया जा रहा है, हिंडन छठ घाट पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई होर्डिंग भी लगाए गए है, कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी जिम्मेदारी के साथ-साथ श्रद्धा भाव से भी छठ पर्व में जुड़े हुए दिखाई दे रहे हैं जो की सराहनीय हैं।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत एवं सरदार पटेल जयंती पर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भाजपा की जिला योजना बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**




भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा एक भारत- श्रेष्ठ भारत विषय पर केंद्रित जिला योजना बैठक का आयोजन आई.टी.एस. कॉलेज, मोहन नगर में किया गया। यह बैठक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन भारत की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता का प्रेरणास्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है जहाँ हर नागरिक आत्मनिर्भर और सशक्त हो। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल और विकसित भारत पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से आने वाले महीनों में जनसंपर्क, आत्मनिर्भरता अभियान, सेवा कार्य और विकास संवाद जैसे कई कार्यक्रमों को गति देगी। सरदार पटेल जी के आदर्श ही संगठन की शक्ति हैं – हमें उनके मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण को नई दिशा देनी है। बैठक में जनप्रतिनिधि गण, महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आशु वर्मा, राजा वर्मा, आशा शर्मा, मानसिंह गोस्वामी, बॉबी त्यागी, सुशील गौतम जी, अमर दत्त शर्मा, महेश अग्रवाल, अरविंद भारतीय, एस.पी. सिंह, प्रदीप चौधरी (महानगर मीडिया प्रभारी), धीरज अग्रवाल (सह-मीडिया प्रभारी), सचिन डेढ़ा (युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं संयोजक) तथा नवनीत मित्तल (सह-संयोजक) भी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादक: इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)